Page 11 खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09 देश






भारत की एफआईएच प्रो लीग में पहली जीत, ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में हराया

राष्ट्रपति 19 मार्च को आएंगी अयोध्या राम मंदिर, करेंगी राम नाम की पट्टिका की स्थापना

शुक्ल पक्ष, विष्टि, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 27 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 88 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,48,200 | ₹ 2,85,000 |



## आज का इतिहास

**2002 :** भारत के गोधरा में ट्रेन के स्टेशन से निकलने के बाद साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई, जिसमें 55 से अधिक हिंदू श्रद्धालु मारे गए।

**2002 :** गुजरात, भारत में एक हिंसक दंगा, जिसमें कम से कम 1,000 लोग (ज्यादातर मुस्लिम) मारे गए थे, एक ट्रेन में आग लग गई थी।

## न्यूज बाइट्स

### पहली बार पटना शहर के अंदर दौड़ी मेट्रो

**पटना (नि.सं.)।** पटना में मेट्रो परियोजना ने एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। गुरुवार को पहली बार शहर के अंदर भूतनाथ मेट्रो स्टेशन से खेमनीचक होते हुए मलाही पकड़ी तक मेट्रो ट्रेन का सफल ट्रायल रन किया गया। इस दौरान तकनीकी परीक्षण के कारण आम यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा अस्थायी रूप से बंद रखी गई। अधिकारियों के अनुसार भूतनाथ और मलाही पकड़ी के बीच करीब 2.75 किलोमीटर लंबे नए सेक्शन पर अलग-अलग गति से मेट्रो चलाकर ट्रैक की क्षमता, ब्रेकिंग सिस्टम, सिग्नलिंग और स्टेशनों के बीच समन्वय की बारीकी से जांच की गई। इस ट्रायल को पटना मेट्रो परियोजना के विस्तार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। वर्तमान में भूतनाथ से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल के बीच करीब 3.45 किलोमीटर एलिवेटेड ट्रैक पर मेट्रो का परिचालन जारी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमांचल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कहा

# सीमांचल से घुसपैठियों को बाहर करने का मिशन होगा शुरू : अमित शाह

- घुसपैठ, तस्करी रोकने को एसएसबी व प्रशासन सक्रिय

निज संवाददाता | किशनगंज/अररिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमांचल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि घुसपैठियों को बाहर करने का मिशन जल्द शुरू किया जाएगा। अररिया में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ के कारण सीमांचल की डेमोग्राफी प्रभावित हुई है और सीमा सुरक्षा के साथ-साथ स्मगलिंग व नार्कोटिक्स गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। गृह मंत्री ने कहा कि खुली सीमा की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है, इसलिए जवानों के लिए स्पष्ट स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार किया जाना चाहिए, ताकि निचले स्तर से ही सतर्कता बनी रहे। उन्होंने जवानों से सीमांत गांवों के लोगों के साथ संवाद मजबूत करने पर भी जोर दिया, जिससे सही सूचनाएं समय पर मिल सकें। अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार सीमा पर तैनात जवानों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जवानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में लगे हर जवान का परिवार सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल जैसे मित्र देश के साथ सीमा होने के बावजूद देशविरोधी तत्व उस रास्ते का इस्तेमाल कर सकते हैं, इसलिए सतर्कता जरूरी है। अपने संबोधन के दौरान गृह मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सावरकर को आजादी की लड़ाई का निडर योद्धा बताते हुए कहा कि उनके साहित्य और विचारों ने देश में राष्ट्रभावना को मजबूत किया।



### तीन दिवसीय सीमांचल दौरा

गृह मंत्री सीमांचल के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को उन्होंने किशनगंज में रात्रि विश्राम किया। गुरुवार सुबह अररिया रवाना होने से पहले उन्होंने स्थानीय हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर के बाहर मौजूद लोगों ने जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाए। शुक्रवार को उनका कार्यक्रम पूर्णिया में निर्धारित है, जहां वे विभिन्न प्रशासनिक बैठकों और जनसभाओं में हिस्सा लेंगे।

करीब छह घंटे के दौरे में गृह मंत्री ने सीमा चौकियों का निरीक्षण, नव निर्मित भवनों का उद्घाटन और सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक भी की। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। नेपाल बॉर्डर की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसएसबी के पास है और बिहार से सटी सीमा की लंबाई करीब 729 किलोमीटर है। गौरतलब है कि पिछले तीन वर्षों में यह अमित शाह का दूसरा किशनगंज दौरा है। इससे पहले सितंबर 2022 में भी उन्होंने यहां सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की थी।

### 10 किलोमीटर दायरे में कार्रवाई की तैयारी

गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से 10 किलोमीटर के दायरे में बने अवैध निर्माणों को चिह्नित कर ध्वस्त किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही विशेष कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जीटी रोड पर स्कॉर्पियो और ट्रक की टक्कर में दो की मौत, आठ घायल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत देव मोड़ के पास गुरुवार दोपहर स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे।ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट योजना मृतकों की पहचान बलिया निवासी स्वर्गीय प्रभुनाथ गुप्ता के लगभग 50 वर्षीय पुत्र तेज नारायण गुप्ता और धनबाद के बाघमारा निवासी डोमन चौहान के लगभग 30 वर्षीय पुत्र विकास कुमार चौहान के रूप में की गई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन में बुरी तरह फंस गए और काफी प्रयास के बावजूद उन्हें समय पर बाहर नहीं निकाला जा सका, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घायलों में धनबाद के बरोड़ा निवासी तरुण कुमार का पुत्र अमित कुमार, धनु बाबरी का पुत्र दिलीप कुमार, राजेश कुमार, बाघमारा निवासी चालक स्वर्गीय भगवान साव के पुत्र दीनबंधु प्रसाद, उनकी पत्नी फुलवंती देवी, पवन कुमार का पुत्र शिवशंकर कुमार तथा मृतक तेज नारायण गुप्ता की पत्नी निशा देवी शामिल हैं। सभी घायलों को पहले सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। कुछ घायलों को सरकारी एंबुलेंस से तो कुछ को निजी एंबुलेंस से भेजा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक पहले से ब्रेकडाउन की स्थिति में खड़ा था। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के चालक को झपकी आने से वाहन पर से नियंत्रण हट गया और वह सीधे ट्रक से जा टकराई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। संयोगवश उस समय वहां से गुजर रहे जिला पार्षद शंकर यादवेंदु भी मौके पर पहुंच गए और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाने में सहयोग किया। उन्होंने पुलिस और अस्पताल प्रशासन को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को वाहन से बाहर निकालकर हाईवे एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शवों का पोस्टमार्टम कराया।

सदर अस्पताल में घायल चालक दीनबंधु प्रसाद ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ धनबाद से उत्तर प्रदेश के बलिया में एक होटल में आयोजित भगीनी की शादी में शामिल होने गए थे। 24 फरवरी की रात धनबाद से रवाना होकर 25 फरवरी की सुबह बलिया पहुंचे थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वे वापस धनबाद लौट रहे थे। चालक ने बताया कि शादी की थकान और नींद पूरी नहीं होने के कारण रास्ते में उनकी आंख लग गई।

ऊर्जा सचिव ने अधिकारियों व एजेंसियों को दिए कड़े निर्देश

# स्मार्ट मीटरिंग को लेकर सरकार सख्त, 31 मार्च तक काम पूरा करने का अल्टीमेटम



निज संवाददाता | पटना

बिहार में बिजली वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और हाईटेक बनाने के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग ने स्मार्ट मीटरिंग कार्यों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को विद्युत भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में ऊर्जा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी के सीएमडी मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों और एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि 31 मार्च तक स्मार्ट मीटरिंग, डीटी मीटरिंग और कंज्यूमर टैगिंग का कार्य हर हाल में शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा सचिव ने सभी विद्युत अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे डीटी मीटरिंग और कंज्यूमर टैगिंग कार्यों का कम से कम 10 प्रतिशत रैंडम वेरिफिकेशन स्वयं करें। इससे जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति सामने आएगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी।

बैठक के दौरान उपभोक्ता टैगिंग प्रक्रिया में शत-प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। ऊर्जा सचिव ने कहा कि टैगिंग में किसी भी प्रकार की त्रुटि भविष्य में बिलिंग और वितरण प्रणाली को प्रभावित कर सकती है, इसलिए इसे पूरी सावधानी के साथ पूरा किया जाए।

पटना में ससुराल पक्ष ने आरोपी के घर पहुंचकर किया हंगामा

# पत्नी व तीन बेटियों की गला रेतकर हत्या, पति फरार

निज संवाददाता | बाढ़(पटना)



दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में एक ही परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या से सनसनी फैल गई है। किराए के कमरे में सो रही महिला और उसकी तीन मासूम बेटियों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान अनीता (32), अनुष्का (5), मुस्कान (4) और पल्लवी के रूप में हुई है। पुलिस पति मुनचुन केवट को मुख्य संदिग्ध मानते हुए उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार चंदन पार्क स्थित गली नंबर-3 में हुई इस वारदात में चारों का गला इतनी बेरहमी से काटा गया कि उनकी श्वास नली तक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद से आरोपी पति फरार है। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद, अवैध संबंध या बेटे की चाह जैसे संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है। बताया जाता है कि मुनचुन केवट दिल्ली के आजादपुर सब्जी मंडी में सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करता था। वह पिछले करीब दो वर्षों से पत्नी और बच्चों के साथ दिल्ली में रह रहा था। परिवार करीब आठ महीने पहले ही बिहार से दिल्ली गया था।

### नशीला पदार्थ देकर हत्या की आशंका

जांचकर्ताओं का मानना है कि वारदात से पहले पीड़ितों को संभवतः नशीला पदार्थ दिया गया था, क्योंकि घटना के दौरान आसपास किसी को चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई नहीं दी। पुलिस और एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही पटना जिले के बाढ़ स्थित आरोपी के गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। मृतका के मायके वालों ने आरोपी के घर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट की। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रण में आई, जिससे आरोपी के पिता और भाई को गंभीर नुकसान होने से बचाया जा सका। ग्रामीणों के अनुसार मुनचुन के माता-पिता गांव में रहकर खेती करते हैं, जबकि उसके भाई दिल्ली में मजदूरी करते हैं। आरोपी के चाचा दयानंद प्रसाद ने बताया कि पति-पत्नी के बीच किस बात को लेकर विवाद था, इसकी स्पष्ट जानकारी परिवार को नहीं है। उन्होंने कहा कि घटना की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी।

राजस्व वसूली में ढिलाई पर परिवहन विभाग सख्त

# डीटीओ-एडीटीओ समेत 40 अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस

निज संवाददाता | पटना

वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित राजस्व लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं होने पर बिहार परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभागीय समीक्षा में कई जिलों में राजस्व संग्रहण की गति बेहद धीमी पाए जाने के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ), अपर जिला परिवहन पदाधिकारी (एडीटीओ), मोटर वाहन निरीक्षक (एमभीआई) और प्रवर्तन अवर निरीक्षक सहित कुल 40 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। परिवहन विभाग ने संबंधित अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर लिखित जवाब देने का निर्देश दिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्रपत्र 'क' गठित कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करना जिला स्तर के पदाधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और लक्ष्य से पीछे रहना प्रशासनिक शिथिलता माना गया है। राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के लिए सभी जिलों को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

### इन जिलों के अधिकारियों को मिला नोटिस

**डीटीओ :** भागलपुर, छपरा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पटना, सीतामढ़ी, किशनगंज, अरवल, रोहतास, समस्तीपुर।

**एडीटीओ :** किशनगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, पटना, वैशाली, भोजपुर, सीवान, मोतिहारी।

**एमभीआई :** मुजफ्फरपुर, बेतिया, नवादा, मोतिहारी, मधुबनी, सीतामढ़ी, पटना, गया।

**प्रवर्तन अवर निरीक्षक :** भोजपुर, नवादा, मधेपुरा, लखीसराय, सुपौल, मधुबनी, बेतिया, बक्सर, मुजफ्फरपुर।

# राष्ट्रपति ने श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र का किया भूमि पूजन



निज संवाददाता | जमशेदपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को जमशेदपुर के कदमा (मरीन ड्राइव) स्थित प्रस्तावित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के मंदिर निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा पूरी मानवता पर बिना किसी भेदभाव के समान रूप से बरसती है और महाप्रभु का दरबार समरसता तथा समानता का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन की शुरुआत 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष के साथ करते हुए कहा कि जगन्नाथ संस्कृति में जाति, वर्ग या ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने लोकप्रचलित उक्ति 'जगन्नाथ के भात, जगत पसारे हाथ' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परंपरा सामूहिकता और साझा जीवन मूल्यों का संदेश देती है, जहां सभी लोग एक साथ महाप्रसाद ग्रहण कर सामाजिक समरसता का अनुभव करते हैं। भूमि पूजन के समय को उन्होंने ईश्वरीय संयोग बताते हुए विश्वास जताया कि यह केंद्र सामाजिक जागरण और सांस्कृतिक चेतना का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

उन्होंने कहा कि जैसे रथयात्रा के दौरान प्रभु अपनी इच्छा से नंदीघोष रथ पर विराजमान होते हैं, उसी प्रकार इस मंदिर निर्माण की शुरुआत भी उचित समय पर हुई है। राष्ट्रपति ने जगन्नाथ संस्कृति को जनजातीय और गैर-जनजातीय परंपराओं के अद्भुत समन्वय का उदाहरण बताते हुए सबर जनजाति के राजा विश्वावसु और ब्राह्मण विद्यापति की कथा का उल्लेख किया तथा सामाजिक एकात्मता की विरासत को रेखांकित किया। 'दारुब्रह्म' स्वरूप का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लकड़ी के देवता के रूप में भगवान जगन्नाथ प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण-सम्मत जीवन शैली का संदेश देते हैं, जो आदिवासी समाज की मूल चेतना से जुड़ा है।



# ककोलत महोत्सव आज सजेगी सुरों की महफ़िल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## डीएम ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा



**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने ककोलत महोत्सव 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में की जा रही तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं एवं प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर को निर्देश दिया कि स्टेडियम परिसर में समुचित बैरिकेडिंग की जाए तथा दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित एवं सुचारु बनी रहे। साथ ही गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षित प्रवेश एवं निकास, पेयजल, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम स्थल के महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित कर निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ करने को भी कहा गया।

आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन, नवादा को निर्देश दिया कि कार्यक्रम अवधि के दौरान एम्बुलेंस, चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति तथा आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। वहीं कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नवादा को निर्देशित किया गया कि पूरे स्टेडियम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई अपने सफाईकर्मियों के माध्यम से समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से कराई जाए, ताकि आगंतुकों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में ककोलत महोत्सव 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याएं, लोक कला प्रस्तुतियां एवं विविध आकर्षक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 27 फरवरी 2026 को सुप्रसिद्ध गायक सलमान अली अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे, जिसमें पंचायत सीरीज़ के चर्चित 'माधव' यानी श्री बुल्लू कुमार की भी उपस्थिति रहेगी, जबकि 28 फरवरी 2026 को लोकप्रिय गायक कुमार सत्यम की प्रस्तुति से सांस्कृतिक संध्या और अधिक आकर्षक एवं यादगार बनेगी।साथ ही 01 मार्च 2026 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे से खेल भवन, नवादा में फरोग-ए-उर्दू सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी, प्रभारी सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, अंचल अधिकारी नवादा सदर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वर्षों से था अतिक्रमण,पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में हटाया गया

## एसडीएम के आदेश के बाद हुई कार्रवाई



पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण को हटाते जेसीएबी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 के बांके मोड़ स्थित एक अतिक्रमण वाली भूमि को पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमणमुक्त किया गया। इस दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में मनरेगा पीओ विजय रंजन परमार एवं एसआई नूर आलम के साथ सशस्त्र बल मौजूद रहे। अतिक्रमण को जेसीबी मशीन एवं मानव बल की सहायता से हटाया गया। बेदखली वाद संख्या 01/2023-24 के तहत अंचलाधिकारी द्वारा रामदासी मौजा के थाना संख्या 182 में अवस्थित सुखदेव साव के पुत्र संजय कुमार की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करने की बात सामने आई थी। अतिक्रमण को हटाने को लेकर पूर्व में भी प्रशासनिक पहल की गई थी, किंतु अतिक्रमणकारी द्वारा एक सप्ताह के समय की मांग की गई थी। अतिक्रमणकारी द्वारा मांगा गया एक सप्ताह लगभग 6 माह में तब्दील हो गया। इस दौरान वादी द्वारा पुनः प्रशासन के दरवाजे को खटखटाया गया। प्रशासन ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए बेदखली वाद पर सुनवाई करते हुए 26 फरवरी को मजिस्ट्रेट और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति कर अतिक्रमण को हटाने और वादी को दखल दिलाने का आदेश दिया गया। मजिस्ट्रेट सह पीओ विजय रंजन परमार ने बताया कि एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन के आदेश पर पुलिस बलों के सहयोग से अतिक्रमणयुक्त भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया एवं संजय कुमार को अपनी भूमि पर दखल दिलाया गया। इस दौरान स्थल के समीप पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा। वहीं वादी के परिजन संदीप कुमार ने बताया कि किराए पर दी गई भूमि पर जबरन अतिक्रमण कर लिया गया था,जिसे प्रशासन के सहयोग से हटाया गया है।

# नरहट में जीविका दीदी अधिकार केंद्र का हुआ उद्घाटन




केंद्र का उद्घाटन करते बीडीओ एवं अन्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। गुरुवार को जीविका दीदी अधिकार केंद्र का उद्घाटन जीविका के जिला पारियोजना प्रबंधक, नरहट के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार एवं जीविका दीदियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। नरहट प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित इस केंद्र का संचालन सफल जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर स्वागत संबोधन में जीविका के प्रबंधक सामाजिक विकास संतोष कुमार ने बताया कि यह केंद्र महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए बनाया गया है। यहां महिलाएं अपनी परेशानियां खुलकर बता सकेंगी। यह केंद्र चार मुख्य बिंदुओं पर काम करेगा, महिला हिंसा उन्मूलन, बाल विवाह रोकथाम, लड़कियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा और महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जुड़ाव। इसका उद्देश्य लिंग आधारित हिंसा रोकना और महिलाओं को उनके अधिकार दिलाना है। यह केंद्र महिला थाना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सखी वन स्टॉप सेंटर जैसी संस्थाओं से समन्वय कर महिलाओं को जरूरी सहायता दिलवाने में सहायता करेगा ।केंद्र का संचालन समन्वयक जीविका दीदी करेंगी। ग्रामीण और पंचायत स्तर पर सक्षमा दीदी जरूरतमंद महिलाओं को अधिकार केंद्र से जोड़कर सहायता उपलब्ध कराएंगी।

> ♦ यह केंद्र पुलिस, विधि, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे सरकारी विभागों से जुड़कर पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान करेगा

जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार सुमन ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए बनाया गया है। यहां महिलाएं अपनी परेशानियां खुलकर बता सकेंगी। यह केंद्र लैंगिक भेदभाव, घरेलू हिंसा और लैंगिक समानता से जुड़े मुद्दों पर महिलाओं को सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं में शिक्षा का अभाव है, इसलिए इस पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है I

**क्या कुछ बोले बीडीओः** इस अवसर पर नरहट के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि इस केंद्र का लाभ जीविका दीदियों के साथ-साथ प्रखंड की अन्य महिलाएं भी उठा सकेंगी। यह केंद्र पुलिस, विधि, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे सरकारी विभागों से जुड़कर पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर नरहट के थानाध्यक्ष ने हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन क्षेत्रीय समन्वयक पुष्पा कुमारी ने किया I वहीं धन्यवाद ज्ञापन प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक गीतिका कुमारी ने किया I उद्घाटन समारोह में जीविका के प्रबंधक - संचार राजीव रंजन, क्षेत्रीय समन्वयक नवीस सवरण , सामुदायिक समन्वयक कृतम कुमार, सोनु कुमार, जीविका के कैडर एवं दीदियाँ उपस्थित थे I

# समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा, लक्ष्य प्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा**। समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम बैठक में जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं पोषण ट्रैकर की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने डीपीओ, आईसीडीएस एवं सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्रों का लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया। डीपीओ, आईसीडीएस द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण लक्ष्य के अनुरूप कम पाया गया। हिसुआ, मेसकौर एवं पकरीबरावां प्रखंडों द्वारा निरीक्षण सबसे कम किया गया है, जिस पर जिला पदाधिकारी ने डीपीओ, आईसीडीएस एवं सभी सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण लक्ष्य के अनुसार करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कौआकोल एवं रोह की प्रगति सबसे कम पाई गई। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को तीन दिनों के अंदर प्रपत्रों का संग्रह कर पोर्टल पर प्रविष्टि करते हुए प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में सबसे न्यूनतम उपलब्धि रोह, रजौली एवं अकबरपुर में पंजीकरण कम पाया गया, जिसे लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया।

आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण की स्थिति की समीक्षा में बताया गया कि कुल 23 केंद्रों के निर्माण के लिए राशि विभाग से प्राप्त है। जिला पदाधिकारी ने इन केंद्रों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) को अविलंब आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीपीओ, मनरेगा द्वारा बताया गया कि चिन्हित एवं उपयुक्त भूमि का सीमांकन कर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ संचालन एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ही जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सूचकांकों में अपेक्षित सुधार संभव है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि विगत समीक्षा के पश्चात पेंशन एवं गैर-पेंशन योजनाओं की प्रगति में सुधार हुआ है, किंतु बीपीएल परिवारों से संबंधित योजनाओं में लक्ष्य प्राप्ति हेतु और अधिक तीव्र गति से कार्य करने की आवश्यकता है। जिला पदाधिकारी ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में लक्ष्य के विरुद्ध खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण कराने का निर्देश सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को दिया। इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रभारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को निर्देश दिया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित कराएं तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई करें।

बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग अंतर्गत संचालित परवरिश योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, संबल योजना एवं यूडीआईडी परियोजना आदि की भी विस्तृत समीक्षा की गई। परवरिश योजना के अंतर्गत लाभुकों की संख्या बढ़ाने हेतु सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग को निर्देशित किया गया कि वे प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के माध्यम से पंचायत एवं ग्राम स्तर पर कर्मियों द्वारा अनाथ एवं पात्र बच्चों का सर्वेक्षण कराते हुए पात्रता के अनुसार आवेदन सृजित कराएं। इस अवसर पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग, डीपीओ, आईसीडीएस, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ (मनरेगा) सहित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पार्टी को मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने शुरू किया संगठन सृजन अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




वारिसलीगंज विधानसभा के प्रधान कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर चर्चा की गई।

प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय पर्यवेक्षक जिला प्रभारी जयशंकर पाठक, प्रदेश प्रभारी किशोर कुमार मुन्ना, जिला प्रवक्ता कृष्ण कुमार प्रभाकर , प्रवक्ता सुल्तान अंसारी, नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह उपस्थित रहे। उपस्थित पार्टी नेताओं के द्वारा पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की गई। जिसके लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं को नेतृत्व करने में सक्षम युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर बल दिया गया। बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष आमेर खान ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी पार्टी को मजबूत करने के लिए जमीनी कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संगठन को मजबूती प्रदान करने जिसके लिए जिला से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर तक नेतृत्वकर्त्ता कार्यकर्ताओं का चयन किया जाना है। इसके लिए पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जुट जाने का आह्वाहन किया। मौके पर नगर अध्यक्ष द्रोण प्रसाद, सुंदर प्रसाद कुशवाहा, अंजनी कुमार पप्पू, अनिल सिंह ,कृष्ण कुमार प्रभाकर, पंकज कुमार, विकास कुमार, अनिल कुमार, राजेश चौधरी, पुरुषोत्तम कुमार, निशांत कुमार, गणेश सिंह ,संजय सिंह, राकेश कुमार, नितेश कुमार, धनंजय कुमार ,शकील अंजुम, करू रविदास, संजय कुमार मनोज कुमार, दिनेश सिंह, राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# धूम धाम से निकाली गयी खाटू श्याम की निशान यात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज**। वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र में मारवाड़ी समाज के श्री श्याम भक्त मंडल ने गुरुवार को फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर अपने आराध्य श्री खाटू वाले श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा एवं कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। यात्रा की शुरुआत गुमटी रोड स्थित दुर्गा माता रानी मंदिर के प्रांगण से हुई। यहां राधा-कृष्ण एवं बाल गोपाल की झांकी के साथ पूजा-अर्चना के बाद निशान यात्रा शुरू की गई। समाज के पुरुष, महिलाएं एवं युवा पीले वस्त्र पहनकर हाथों में श्री श्याम की फोटो युक्त निशान लेकर झूमते-नाचते शामिल हुए। डीजे एवं पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर भजन-कीर्तन गाते हुए सभी लयबद्ध हो रहे थे। रास्ते में एक-दूसरे पर रंग-बिरंगा गुलाल लगाकर भक्ति भाव में डूबे श्रद्धालु नजर आए।





यात्रा का मार्ग गुमटी रोड से शुरू होकर सब्जी मंडी, पुरानी बैंक रोड, उत्तर बाजार, मेन रोड, ठाकुरवाड़ी रोड होते हुए श्री महेश सुल्तानिया के प्रांगण में समाप्त हुआ। आकर्षण का केंद्र रहा कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा श्री श्याम, राधिका एवं सखियों का रूप धारण कर निकाली गई भव्य झांकी। शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें धनबाद के प्रसिद्ध भजन गायक कंचन पांडे, कृष मित्तल एवं विवेक अग्रवाल अपनी प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई अध्यक्ष कन्हैया तंबाकू वाला, सचिव पवन बंका, उपसचिव मनीष कमलिया, कोषाध्यक्ष दिनेश सुल्तानिया ने। अन्य प्रमुख सदस्यों में रविन्द्र शर्मा, अंकित, केशव, मुकुंद, प्रेम अग्रवाल, टुनटुन ड्रोलिया, अनंत कमलिया, मयंक कमलिया, पंकज बंका, आरव, सुजाता, अनीता कमलिया, सोनू शर्मा, जूही, आम्रपाली, आशा जैन, अंजू, सोनल, नीतू, मीतू, ध्रुव, मनोज तंबाकूवाला, पुरोहित रमाकांत शर्मा आदि शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था में वारिसलीगंज थाना के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर विजय कुमार तिवारी ने सहयोग किया। कार्यक्रम में पत्रकार मिथलेश कुमार, प्रदीप कुमार एवं सानु सिंह सहित सैकड़ो लोग भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### धूम धाम से निकाली गयी खाटू श्याम की निशान यात्रा

**वारिसलीगंज**। नगर परिषद क्षेत्र में मारवाड़ी समाज के श्री श्याम भक्त मंडल ने गुरुवार को फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर अपने आराध्य श्री खाटू वाले श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा एवं कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। यात्रा की शुरुआत गुमटी रोड स्थित दुर्गा माता रानी मंदिर के प्रांगण से हुई। यहां राधा-कृष्ण एवं बाल गोपाल की झांकी के साथ पूजा-अर्चना के बाद निशान यात्रा शुरू की गई। समाज के पुरुष, महिलाएं एवं युवा पीले वस्त्र पहनकर हाथों में श्री श्याम की फोटो युक्त निशान लेकर झूमते-नाचते शामिल हुए। डीजे एवं पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर भजन-कीर्तन गाते हुए सभी लयबद्ध हो रहे थे। रास्ते में एक-दूसरे पर रंग-बिरंगा गुलाल लगाकर भक्ति भाव में डूबे श्रद्धालु नजर आए। यात्रा का मार्ग गुमटी रोड से शुरू होकर सब्जी मंडी, पुरानी बैंक रोड, उत्तर बाजार, मेन रोड, ठाकुरवाड़ी रोड होते हुए श्री महेश सुल्तानिया के प्रांगण में समाप्त हुआ। आकर्षण का केंद्र रहा कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा श्री श्याम, राधिका एवं सखियों का रूप धारण कर निकाली गई भव्य झांकी। शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें धनबाद के प्रसिद्ध भजन गायक कंचन पांडे, कृष मित्तल एवं विवेक अग्रवाल अपनी प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई अध्यक्ष कन्हैया तंबाकू वाला, सचिव पवन बंका, उपसचिव मनीष कमलिया, कोषाध्यक्ष दिनेश सुल्तानिया ने। अन्य प्रमुख सदस्यों में रविन्द्र शर्मा, अंकित, केशव, मुकुंद, प्रेम अग्रवाल, टुनटुन ड्रोलिया, अनंत कमलिया, मयंक कमलिया, पंकज बंका, आरव, सुजाता, अनीता कमलिया, सोनू शर्मा, जूही, आम्रपाली, आशा जैन, अंजू, सोनल, नीतू, मीतू, ध्रुव, मनोज तंबाकूवाला, पुरोहित रमाकांत शर्मा आदि शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था में वारिसलीगंज थाना के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर विजय कुमार तिवारी ने सहयोग किया। कार्यक्रम में पत्रकार मिथलेश कुमार, प्रदीप कुमार एवं सानु सिंह सहित सैकड़ो लोग भी मौजूद रहे।

### दिल्ली सेन्ट्रल स्कूल में एक दूसरे को ग़ुलाल लगा धूम धाम से मनाया होली




**नवादा**। दिल्ली सेन्ट्रल स्कूल, आनन्द नगर (कोनिया) में वार्षिक परीक्षाओं के समापन और होली की छुट्टियों से पहले एक उत्साहपूर्ण होली समारोह आयोजित किया गया। बच्चों ने पारंपरिक अबीर और गुलाल लगाकर होली खेली, रंगों से एक-दूसरे को रंग-बिरंगा बनाया और शिक्षकों के साथ मिलकर तहवार का आनंद लिया। यह कार्यक्रम बहुत ही उल्लास और खुशी के माहौल में संपन्न हुआ। विद्यालय की प्राचार्या अर्चना सिन्हा, निदेशक प्रेम सिन्हा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। प्राचार्या ने बच्चों को पानी की बर्बादी न करने, फूलों और गीले रंगों का कम इस्तेमाल करने, तथा एक-दूसरे का सम्मान करते हुए होली खेलने की सलाह दी। साथ ही, होली के सांस्कृतिक महत्व और एकता, प्रेम व खुशी के संदेश को बच्चों तक पहुंचाया गया। समारोह में छात्र-छात्राएं जैसे पांडेय सर, संजीव कुमार, रितेश कुमार, खुशी कुमारी, कुमारी पूजा, रेखा कुमारी, आरुषि कुमारी, सोनम कुमारी, गुड़िया कुमारी, गोलू कुमार, गुलशन कुमार सहित सभी बच्चे उत्साह से शामिल हुए। यह आयोजन बच्चों में त्योहार की भावना, पर्यावरण संरक्षण और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का शानदार अवसर साबित हुआ। होली की रंगीन खुशियां और यादें बच्चों के चेहरों पर बनी रहीं।

### अहंकार गलत राह दिखाता है, अंतरात्मा सही मार्ग — जामवंत शास्त्री



**करगहर (रोहतास)**। प्रखंड के परानडीहरा गांव में आयोजित शिव शक्ति महायज्ञ के 11वें अधिवेशन में गुरुवार को प्रवचन करते हुए मानस विद्वान जामवंत शास्त्री ने कहा कि मनुष्य का अहंकार उसे गलत कार्यों की ओर धकेलता है, जबकि उसकी अंतरात्मा हमेशा उसे सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि अंतरात्मा व्यक्ति को बुरे आहार और बुरी संगत से दूर रहने के लिए सचेत करती है, लेकिन जब व्यक्ति अहंकार के प्रभाव में आ जाता है तो वह गलत आचरण करने लगता है और उसके संस्कार कमजोर पड़ जाते हैं। शास्त्री ने बताया कि मनुष्य के भीतर चेतन, अवचेतन और अचेतन तीन प्रकार के मन होते हैं। साधना के माध्यम से अचेतन मन को जागृत कर पूर्व जन्म के कर्मों तक की अनुभूति की जा सकती है। मन में अहंकार और अंतरात्मा दोनों का वास होता है—एक गलत दिशा में ले जाता है, तो दूसरा रोकता है। उन्होंने कहा कि सत्य और असत्य का निर्णय व्यक्ति के संस्कारों पर निर्भर करता है। धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य, सुख-दुख और दिन-रात एक-दूसरे के पूरक हैं। जीवन में स्थायी सुख, शांति और समृद्धि के लिए परमात्मा की आराधना आवश्यक है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जैसे सफेद कपड़े पर छोटा सा दाग भी साफ दिखाई देता है, वैसे ही अच्छे व्यक्ति की छोटी भूल भी स्पष्ट दिखती है। इसलिए माता-पिता को बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने चाहिए, क्योंकि यही संस्कार परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति का आधार बनते हैं। महायज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं और साधु-संतों के ठहरने, भोजन तथा नाश्ते की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रकाश और सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा और प्रवचन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद और पेयजल भी वितरित किया जा रहा है।

### पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना

**मेहसी**। अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को सीपी आई कार्यकर्ताओ ने प्रखण्ड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया । धरना को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र एवम राज्य की सरकार निरंकुश हो चुकी है एक तरफ गरीब मजदूर के हितैषी की बात करती है दूसरी तरफ गरीबो का घर बुलडोजर से गिरारहि है । वोट एवम सत्ता के लोभ में एक दूसरे को लड़ाने का काम कररही है सरकार । कामरेड भिखारी गिरी ने कहा बिहार में हत्या अपहरण डकैती, चोरी की का ग्राफ काफी बढ़ गया लोग दहशत के माहौल में जी रहे लेकिन सत्ता में बैठे दल के लोग शुशाशन का राज्य बता रहे क्या यही सुशाशन है। पूर्व सांसद प्रतेयाशी सह सीपीआई के प्रखण्ड अध्यक्ष राम चन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि केंद्र एवम राज्य की सरकार से जनता अब ऊब चुकी है देश मे नफरती माहौल बनगया है गरीबो के घर बुलडोजर से गिराए जारहे है ,अफसर शाही चरम पर है अगर कोई अपने हक़ के लिए आवाज़ उठाता है तो उसपर गलत मोकदमा कर जेल भेज दिया जाता है । सभा को कामरेड रामायण सिंह,धिकल राम,भरत राम सहित कई लोगो ने सम्बोधित किया। मांगो में मुख्य रूप से बिहार सरकार की ज़मीन पर बसे भूमिहीनों के घरों पर चलाये जारहे बुलडोजर पर रोक लगाने। भूमि रहित परिवारों को अभियान चलाकर ज़मीन मोहइया कराकर पक्का मकान देने,मनरेगा योजना का नाम बदलकर वीबी जी राम जी योजना नाम को वापस लेने,यूरिया के काला बाजारी पर रोक लगाने ,बेतिया राज की ज़मीन पर बसे सभी लोगों को मालिकाना हक दिए जाने ,अंचल कार्यालय में ज़मीन के कागजातों के सुधार के नाम पर होरहे लूट खसोट बन्द कराने, नीलगाय के द्वारा किसानों के फसल की की गई छती का मोआवज़ा देने सहित पांच मांगे शामिल है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में पुलिस वाले के घर में चोरी, पूरा परिवार शादी में गांव गया था, चोर जेवरात और 2 लाख नगद ले गए



**नालन्दा।** नालंदा में पुलिस वाले के घर में चोरी हो गई है। बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित सुधीर कुमार भागलपुर पुलिस में पीटीसी हैं। सुधीर की पत्नी सीमा कुमारी ने कहा कि 24 फरवरी की शाम हमलोग चचेरे देवर की शादी में पैतृतक गांव सारे थाना क्षेत्र के कैला गांव गए थे। इसी बीच बदमाशों ने मेन गेट का लॉक काटकर घर में चोरी की। घर के अंदर के कमरों में भी ताला लगा था, उसे भी चोरों ने तोड़ दिया। सुबह में पड़ोसी ने चोरी की जानकारी दी। जब गांव से घर लौटे तो सोने-चांदी के जेवरात और करीब 2 लाख नगद गायब थे। चोरी के सामानों में सोने की चैन, मांगटीका, अंगूठी, सोने की कानवाली समेत अन्य जेवरात शामिल है। इसके अलावा टैब, मोबाइल और काशा-पीतल के बर्तन और कागजात भी चोर ले गए। घटना बिहार थाना क्षेत्र के पटेल कॉलेज के पास की है। अनिरुद्ध ठाकुर जो सुधीर कुमार के पड़ोसी हैं और फिलहाल असम राइफल में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर में भी चोरी हुई थी। आसपास नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। कई बार उनकी असामाजिक तत्वों से झड़प भी हो चुकी है, लेकिन पुलिस की शिथिलता के कारण ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। पड़ोसी राजदेव प्रसाद जो पेशे से शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष उनके घर में भी ठीक इसी प्रकार चोरी हुई थी। पहले पुलिस बाइक से गश्त भी लगाती थी, लेकिन अब पुलिस रात्रि गश्ती में डंडी मार रही है। जिसका नतीजा है कि आए दिन इस क्षेत्र में घरों के ताले टूट रहे हैं, चोरी हो रही है। सुधीर कुमार के घर के आसपास कई मकान बने हुए हैं, लेकिन जब रात के वक्त बदमाशों जब मेन गेट का ताला तोड़ रहे थे तो इसकी भनक पड़ोसियों को नहीं लगी, जो संदेह के घेरे में है। बदमाश करीब 3 से 4 घंटे तक घर के अंदर मौजूद रहे और सभी कमरों के ताले और अलमीरा में लगे लॉक को तोड़ते रहे बाबजूद रात के सन्नाटे के बीच आवाज आसपास को लोगों को सुनाई नहीं दी। बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि चोरी का आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस घटनास्थल पर जांच के लिए भी गई थी। एफएसएल की टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया था। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

### नालंदा में होली पर रहेगी विशेष चौकसी तस्करों पर रहेगी प्रशासन की नजर, 1 महीने में 66 दवा दुकानों का हुआ निरीक्षण

**नालंदा।** होली के त्योहार के दौरान नालंदा में नशीले पदार्थों की अवैध खेप और तस्करी को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। आज कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में 'नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर' (NCORD) की जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के मौके पर जिले भर में नशीले पदार्थों की आवाजाही और बिक्री पर पैनी नजर रखी जाए ताकि युवाओं और बच्चों के भविष्य को बर्बादी से बचाया जा सके। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सुरक्षा के लिहाज से सख्त रुख अपनाते हुए थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शराब की बिक्री के साथ-साथ चाय की गुमटियों पर गुपचुप तरीके से ड्रग्स या गांजा बेचने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें।



साथ ही रेलवे स्टेशनों पर सूखे नशे की तस्करी को रोकने के लिए 'फ्रीस्किंग' यानी सघन तलाशी अभियान चलाने का आदेश दिया गया है। नशे की रोकथाम के लिए जिले के दवा प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य कर दिया गया है, जिसका अनुपालन अधिकांश दुकानों में किया जा चुका है। औषधि विभाग की सक्रियता पर चर्चा करते हुए औषधि निरीक्षक ने बताया कि फरवरी महीने में अब तक जिले के 66 दवा प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया है। जांच के दौरान विशेष रूप से नशीली दवाओं और 'एविल' (Avil) व 'बुप्रिनोर्फिन' (Buprenorphine) जैसे इंजेक्शनों के स्टॉक और क्रय-विक्रय अभिलेखों का मिलान किया गया। राहत की बात यह रही कि अब तक जिले में कोडीन युक्त सिरप या प्रतिबंधित बुप्रिनोर्फिन इंजेक्शन नहीं पाए गए हैं। दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस माह कुल 15 नमूनों का संग्रह भी किया गया है। नशे की लत से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर देते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल, बिहारशरीफ में 10 बेड का अत्याधुनिक नशा मुक्ति केंद्र संचालित है। यहां प्रशिक्षित मनोचिकित्सकों की ओर से मरीजों की काउंसलिंग और उपचार की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। विशेष जानकारी के लिए स्वास्थ्य प्रबंधक के मोबाइल नंबर 9835200490 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), पुलिस उपाधीक्षक सहित औषधि विभाग के कई आला अधिकारी मौजूद थे।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में उमड़ा छात्रों का उत्साह, तकनीकी शिक्षा की ओर बढ़े कदम

## विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने आधुनिक प्रयोगशालाएं देखी, करियर संभावनाओं पर ली विस्तृत जानकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गया में गुरुवार को शहर और आसपास के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने गया इंजीनियरिंग कॉलेज का विस्तृत शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर सैकड़ों विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर, शैक्षणिक व्यवस्था और तकनीकी संसाधनों को नजदीक से देखा। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में इंजीनियरिंग शिक्षा को लेकर खास उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। भ्रमण की शुरुआत कॉलेज परिसर के परिचय सत्र से हुई, जहां प्राध्यापकों ने संस्थान की स्थापना, उपलब्ध पाठ्यक्रमों और शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा को आम युवाओं तक पहुंचाने के लिए शुल्क में रियायत और सुविधाओं का विस्तार कर रही है। कम नामांकन शुल्क और पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी मिलने के बाद कई छात्रों ने इंजीनियरिंग को अपने करियर विकल्प के रूप में गंभीरता से लेने की बात कही। कॉलेज के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस शाखाओं के बारे में विस्तार से समझाया। प्रयोगशालाओं में चल रहे प्रैक्टिकल कार्यों को देखकर छात्र-छात्राएं काफी प्रभावित हुए। अत्याधुनिक मशीनें, उपकरण और तकनीकी मॉडल छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। डिजिटल क्लासरूम में स्मार्ट



बोर्ड और प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। लाइब्रेरी का भ्रमण भी छात्रों के लिए खास अनुभव रहा। यहां उपलब्ध हजारों तकनीकी पुस्तकों, जर्नल और ई-लर्निंग संसाधनों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ रिसर्च और इनोवेशन को भी बढ़ावा दिया जाता है। स्टार्टअप सेल के माध्यम से छात्रों को अपने नए विचारों को विकसित करने और उन्हें व्यवसाय के रूप में स्थापित करने का अवसर मिलता है। प्राध्यापकों ने बताया कि इस कॉलेज से पढ़े कई छात्र देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्यरत हैं, जबकि कई विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सरकारी सेवाओं में स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि आज का समय पूरी तरह तकनीक आधारित है और भविष्य में तकनीकी विशेषज्ञों की मांग और बढ़ेगी। ऐसे में इंजीनियरिंग शिक्षा युवाओं के लिए बेहतर करियर का मार्ग खोल रही है। भ्रमण में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नगमा, +2 उच्च विद्यालय पाई विगहा और रामेश्वर प्रसाद +2 उच्च विद्यालय बेलागंज के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विद्यार्थियों ने कहा कि कॉलेज का अनुशासित वातावरण, आधुनिक सुविधाएं और शिक्षकों का मार्गदर्शन उन्हें काफी प्रेरित कर रहा है। कई छात्रों ने भविष्य में इसी संस्थान में नामांकन लेने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सही दिशा में निरंतर प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होती है। शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थियों के भीतर तकनीकी शिक्षा के प्रति नई जागरूकता और आत्मविश्वास का संचार किया।

## विधान परिषद में गूंजा शिक्षकों के ऐच्छिक स्थानांतरण का मुद्दा

# जीवन कुमार बोले– मेरा पूरा जीवन शिक्षक समाज को समर्पित, सरकार ने दिया प्राथमिकता से कार्रवाई का आश्वासन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** पटना में गुरुवार को बिहार विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद जीवन कुमार ने राज्य के शिक्षकों के ऐच्छिक स्थानांतरण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अपने संकल्प के माध्यम से सभी कोटि के शिक्षकों, पुस्तकालयाध्यक्षों और प्रधानाध्यापकों को उनके गृह जिला अथवा निकटतम जिले में पदस्थापित करने की मांग रखी। सदन को संबोधित करते हुए जीवन कुमार ने कहा कि यादृच्छिक चयन प्रक्रिया और शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली में कई व्यावहारिक कमियां सामने आई हैं।

इन कारणों से हजारों शिक्षक अपने मनचाहे विकल्प से वंचित रह गए हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में शिक्षक पिछले 15 वर्षों से स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं और परिवार



से दूर रहकर मानसिक दबाव में कार्य करने को मजबूर हैं। विधान पार्षद ने कहा कि लंबे समय से लंबित इस समस्या का समाधान अब और टाला नहीं जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से बीमार, दिव्यांग और पारिवारिक कठिनाइयों से जूझ रहे शिक्षकों के मामलों को प्राथमिकता देने की मांग की। इस मुद्दे पर सरकार की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया दी गई। संबंधित मंत्री ने सदन में आश्वासन दिया कि वर्तमान सत्र की समाप्ति के तुरंत बाद शेष बचे शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। सरकार के इस स्पष्ट आश्वासन के बाद जीवन कुमार ने अपना संकल्प वापस ले लिया। बाद में मीडिया से बातचीत में जीवन कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षकों को उनके गृह जिले या निकटतम स्थान पर पदस्थापित कराना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की समस्याओं को लेकर वे लगातार संघर्षरत हैं और जब तक शिक्षकों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता, वे सदन से लेकर जनस्तर तक आवाज उठाते रहेंगे। राजनीतिक और शैक्षणिक हलकों में इस पहल को शिक्षक हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शिक्षकों के बीच भी इस मुद्दे पर नई उम्मीद जगी है कि लंबे समय से लंबित स्थानांतरण प्रक्रिया को अब ठोस दिशा मिल सकेगी।

# बारात में महिला से बैड टच करने पर पीट-पीटकर हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में बारात में बैड टच करने के आरोप में एक शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य की तलाश जारी है। आरोप लगाने वाली महिला भी फरार है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नदियौना गांव का है। मृतक की पहचान उपेंद्र मांझी (49) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम एक शादी समारोह के दौरान 25 साल की एक महिला ने मृतक पर बैड टच करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद करीब 15 की संख्या में लोग उपेंद्र मांझी के घर पहुंचे और वहां से खींचकर घर से दूर ले गए। इसके बाद पीट-पीटकर हत्या कर दी। आस पड़ोस के लोगों ने बताया कि आरोपियों की संख्या अधिक होने के कारण किसी ने उपेंद्र मांझी को बचाने की कोशिश नहीं की।

**लाठी-डंडे लेकर टूट पड़ी भीड़ः** उपेंद्र मांझी के बेटे गुलशन कुमार ने बताया कि, बुधवार शाम शादी में डांस करते समय झगड़ा हुआ। महिला को टच करने के बाद मारपीट हुई। फिर दुकानदार उपेंद्र मांझी की लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने घर में तोड़फोड़ भी की। गांव में ही अशोक मांझी के बेटे की बारात आई थी। जिसमें गाना बज रहा था। मेरे पिता बारात से आए और घर में बाइक लगाकर नाचने चले गए।

जहां डीजे की धुन पर नाचने के दौरान गांव के ही हरिमुनि मांझी की बहू को गलती से टच कर दिया। इसके बाद मेरे पिता की हरिमुनि मांझी और उसके घर वालों से नोकझोंक और धक्का मुक्की हुई। फिर पिता लौटकर घर आ गए। पीछे-पीछे हरिमुनि मांझी और करीब 15 अन्य लोग भी घर पहुंच गए और जबरन पिता को कमरे से बाहर निकाल मारपीट करने लगे। उन पर कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे उनका सिर फट गया। जब वह बदमाशों के चंगुल से छूटकर



**नालंदा में बेटा बोला-15 लोग घर से खींचकर ले गए, कुल्हाड़ी से सिर फोड़ा, लाठी-डंडों से मारा**

किसी तरह से नदी की तरफ भागे, तो बदमाश उनका पीछा करते हुए नदी की तरफ भी पहुंच गए और उन पर लाठी-डंडे से हमला कर उनकी हत्या कर दी।'

**बहू बोली- हम डरकर घर में छिप गए थेः** उपेंद्र मांझी की बहू पुनीता देवी ने बताया, 'हरिमुनि मांझी और अन्य लोग उनके दरवाजे पर आ गए और उन लोगों को भी भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। हम लोगों को भी जबरन कमरे से बाहर निकाला जाने लगा। किसी तरह से हमलोगों ने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया, जिसके कारण हमलोगों की जान बच सकी। बदमाश ससुर पर जबरन आरोप लगा रहे थे कि जानबूझकर उन्होंने महिला को टच कर दिया।'

**पूरे शरीर पर चोट के निशान थेः** उपेंद्र की पड़ोसन प्रविला देवी ने बताया, घटना उनके घर से दूर हुई है। क्या हुआ इसकी पूरी जानकारी उन्हें नहीं है। लेकिन शव देखने से लग रहा था कि उपेंद्र मांझी का गला दबा दिया गया है। सिर भी मरोड़ दिया गया था। हाथ और पूरे शरीर में चोट के निशान थे।

**गांव में तनाव का माहौलः** उपेंद्र मांझी के चार बेटे और दो बेटियां हैं। तीन बेटे दूसरे राज्यों में नौकरी करते हैं। उपेंद्र मांझी राशन का दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। घटना के बाद गांव में तनाव बना हुआ है। घर के दरवाजे पर खून से सनी मिट्टी अभी भी मौजूद है। आरोपियों ने घर के समान को भी तोड़ दिया है।

# एनएच-99 पर दो कारों से 677 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त

## झारखंड से लाई जा रही थी शराब, भागने की कोशिश में दबोचे गए दोनों चालक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया जिले में बहेरा थाना पुलिस ने डोभी-चतरा मुख्य मार्ग एनएच-99 पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कारों से 677 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की है। इस मामले में दोनों वाहनों के चालकों को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि गुरुवार को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड की ओर से अवैध शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर थाना गेट के सामने नाकाबंदी कर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान चतरा की ओर से आ रही दो संदिग्ध कारों को रोकने का संकेत दिया गया, लेकिन दोनों चालकों ने वाहन मोड़कर भागने



का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रॉली लगाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया और दोनों गाड़ियों को चारों ओर से घेर लिया। घेराबंदी के कारण चालक भागने में सफल नहीं हो सके और मौके पर ही पकड़ लिए गए।

पहली कार अर्टिगा थी, जिसे झारखंड के चतरा जिले के किशनपुर निवासी विक्की कुमार चला रहा था। तलाशी लेने पर वाहन से 826 बोतल बीयर कुल 413 लीटर, 120 बोतल व्हिस्की कुल 45 लीटर तथा 24 बोतल व्हिस्की कुल 9 लीटर बरामद की गई। दूसरी कार का चालक झारखंड के रांची जिले के रातू थाना क्षेत्र के बगलता नया टोली सिमलिया निवासी लाल बिहारी कुमार निकला। इस वाहन की तलाशी में 480 बोतल व्हिस्की कुल 86.4 लीटर, डिक्की से 432 बोतल व्हिस्की कुल 77.76 लीटर तथा चालक सीट के पास से 93 बीयर कैन कुल 46.5 लीटर बरामद की गई। दोनों कारों से कुल मिलाकर 677 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब को जब्त कर लिया गया है और दोनों आरोपितों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था।

# नालंदा विवि में मास्टर्स डिग्री के लिए दाखिला शुरु, 15 जून तक आवेदन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए नामांकन शुरू हो गया है। एमए, एमएससी और एमबीए (MA, MSc, MBA) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। देश-विदेश के इच्छुक छात्र 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

कला, विज्ञान और प्रबंधन संकाय के तहत कुल 13 विषयों में दाखिला लिया जाएगा। इनमें हिंदू अध्ययन (सनातन धर्म), बौद्ध अध्ययन, दर्शनशास्त्र व तुलनात्मक धर्म, पारिस्थितिकी व पर्यावरण अध्ययन, ऐतिहासिक अध्ययन, सतत विकास व प्रबंधन, पुरातत्व, विश्व साहित्य (अंग्रेजी), अंतरराष्ट्रीय संबंध और शांति अध्ययन, गणित, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र और हिंदी विषय शामिल हैं।

**छात्रों को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय स्कॉलरशिपः** विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों के लिए



कई तरह की अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति की भी व्यवस्था है। इनमें आसियान (ASEAN), भूटान, बिम्सटेक, आईसीसीआर (ICCR), थाईलैंड और एनयू अकादमिक उत्कृष्टता स्कॉलरशिप प्रमुख हैं। यहां भारत समेत 17 प्रतिभागी देशों (जैसे- ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, चीन आदि) के छात्र एक साथ शिक्षा ग्रहण करते हैं, जो इसे एक अनूठा 'क्रॉस सिविलाइजेशनल लर्निंग' केंद्र बनाता है।

**नेट-जीरो सस्टेनेबल है पूरा कैंपसः** नालंदा विवि का पूरा आवासीय परिसर पूर्णतः पर्यावरण अनुकूल यानी 'नेट-जीरो सस्टेनेबल' है। यहां स्मार्ट क्लासरूम, वाई-फाई और अत्याधुनिक लाइब्रेरी के साथ ही अंतरराष्ट्रीय विजिटिंग फैकल्टी की सुविधा उपलब्ध है। छात्रों के विकास के लिए खेलकूद, योगा, जिम, जेंडर इन्क्लूसिविटी, मेडिकल सेंटर और शॉपिंग आर्केड जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं भी मौजूद हैं।

# बीडीओ की बुलाई अविश्वास प्रस्ताव की बैठक पर रोक हाईकोर्ट से अस्थावां प्रमुख और उप-प्रमुख को राहत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** पटना हाईकोर्ट ने नालंदा जिले के अस्थावां प्रखंड के प्रमुख और उप-प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मामले में उन्हें राहत दी है। न्यायालय ने अस्थावां के कार्यपालक पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की ओर 27 फरवरी को बुलाई गई पंचायत समिति की विशेष बैठक पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। जस्टिस अनिल कुमार सिन्हा की पीठ ने बीडीओ की ओर से 19 फरवरी को जारी किए गए नोटिस को प्रथम दृष्टया बिहार पंचायत राज अधिनियम का उल्लंघन माना है। अस्थावां के प्रमुख रोहित कुमार और उप-प्रमुख विष्णुदेव सिंह ने बीडीओ के नोटिस को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरीय अधिवक्ता दीनू कुमार, रितिका रानी और वरदान मंगलम ने न्यायालय में पक्ष रखा। अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि कार्यपालक पदाधिकारी ने अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए सीधे 10 दिनों के भीतर विशेष बैठक की तिथि तय की, जो गैरकानूनी है।

**तिथि निर्धारित करने का प्राथमिक अधिकार प्रमुख के पास होताः** अधिवक्ताओं ने न्यायालय को बताया कि बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 44(3)(1) के स्पष्ट प्रावधानों के अनुसार, अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन मिलने के बाद विशेष बैठक की तिथि निर्धारित करने का प्राथमिक अधिकार प्रमुख के पास होता है। यदि प्रमुख तिथि तय करने में विफल रहते हैं, तब यह अधिकार उप-प्रमुख या पंचायत समिति के एक तिहाई निर्वाचित सदस्यों के पास चला जाता है। कार्यपालक पदाधिकारी (बीडीओ) का काम केवल तय की गई तिथि



पर पंचायत समिति के सभी सदस्यों को विधिवत सूचित करना है। कोर्ट ने इन कानूनी दलीलों को स्वीकार करते हुए 19 फरवरी के नोटिस और 27 फरवरी को होने वाली बैठक पर स्टे (रोक) लगा दिया है। इस महत्वपूर्ण मामले में हाईकोर्ट ने प्रतिवादी संख्या 6 से 26 तक को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही, न्यायालय ने राज्य सरकार को अपना पक्ष रखने और जवाबी हलफनामा (काउंटर एफिडेविट) दायर करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब छह सप्ताह बाद सूचीबद्ध की जाएगी।

**सदस्यों ने लगाया था मनमानी और अनदेखी का आरोपः** ज्ञात हो कि अस्थावां पंचायत समिति के कई असंतुष्ट सदस्यों ने 19 फरवरी 2026 को प्रमुख और उप-प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए एक पत्र सौंपा था। पंचायत समिति सदस्यों (जिनमें गौतम मालाकार, बबी कुमारी, पुष्पलता देवी, कमलेश प्रसाद, कंचन देवी आदि शामिल थे) इन्होंने ने आरोप लगाया था कि प्रमुख और उप-प्रमुख द्वारा उनकी घोर अनदेखी की जाती है। सदस्यों का आरोप था कि बैठकों में उनके द्वारा दिए गए प्रस्तावों को नहीं लिखा जाता और मनमाने ढंग से केवल चहेते सदस्यों के क्षेत्रों में विकास योजनाएं दी जाती हैं।

साथ ही, पिछले दो वर्षों में कमेटियों के गठन की स्थिति भी स्पष्ट नहीं की गई और जनप्रतिनिधियों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता। इसी पत्र के आलोक में बीडीओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैठक की तिथि तय कर दी थी, जो अब कानूनी पचड़े में फंस गई है।

# घोषित व स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु बैठक की गई आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी रोहतास के द्वारा मुख्यमंत्री, बिहार की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित व स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, पर्यटन, नगर विकास, उद्योग, भवन निर्माण, पर्यावरण एवं वन तथा जलवायु परिवर्तन विभाग से संबंधित कुल 16 प्रमुख विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास, उप विकास आयुक्त रोहतास, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी रोहतास, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंताओं के द्वारा भाग लिया गया।

**समीक्षोपरान्त संबधित पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निम्नांकित निर्देश दिया गया जो निम्न प्रकार हैः-** समीक्षा के दौरान पाया गया कि सभी योजनाओं में कार्य प्रारम्भ है। संबंधित विभागीय पदाधिकारियों / कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित घोषित योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ को लेकर पथ निर्माण विभाग डेहरी के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा कराये जा रहे सड़क मरम्मती कार्य में अपने विभाग से अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



संझौली प्रखंड अंतर्गत वाजितपुर में काव नदी पुल को लेकर कार्यपालक अभियंता, पुल निर्माण विभाग के द्वारा बताया गया कि कार्य प्रारम्भ हो गया है तथा कार्यों का सत्यापन भी किया जा रहा है, परन्तु जो कार्य हो रहा था, उसका डीपीआर गलत तैयार हो गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि पुनः सही-सही डीपीआर तैयार कर निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

कुदरा-चेनारी-मल्हीपुर पथ का चौड़ीकरण, करगहर-बडहरी-धर्मपुरा पथ, बरांव-जहानाबाद पथ, पुरानी जीटी रोड से बबुरा मेन कैनाल पथ का जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण, कोचस में नया बस स्टैंड नोखा-नासरीगंज पथ में सोन नहर पर आरसीसी पुल निर्माण, कोचस में आरा-मोहनिया पथ पर बाईपास निर्माण एवं कोचस में आरा-मोहनिया पथ पर बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

इंद्रपुरी जलाशय के पास पर्यटन हाट निर्माण तथा डेहरी औद्योगिक क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि पर्यटन एवं उद्योग से जुड़े कार्य जिले की आर्थिक मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर समय पर पूर्णता सुनिश्चित करें। करगहर, डेहरी, दावथ, दिनारा, नासरीगंज, नोखा, सूर्यपुरा, शिवसागर एवं चेनारी प्रखंडों में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि चयनित स्थलों पर निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कर समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए।

डेहरी- अकोढ़ीगोला- तेतराढ़-राजपुर पथ, आयरकोठा-अकोढ़ीगोला-अमरा तालाब पथ का चौड़ीकरण एवं डेहरी ऑन सोन अंतर्गत अकोढ़ीगोला बाईपास पथ का कार्य प्रारम्भ हो गया है। बताया गया कि कुछ कार्य वन विभाग की भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण बाधित होने की संभावना है। इस संबंध में वन विभाग के परिवेश पोर्टल पर NOC स्वीकृति हेतु अपलोड किया गया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास को निर्देश दिया गया कि NOC स्वीकृति हेतु परिवेश पोर्टल पर अपलोड मामले पर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

भलुनी धाम इको पार्क एवं रोहतास वन प्रमंडल अंतर्गत नगर विकास एवं आवास विकास द्वारा हस्तांतरित एनीकट पार्क डेहरी का निर्माण कार्य चल रहा है। सभी उपस्थित विभागीय पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की "प्रगति यात्रा" के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक सप्ताह में बैठक करते हुए अद्यतन प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे मे चार घायल

**कोचस (रोहतास)।** परसथुआ थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर लकड़ी मोड़ के समीप गुरुवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया जिसमे सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये.सभी घायलो को स्थानीय लोगों के सहयोग से उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सको ने स्थिति गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया.इसकी पुष्टि करते हुए चिकित्सक डॉ विकास कुमार ने बताया कि घायलों में लकड़ी गांव निवासी सुनील चौहान,बबलू चौहान,राजकुमार चौहान,मनीष कुमार शामिल हैं.उन्होंने बताया कि घायलों के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें होने की वजह से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### इंटर और मैट्रिक परीक्षा समाप्त, बिक्रमगंज में 'नो-एंट्री' का समय फिर बदला

**बिक्रमगंज (रोहतास)**: अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में लागू अस्थायी 'नो-एंट्री' व्यवस्था में संशोधन किया गया है। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 के दौरान सुबह 07:00 बजे से शाम 07:00 बजे तक लागू विशेष 'नो-एंट्री' व्यवस्था अब समाप्त कर दी गई है। कार्यालय अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बिक्रमगंज से जारी आदेश के अनुसार अब बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र में 'नो-एंट्री' का समय पूर्व की भांति प्रातः 09:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

**इन वाहनों को रहेगी छूट**: आदेश में स्पष्ट किया गया है कि केवल आपातकालीन सेवाओं—जैसे एम्बुलेंस, अग्निशमन एवं पुलिस वाहन—को पूर्व की तरह छूट रहेगी। इसके अलावा चावल, धान, दूध, तेल, गेहूं आदि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति से जुड़े वाहनों को भी संचालन की अनुमति होगी।

**भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग**: नासरीगंज की ओर से आने वाले भारी वाहनों का परिचालन दावथ–मलियाबाग रोड के रास्ते कराया जाएगा, ताकि नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

**सख्ती से पालन के निर्देश**: प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी, बिक्रमगंज को निर्देशित किया गया है कि वे 'नो-एंट्री' आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आदेश की प्रतिलिपि सभी ट्रांसपोर्टर संघों, बालू घाट बंदोबस्तधारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, यातायात पुलिस, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं वरीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है।

### होली पर्व को लेकर थाने मे शांति समिति की हुई बैठक, दिए गए कई निर्देश



**कोचस (रोहतास)।** परसथुआ थाना परिसर मे होली पर्व को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक थाना प्रभारी राम चंद्र चौपाल के नेतृत्व में हुई, जिसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सामाजिक कार्यकर्ता, वार्ड , मुखिया और समाज से जुड़े लोग उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य होली के पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाना है। इसमें सभी से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखते हुए हंसी-खुशी से होली मनाने की अपील की गई। लोगों से कहा गया कि वे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न होने दें और मिलकर रंग-गुलाल के साथ भाईचारे का संदेश फैलाएं। थाना अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों से यह भी अपील की कि यदि कोई असामाजिक तत्व होली में खलल डालने का प्रयास करता है, तो उसकी सूचना तुरंत थाने मे दें। पुलिस ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी और गड़बड़ी करने वालों को सख्त सजा दी जाएगी।

### मध्य विद्यालय मोहनपुर शैक्षणिक परिभ्रमण दल बोधगया के लिए रवाना



**काराकाट / रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय मोहनपुर प्रखंड काराकाट का शैक्षणिक परिभ्रमण दल आज दिनांक 26 फरवरी 2026 को बोधगया के लिए रवाना। विद्यालय परिवार की ओर से अपने छात्रों को लेकर बोधगया के लिए रवाना हो गए। विद्यालय के मौके पर छात्रों के साथ प्रधानाध्यापक सुधीर पांडेय एवं शिक्षक सुनील कुमार सिंह ,नागेंद्र कुमार सिंह, कुमार अभिषेक मणि एवं जयप्रकाश सिंह के साथ विद्यालय सचिव एवं विद्यालय रसोईया के साथ 30 विद्यार्थियों की टीम हुए रवाना ।

### तेज रफ्तार कार की चपेट में आए साइकिल सवार बुजुर्ग, मौत



**करगहर (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के जगदतपुर गांव के पास नहर पथ पर गुरुवार को एक अनियंत्रित कार की चपेट में आने से साइकिल सवार एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुजुर्ग साइकिल समेत नहर के गहरे पानी में जा गिरे। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद बुजुर्ग को पानी व कीचड़ से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) करगहर ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय के अनुसार मृतक की पहचान कोचस थाना क्षेत्र के कथुआं गांव निवासी 60 वर्षीय हरिद्वार साह के रूप में हुई है। वह करगहर में व्यवसाय करता था और प्रतिदिन साइकिल से गांव से बाजार आता-जाता था। गुरुवार दोपहर भी वह साइकिल से करगहर लौट रहा था, तभी जगदतपुर नहर पथ पर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और वाहन संख्या के आधार पर मालिक व चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है।

## स्लग-रोहतास के NH-2 पर भीषण सड़क हादसा ट्रैवलर-ट्रक टक्कर में 1 की मौत, 19 यात्री घायल



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी/रोहतास।** रोहतास जिले के डेहरी मुफस्सिल थानाक्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यात्रियों से भरी ट्रैवलर और ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान तमिलनाडु के कांचीपुरम निवासी रामो के रूप में की गई है। घायल यात्रियों के अनुसार सभी यात्री तमिलनाडु के रहने वाले हैं और वाराणसी से गया मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैवलर और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही डेहरी मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि कुल 19 घायलों का इलाज चल रहा है और सभी की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## पहरमा आरा लाइन नहर में 30 वर्षीय कमलेश यादव का शव मिला, चाचा ने लगाया हत्या का गंभीर आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास ।** कछवां थाना क्षेत्र के पहरमा लख आरा लाइन नहर में गुरुवार को एक युवक का शव तैरता मिलने से गांव और परिजनों में सनसनी फैल गई। पहरमा गांव निवासी 30 वर्षीय कमलेश यादव का शव नहर में मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चाचा ने गांव के कुछ लोगों पर शराब पिलाकर हत्या कर शव नहर में फेंकने का गंभीर आरोप लगाया है।

इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सक्कडी-सहार-नासरीगंज के मुख्य सड़क पहरमा लख पर शव रखकर उच्च अधिकारियों की मांग शुरू कर दी। मृतक कमलेश यादव मंगलवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकले थे। वे पहरमा लख अपने मामा के लड़के को गाड़ी पकड़ाने गए थे, उसके बाद से लापता थे।



परिजनों ने बुधवार को कछवां थाने में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। गुरुवार को नहर में शव तैरता देख स्थानीय लोगों ने हंगामा मचा दिया। सूचना मिलते ही कछवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। घटनास्थल पर मृतक की जोड़ी का एक चप्पल भी मिला, जिससे संदेह गहरा गया है। मृतक के चाचा ने बताया, "हमारा भतीजा कमलेश कुछ लोगों के साथ शराब पिया होगा। लगता है उन्होंने उसका गला दबाकर हत्या कर दी और शव नहर में ठिकाने लगा दिया। उसके शरीर पर मारपीट के निशान साफ दिख रहे हैं।" परिजनों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई में ढिलाई बरत रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर हाईवे जाम कर दिया और एसपी व डीएम को बुलाने की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार, काराकाट अंचलाधिकारी और कछवां थाना प्रभारी छुट्टी पर हैं।

फिलहाल काराकाट थाना प्रभारी और कछवां के प्रभारी थानाध्यक्ष सालू कुमारी मौके पर पहुंचकर परिजनों व ग्रामीणों को समझा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक पुलिस शव को कब्जे में नहीं ले पाई थी। पुलिस ने कहा, "मामले की गहन जांच चल रही है। परिजनों से औपचारिक आवेदन मिलते ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।"इस घटना ने स्थानीय स्तर पर सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों में पुलिस पर भरोसा उठने लगा है, जबकि परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

## ए आई नवाचार की अगली लहर का नेतृत्व करने के लिए युवाओं को सशक्त बनाने वाला वास्तव में समृद्ध अनुभव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी / रोहतास।** संस्थान की नवाचार परिषद आई आई सी और गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के सूचना एवं प्रौद्योगिकी और अभियांत्रिकी संकाय ने 25 फरवरी 2026 को देव मंगल सभागार में एआई समिट दिल्ली 2026 के विजन से प्रेरित होकर उसके उद्देश्य,अवलोकन व मुख्य बातों पर एक व्यावहारिक एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यशाला में मुख्य व्याख्यान रितेश कुमार सिंह, उप निदेशक (वरिष्ठ प्रौद्योगिकी वास्तुकार), इंफोसिस लिमिटेड द्वारा दी गई। सत्र ने जनरेटिव ए आई, लार्ज लैंग्वेज मॉडल , वास्तविक दुनिया के उद्यम उपयोग के मामलों, नैतिक ए आई और ए आई-संचालित दुनिया में भविष्य के अवसरों के विकास पर गहराई से चर्चा की। उनकी उद्योग-केंद्रित अंतर्दृष्टि ने



अकादमिक शिक्षा और व्यावहारिक कार्यान्वयन के बीच की खाई को पूरी तरह से पाट दिया। उनके गाइडेंस और हौसला बढ़ाने से यूनिवर्सिटी का इनोवेशन, नई टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्री-एकेडेमिया के बीच सहयोग के लिए मज़बूत कमिटमेंट दिखा।

अलग-अलग सब्जेक्ट्स के लगभग 500 स्टूडेंट्स के जोश के साथ हिस्सा लेने से, यह वर्कशॉप सीखने, बातचीत और प्रेरणा के लिए एक शानदार प्लैटफ़ॉर्म बन गई। पार्टिसिपेंट्स को ए आई के मकसद, एप्लीकेशन, ज़िम्मेदार ए आई प्रैक्टिस और करियर की संभावनाओं के बारे में कीमती जानकारी मिली, जिससे यह सेशन बहुत असरदार रहा। सूचना प्रौद्योगिकी और अभियांत्रिकी के डीन प्रो. पंकज दशोर ने मि. रितेश सिंह को बधाई दी और सेमिनार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। संकाय के वरिष्ठ शिक्षक गण मि. अरूप कड़िया और डॉ. राजकुमार मंडल ने इस कार्यशाला को सफल बनाने में समन्वयक की भूमिका निभाई।

## बिक्रमगंज को मिली आधुनिक स्वास्थ्य जांच की सौगात, गंगाजल पैथो लैब का भव्य उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज/ रोहतास।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत नटवार रोड स्थित श्री शिव दुर्गा मंदिर के समीप अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित गंगाजल पैथो लैब का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ । उद्घाटन समारोह में शहर के चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही । लैब का उद्घाटन शहर की सुप्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सुनीला सिंह ने फीता काटकर किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिक्रमगंज शहर में गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाओं का अभाव लंबे समय से महसूस किया जा रहा था,जिसे यह नई पहल काफी हद तक पूरा करेगी । कार्यक्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मनोरमा सिंह,वरिष्ठ चिकित्सक डॉ शशि भूषण प्रसाद सिंह,लैब के डॉ ए० के० सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे । अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर किया गया । मुख्य अतिथि डॉ सुनीला सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ सटीक जांच व्यवस्था होती है । सही समय पर सही जांच से ही रोग की पहचान संभव है और बेहतर उपचार की दिशा तय होती है । गंगाजल पैथो लैब के खुलने से अब मरीजों को उच्च स्तरीय जांच के लिए बड़े शहरों



का रुख नहीं करना पड़ेगा । यदि यहां गुणवत्ता,पारदर्शिता और सेवा भावना को प्राथमिकता दी गई, तो यह संस्थान क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगा । उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित तकनीशियनों के सहयोग से लैब निश्चित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं में नई पहचान बनाएगी । लैब प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यहां विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजिकल जांच अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से की जाएगी और रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाएगी । समारोह में कुमार अभिषेक,चंद्रशेखर,राजू,सोनू, अंकित समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे । पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्साह,उम्मीद और स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश से ओत-प्रोत रहा । गंगाजल पैथो लैब के शुभारंभ के साथ ही बिक्रमगंजवासियों को अब बेहतर और भरोसेमंद जांच सुविधा अपने शहर में ही उपलब्ध हो सकेगी ।

## रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया पंचायत सचिव, विजिलेंस की कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)।** जल-नल योजना की राशि भुगतान के बदले रिश्वत लेते एक पंचायत सचिव को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने गुरुवार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई सीढ़ी गांव के समीप ठोरसन पथ पर की गई, जहां पंचायत सचिव वार्ड सदस्य से पैसे ले रहा था।

मामले की जानकारी देते हुए विजिलेंस डीएसपी रीता सिन्हा ने बताया कि ठोरसन ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य धर्मेंद्र कुमार ने शिकायत की थी कि पंचायत सचिव रितु रंजन पंडित उर्फ सोनू पंडित नल-जल योजना की राशि भुगतान करने के बदले रिश्वत मांग रहा है। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने इसकी सत्यता की जांच कराई और रिश्वत मांगने का ऑडियो भी रिकॉर्ड किया गया।

इसके बाद एक टीम गठित कर जाल बिछाया गया। टीम के निर्देश



पर वार्ड सदस्य ने पंचायत सचिव से संपर्क कर पैसे देने का स्थान तय किया। जैसे ही वार्ड सदस्य ने 12 हजार रुपये रिश्वत के रूप में दिए, आसपास ग्रामीण के वेश में मौजूद विजिलेंस टीम ने तत्काल उसे पकड़ लिया।

टीम ने मौके से 12 हजार रुपये बरामद किए और केमिकल युक्त पानी से पंचायत सचिव के हाथों की जांच (फिंगर टेस्ट) की, जिसमें रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में डीएसपी सदानंद सिंह, एसआई राकेश कुमार और राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

## धन–संपत्ति और संबंध यहीं रह जाते हैं,धर्म ही देता है साथ : संपत जी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास ।** प्रखंड अंतर्गत धावां गांव स्थित ग्रीन पार्क यज्ञशाला निज धाम में आयोजित मां काली प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के छठवें दिन जगद्गुरु स्वामी संपत कुमाराचार्य जी ने धार्मिक प्रवचन में जीवन की नश्वरता और धर्म की महत्ता पर विस्तृत से प्रकाश डाला । प्रवचन का आधार एक प्रसिद्ध संस्कृत श्लोक रहा—"धनानि भूमौ पशवश्च गोष्ठे, नारी गृहद्वारि जनाः श्मशाने । देहश्चितायां परलोकमार्गे,धर्मानुगो गच्छति जीव एकः॥" इस श्लोक के माध्यम से उन्होंने ने उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन का गूढ़ और शाश्वत सत्य समझाया । श्री कुमाराचार्य जी ने कहा कि मनुष्य जीवन भर धन,वैभव,संपत्ति और परिवार के मोह में बंधा रहता है । वह सोचता है कि यही सब उसकी स्थायी पूंजी है,किंतु मृत्यु के क्षण में यह भ्रम टूट जाता है । श्लोक के अनुसार धन जमीन पर ही पड़ा रह जाता है,पशु गोशाला में छूट जाते हैं,पत्नी घर के द्वार तक साथ आती है और परिजन श्मशान तक । अंततः शरीर भी चिता पर जलकर समाप्त हो जाता है । परलोक की यात्रा में यदि कोई

### प्रवचन में गूंजा जीवन का शाश्वत सत्य



साथ चलता है तो वह केवल व्यक्ति के द्वारा किया गया धर्म,सद्कर्म और पुण्य ही है । यह श्लोक हमें मोह- माया से विमुख होने और जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा देता है । आज के भौतिकवादी युग में लोग रिश्तों और मूल्यों से अधिक धन को महत्व देने लगे हैं । परिणामस्वरूप समाज में तनाव,ईर्ष्या और असंतोष बढ़ रहा है । यदि मनुष्य धर्म,दया, करुणा,सत्य और सेवा को अपने जीवन का आधार बना ले,तो समाज में शांति और सद्भाव स्थापित हो सकता है । प्रवचन में यह भी कहा गया कि धर्म का अर्थ केवल पूजा- पाठ या अनुष्ठान नहीं है,बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना,जरूरतमंदों की सहायता करना और सत्य के मार्ग पर चलना ही सच्चा धर्म है । जो व्यक्ति अपने आचरण से दूसरों के जीवन में सुख और प्रेरणा का संचार करता है,वहीं वास्तव में धर्म का पालन करता है ।

कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्लोक के भावार्थ को गंभीरता से सुना और आत्ममंथन किया । कई श्रद्धालुओं ने स्वीकार किया कि जीवन की आपाधापी में वे अक्सर इस मूल सत्य को भूल जाते हैं । प्रवचन के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में अधिक से अधिक सद्कर्म करेंगे और धर्म के मार्ग पर चलेंगे । धार्मिक वातावरण में भजन-कीर्तन और आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ । उपस्थित लोगों ने कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजनों से जीवन को नई दिशा और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## होली में डीजे बजाया तो होगी कार्रवाई

**भागलपुर।** भागलपुर में होली को लेकर जिला प्रशासन ने शांति-विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन की ओर से अवैध शराब धंधेबाजों के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सड़कों पर ब्रेथ एनालाइजर से संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाएगी और शराब के सेवन की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्ति को थाने में बंद किया जाएगा। उत्पाती तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। चिह्नित शरारती व्यक्तियों से बॉन्ड डाउन की कार्रवाई करने और आवश्यकता पड़ने पर निरोधात्मक कार्रवाई के तहत होली के दिन थाने में रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने सभी थानों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक कर लें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और मोहल्ले के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी की जाएगी। त्योहार के दौरान ध्वनि प्रदूषण और कानून-व्यवस्था की समस्या से बचने के लिए डीजे के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड में रहेंगेः** स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड में रखा गया है। सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की ड्यूटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। सिविल सर्जन को इसकी मॉनिटरिंग का दायित्व दिया गया है। इसके अलावा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को उनके-अपने स्टेशन पर पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश है, ताकि आगजनी जैसी घटनाओं की स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। आपातकालीन सेवा 112 कंट्रोल रूम होली के दौरान 24 घंटे सक्रिय रहेगा। DM ने आम लोगों से अपील की है कि होली आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का पर्व है। किसी भी तरह की ऐसी हरकत से बचें जिससे दूसरों की भावनाएं आहत हों या सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो।

## चाची और चचेरी बहन पर कुदाल से हमला

**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के दिलगौरी वार्ड संख्या-12 में जमीन विवाद को लेकर परिवार में मारपीट हो गई। आरोप है कि जेठ के बेटे ने अपनी सगी चाची और चचेरी बहन पर कुदाल और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले में मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों की पहचान सरिता कुमारी और उनकी बेटी साक्षी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों किसी तरह जान बचाकर घर से बाहर भागीं और परिजनों की मदद से सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचीं। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने साक्षी की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़िता सरिता कुमारी ने बताया कि उनके पति मानसिक रूप से बीमार रहते हैं। इसका फायदा उठाकर जेठ का बेटा नारायण कुमार उर्फ राजू लंबे समय से जमीन हड़पने की नीयत से दबाव बनाता रहा है। विरोध करने पर वह आए दिन झगड़ा करता है।

**पहले भी धमकी दे चुका हैः** आरोप है कि मामूली कहासुनी के बाद नारायण कुमार ने कुदाल और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। सरिता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपित उनकी बेटी पर गलत नजर रखता है और पहले भी धमकी दे चुका है। घटना की सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर जुटे, जिसके बाद घायल मां-बेटी को अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़िता के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय ने बताया कि आवेदन मिला है। पुलिस आरोपित की तलाश में छापेमारी कर रही है। जमीन विवाद को लेकर हुए इस हमले से इलाके में तनाव का माहौल है।

## जमीन विवाद में मारपीट, 4 घायल

**भागलपुर।** बांका में बुधवार शआम जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों ओर से खूब लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। एक पक्ष से करीब 4 लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान सरफुद्दीन (56), इनका बेटा अताउर रहमान (22), मो. तबरेज अंसारी (60) और इनका बेटा मो. मुन्तजर (25) के रूप में हुई है। सभी को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि 3 घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना बांका के धोरैया थाना क्षेत्र के नौवा बांध गांव की है।

**गोतिया से डेढ़ बीघा जमीन विवादः** घायल सरफुद्दीन ने आरोप लगाया है कि उनके गोतिया ने अपनी करीब डेढ़ बीघा जमीन बेच दी थी। इसके बाद आरोपी पक्ष उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। इसी बात को लेकर बुधवार शाम विवाद बढ़ गया। सरफुद्दीन के अनुसार, शाहबाज अंसारी, हलीम अंसारी, मिन्हाज अंसारी और सरफराज सहित कई लोगों ने लाठी-डंडे और फरसा से उन पर हमला किया। हमले में सरफुद्दीन, तबरेज, अताउर रहमान और मुन्तजर के सिर पर गंभीर चोटें आईं। ग्रामीण शोर सुनकर मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही धोरैया थाना पुलिस भी पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घायल पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मछली विक्रेता महिलाएं डीएम ऑफिस पहुंचीं

**मुंगेर।** मुंगेर में 100 से अधिक मछली विक्रेता महिलाएं अपनी समस्या लेकर डीएम कार्यालय पहुंचीं। डीएम से मुलाकात न हो पाने के कारण वे निराश होकर वापस लौट गईं। महिलाओं ने बताया कि वे लगभग 50 वर्षों से जिला मुख्यालय स्थित बड़ा अस्पताल जाने वाले मुख्य मार्ग, जिला स्कूल के समीप, लल्लू पोखर, खान काह, जमालपुर, धरहरा और बरियारपुर सहित विभिन्न चिन्हित स्थलों पर मछली बेचने का कारोबार करती आ रही हैं।

**5 मार्च तक खुले में मछली बेचना बंद करने का निर्देशः** नगर परिषद निगम के अधिकारियों ने उन्हें नोटिस भेजा है। इसमें 5 मार्च तक खुले में मछली बेचना बंद करने का निर्देश दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि 5 मार्च के बाद खुले में मछली बेचते पाए जाने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इन महिलाओं ने बताया कि वे प्रतिदिन 1 से 5 किलोग्राम तक मछली बेचती हैं। इसी से उनके परिवारों का भरण-पोषण होता है। वे सहनी समाज से आती हैं और यह उनका मुख्य रोजगार है।

**स्टॉल बनाकर मछली बेचने की अनुमति देने की मांग कीः** प्रशासन द्वारा खुले में मछली बेचने पर रोक लगाए जाने के बाद, इन महिलाओं ने डीएम से मुलाकात कर कहीं पर स्टॉल बनाकर मछली बेचने की अनुमति देने की मांग की। उनका कहना है कि इससे वे अपना रोजगार जारी रख सकेंगी और अपने परिवार का गुजारा कर पाएंगी। आज डीएम से मुलाकात न हो पाने के कारण, सभी महिलाएं शुक्रवार को डीएम और नगर आयुक्त के जनता दरबार में अपनी समस्या लेकर जाएंगी।

## अल्फा फोर्ब्स और सनहर्ट इलेवन सेमीफाइनल में

**अररिया।** मारवाड़ी युवा मंच की ओर से पाठशाला स्कूल के खेल के मैदान में आयोजित एमपीएल सीजन थ्री क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को अल्फा फोर्ब्स और सनहर्ट इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। पहले मुकाबले में अल्फा फोर्ब्स ने विक्ट्री वाइपर्स को 4 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए अल्फा फोर्ब्स ने विक्ट्री वाइपर्स को 12 ओवर में 108 रन पर ऑल आउट कर दिया। 109 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अल्फा फोर्ब्स ने 11.2 ओवर में जीत हासिल कर ली। सौरव शर्मा ने 16 गेंदों में 40 रन की विस्फोटक पारी खेली। जबकि राहुल अग्रवाल ने 31 गेंदों में 47 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। सौरव शर्मा को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन 2 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट और 40 रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में सनहर्ट इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में अपने तीन विकेट खोकर 193 रन बनाए। अंकित झावक ने 31 गेंदों में 79 रन बनाए,जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा निखिल बोथरा ने 17 गेंदों में 39 रन और हर्ष कुमार ने 14 गेंदों में 45 रन की तेज पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्लैक कैट्स की टीम 12 ओवर में 132/5 रन ही बना सकी। अमित गौतम ने 24 गेंदों में 59 रन की जुझारू पारी खेली, जबकि निलेश अग्रवाल 30 रन और निशांत गोयल 21 रन का ही योगदान टीम को दिया।

# मंदिर के पास फायरिंग कर रहे बदमाश हुए अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में मंदिर के पास फायरिंग कर रहे बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा है, गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। मामला पीरपैंती के एकचारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी मोहनपुर गांव स्थित बजरंग बली मंदिर का है। इस दौरान दो देसी कट्टा और एक खाली खोखा बरामद किया गया। मौके से पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाश नए साथियों को फायरिंग करना सीखा रहे थे। मामले की जानकारी आज अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी कहलगांव-2 सह अपर पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी की रात गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक मंदिर के पास एकत्रित होकर फायरिंग कर रहे हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक पुलिस टीम का गठन किया गया। सत्यापन के बाद मौके पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद युवकों में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि सशस्त्र बल की सतर्कता के कारण पांचों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बड़ी मोहनपुर निवासी उमेश मंडल (40), राजेश कुमार (22), ज्योतिष मंडल (35), हरिकिशन मंडल (29) और रोहित कुमार (27) के तौर पर की गई है। तलाशी के क्रम में दो देशी कट्टा और एक खाली खोखा बरामद किया गया।

**बदमाश उमेश मंडल का पहले से आपराधिक इतिहासः** इस संबंध में एकचारी थाना में मामला दर्ज किया गया है। SDPO पंकज कुमार ने बताया कि मुख्य बदमाश उमेश मंडल का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है, जबकि अन्य आरोपितों के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एएसपी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बच्चा चोरी अफवाह पर होगी कड़ी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका में इन दिनों बच्चा चोरी की अफवाह तेजी से फैल रही है,जिससे आम लोगों में भय और भ्रम का माहौल बन गया है।संदेह के आधार पर कई स्थानों पर लोग भीड़ की शक्ल में संदिग्ध व्यक्तियों को घेरकर उनके साथ मारपीट तक कर रहे हैं,जो पूरी तरह कानून के खिलाफ है। बीते एक पखवाड़े में ऐसे आधे दर्जन से अधिक मामले सामने आए हैं। इनमें कुछ मामलों की जानकारी पुलिस तक पहुंची,जबकि कुछ मामलों को आपसी सहमति से सुलझा लिया गया। चिंताजनक बात यह है कि कई बार अफवाह के आधार पर निर्दोष लोगों को भी पकड़कर पीटा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाने का फैसला किया है।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने स्पष्ट कहा है कि बच्चा चोरी को लेकर यदि किसी को कोई भी संदिग्ध सूचना मिले,तो वह तुरंत डायल112या स्थानीय थाना पुलिस को जानकारी दे।बिना सत्यापन के किसी पर कार्रवाई करना अपराध है।

**अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगीः** SP ने कहा कि यदि जांच में यह स्पष्ट होता है कि घटना महज अफवाह थी, तो अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर फैलने वाले अपुष्ट वीडियो और संदेशों पर विश्वास न करें। बच्चा चोरी की अफवाह को लेकर जिले के हर गली-मोहल्ले में चर्चाएं हो रही हैं।

# महिला का शव कमरे में मिला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका के धोरैया थाना क्षेत्र के बसबिट्टा गांव में एक 25 साल की विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतका की पहचान प्रीतम कुमार की पत्नी अमृता देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने गुरुवार सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। झारखंड के गोड्डा थाना क्षेत्र के कटरा निवासी मृतका के भाई पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि सास-बहू के बीच घरेलू विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि चार लोगों ने मिलकर उनकी बहन की हत्या की है। पुरुषोत्तम कुमार के अनुसार, देवर की शादी के बाद से घर में विवाद बढ़ गया था।

**घर के अन्य सदस्य खेत में काम करने गए थेः** घटना के समय घर के अन्य सदस्य खेत में काम करने गए थे और अमृता घर में अकेली थी। जब परिजन खेत से लौटे, तो बच्चों के रोने की आवाज सुनकर वे कमरे में पहुंचे, जहां अमृता का शव मिला। तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की।

**फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाएः** जानकारी के मुताबिक, मृतका का पति मजदूरी के लिए मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में रहता है। अमृता अपने दो छोटे बच्चों के साथ गांव में रह रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

# रोहिंग्या-बांग्लादेशी का वोट के लिए पक्ष लेती राजद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में बयान दिया है। इन्होंने कहा है कि राजद और कांग्रेस को सिर्फ वोट चाहिए, वोट के लिए वे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों का पक्ष लेते रहते हैं। इन्हीं लोगों के कारण घुसपैठियों की संख्या काफी बढ़ी है। अब सबको बाहर निकाल जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे पर राजद की ओर से सवाल उठाए जाने पर उन्होंने यह बातें कही है। गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस, राजद या इंडी गठबंधन मुस्लिम वोट लेने के लिए कुछ भी कर सकता है। चाहे वह रोहिंग्या हो, चाहे बांग्लादेशी घुसपैठिए हो, कोई मतलब नहीं है। उनको चाहिए वोट और हमें चाहिए भारतवंशी। घुसपैठिया भारतवंशियों के वोट का हक मार रहा है, संवैधानिक हक को मार रहा है, व्यवहारिक हक मार रहा है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि मैं राजद से पूछना चाहता हूं कि क्या आप विदेशी घुसपैठियों को भारत का नागरिक मानेंगे। बिहार में भी आप ही लोगों के कारण घुसपैठ की यह दुर्दशा हुई। साल 1971 में कांग्रेस की सरकार थी, साल 1990 में राजद-कांग्रेस की सरकार आई, राजद और कांग्रेस की सरकार ने घुसपैठियों को बचाने का काम किया। जो भारत वंशी नहीं हैं, उनको निकाला जाएगा। गिरिराज सिंह ने कहा कि भारतवंशी के लिए भारत है, भारतवंशी वही है जो आजादी के बाद, पाकिस्तान और बांग्लादेश नहीं गया। इसलिए राजद-कांग्रेस को डर लग रहा होगा कि उनके समर्थक यहां से डिपोर्ट हो जाएंगे। अमित शाह ने सीएए कानून लागू किया, धारा- 370 हटाए, अब घुसपैठियों को भी डिपोर्ट करेंगे। आपके पेट में दर्द हो रहा है। यह विदेशियों के लिए धर्मशाला नहीं बनेगा।

**आधुनिक स्कूल खोले जाने की मांग का गिरिराज सिंह ने समर्थन कियाः** महाराष्ट्र के मंत्री की ओर से देश विरोधी गतिविधि संचालित होने वाले मदरसों को असम और यूपी के तर्ज पर पूरे देश में बंद कर वहां आधुनिक स्कूल खोले जाने की मांग का गिरिराज सिंह ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह सच बात है कि आज देश के अंदर बिहार में 825 किलोमीटर नेपाल का बॉर्डर है, बेतिया से जोगबनी तक। उसके किनारे-किनारे अवैध तरीके से मस्जिद बन गया है। बंगाल घुसपैठियों का केंद्र बना हुआ है, घुसपैठ वहां जाते हैं, उनका कार्ड बनता है, आधार बनता है और फिर अन्य राज्यों में जाते हैं। जो भी पकड़ा जाता है, अधिकांश का आधार कार्ड बंगाल का बना हुआ होता है। अब यहां बचाने वाले नहीं है। नो मैंस लैंड पर बने ज्यादातर मदरसे आतंकी पैदा करते हैं। अजहर मसूद भारत में पढ़ा, देवबंद में पढ़ा। यह सब लोग यहां से लेकर कोलकाता तक फैले हुए हैं। हमारे पूर्वजों से भूल हुई थी, आजादी के समय अगर सभी मुसलमान को भारत से निकाल दिया गया होता और हिंदुओं को पाकिस्तान से ले आए होते तो ऐसी हालत नहीं होती। आजादी के समय 3000 मदरसे थे, आज देश में तीन लाख मदरसा हो गया है और पाकिस्तान के सारे मंदिर टूट गए। कई जगह मदरसा आतंकी गतिविधि का केंद्र बना हुआ है, जो बंद होना चाहिए।

# लोगों को किया रेस्क्यू, एंबुलेंस के लिए बना ग्रिन कॉरिडोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में आज उस वक्त अफरा-तफरी की स्थिति बन गई लोग बाहर भागने लगे और देखते ही देखते एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड के सायरन गूंजने लगे। हालांकि घबराने की बात नहीं थी, यह भूकंप को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के निर्देश पर आयोजित एक राज्यव्यापी मॉक ड्रिल थी। भूकंप का सबसे बड़ा परिदृश्य सदर अस्पताल में क्रिएट किया गया। काल्पनिक माहौल बनाया गया कि बिल्डिंग गिर गई और आग भी लग गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची और वहां पर 8 लोगों को निकाला गया। सभी को तुरंत एंबुलेंस से ग्रीन कॉरिडोर के रास्ते गांधी स्टेडियम ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि शेष का इलाज किया।

**सुरक्षा व्यवस्था का किया आकलनः** भूकंप जैसी संभावित प्राकृतिक आपदा की स्थिति में प्रशासन कितना तैयार है, इसका आकलन करने के लिए आयोजित इस अभ्यास ने शहर के राहत और बचाव तंत्र की मजबूती को प्रदर्शित किया गया। दो चरणों में चले अभियान के पहले दिन बुधवार को अधिकारियों ने कागजों और नक्शों पर आपदा की काल्पनिक स्थिति तैयार कर त्वरित निर्णय लेने की क्षमता पर मंथन किया।

# सरकारी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बेगूसराय।** अखिल भारतीय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सरकारी कर्मचारियों ने आज मांगों को लेकर बेगूसराय में प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और डीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं करेगी, तो हड़ताल पर जाएंगे। नेताओं ने कहा कि इस मांग दिवस के माध्यम से वे सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाना चाहते हैं। NPS और UPS के नाम पर उनके सामाजिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकार जल्द से जल्द पुरानी पेंशन योजना लागू करें। जनवरी 2026 से लागू होने वाले 8वें वेतन आयोग की प्रक्रिया तेज की जाए। सरकार की ओर से गठित कमेटी को जल्द रिपोर्ट देने और तब तक 5 से 10 प्रतिशत अंतरिम राहत देने की मांग की गई है। चतुर्थ वर्गीय पदों को समाप्त करने और दैनिक वेतनभोगियों के शोषण का विरोध किया गया। मांग है कि सभी संविदा और दैनिक कर्मियों की सेवा को नियमित किया जाए। लाए गए 4 नए लेबर कोड को रद्द कर पुराना 44 श्रम कानून बहाल हो।

**पूरे देश में मांग दिवस मनाया जा रहाः** आज पूरे देश में मांग दिवस मनाया जा रहा है। सरकार ठेका, संविदा और मानदेय के नाम पर कर्मचारियों का शोषण कर रही है। चतुर्थ श्रेणी के पदों को खत्म कर दिया गया है। हम मांग करते हैं कि इन सभी कर्मियों की सेवा नियमित की जाए। उन्होंने आगे कहा कि 8वां वेतन आयोग लागू करने में हो रही देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने कमेटी बनाकर इसे 18 महीने के लिए टाल दिया है, जो कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है। बिहार सरकार ने सितंबर 2005 और केंद्र ने जनवरी 2004 से पुरानी पेंशन बंद कर दी थी। PFRDA बिल के माध्यम से जो नई व्यवस्था लाई गई है, वह कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा छीनने जैसी है। आज का यह प्रदर्शन तो सिर्फ एक शुरुआत है। यदि सरकार ज्ञापन में दर्ज हमारी मांगों पर संज्ञान नहीं लेती है, तो राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान भारी संख्या में कर्मचारी संघ के सदस्य लाल झंडों और बैनरों के साथ समाहरणालय के नजदीक डटे रहे।

**दो एमईएमयू पैसेंजर ट्रेनों की संशोधित समयसूची**

**साहिबगंज और भागलपुर एवं रामपुरहाट और साहिबगंज के बीच**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **63405 रामपुरहाट–साहिबगंज एमईएमयू पैसेंजर और 63411 साहिबगंज–भागलपुर एमईएमयू पैसेंजर** ट्रेनों की समयसूची को दिनांक **01.03.2026** से निम्नानुसार संशोधित किया जाएगा:

● **63405 रामपुरहाट – साहिबगंज एमईएमयू पैसेंजर : संशोधित समयसूची: रामपुरहाट : प्रस्थान** 06.10 बजे, **स्वादिनपुर : आगमन** 06.18 बजे, **प्रस्थान** 06.19 बजे, **नलहाटी : आगमन** 06.26 बजे, **प्रस्थान** 06.27 बजे, **चतरा : आगमन** 06.35 बजे, **प्रस्थान** 06.36 बजे, **मुरारई : आगमन** 06.43 बजे, **प्रस्थान** 06.44 बजे, **बांशलई ब्रिज : आगमन** 06.49 बजे, **प्रस्थान** 06.50 बजे, **राजग्राम : आगमन** 06.56 बजे, **प्रस्थान** 06.57 बजे, **नगरनबी : आगमन** 07.03 बजे, **प्रस्थान** 07.04 बजे, **पाकुड़ : आगमन** 07.11 बजे, **प्रस्थान** 07.13 बजे, **तिलभीटा : आगमन** 07.19 बजे, **प्रस्थान** 07.20 बजे, **कोटालपोखर : आगमन** 07.27 बजे, **प्रस्थान** 07.28 बजे, **गुमानी : आगमन** 07.50 बजे, **प्रस्थान** 07.51 बजे, **बड़हरवा : आगमन** 07.59 बजे, **प्रस्थान** 08.01 बजे, **बाकुडी : आगमन** 08.09 बजे, **प्रस्थान** 08.10 बजे, **धमधमिया : आगमन** 08.14 बजे, **प्रस्थान** 08.15 बजे, **तीनपहाड़ : आगमन** 08.21 बजे, **प्रस्थान** 08.22 बजे, **कल्याणचक : आगमन** 08.27 बजे, **प्रस्थान** 08.28 बजे, **तालझारी: आगमन** 08.35 बजे, **प्रस्थान** 08.36 बजे, **करणपुरातोः आगमन** 08.42 बजे, **प्रस्थान** 08.43 बजे, **महाराजपुरः आगमन** 08.50 बजे, **प्रस्थान** 08.51 बजे, **सकरीगली: आगमन** 08.59 बजे, **प्रस्थान** 09.00 बजे, **साहिबगंजः आगमन** 09.25 बजे।

● **63411 साहिबगंज–भागलपुर एमईएमयू पैसेंजरः संशोधित समयसूचीः साहिबगंजः प्रस्थान** 09.30 बजे, **करमटोलाः आगमन** 09.39 बजे, **प्रस्थान** 09.40 बजे, **मिर्जाचौकीः आगमन** 09.48 बजे, **प्रस्थान** 09.49 बजे, **अम्मापाली हाल्टः आगमन** 09.54 बजे, **प्रस्थान** 09.55 बजे, **पीरपैंतीः आगमन** 10.01 बजे, **प्रस्थान** 10.02 बजे, **लक्ष्मीपुर भोरंगः आगमन** 10.08 बजे, **प्रस्थान** 10.09 बजे, **शिवनारायणपुरः आगमन** 10.15 बजे, **प्रस्थान** 10.16 बजे, **बिक्रमशिलाः आगमन** 10.23 बजे, **प्रस्थान** 10.24 बजे, **कहलगांवः आगमन** 10.31 बजे, **प्रस्थान** 10.32 बजे, **एकचारीः आगमन** 10.39 बजे, **प्रस्थान** 10.40 बजे, **घोघा : आगमन** 10.46 बजे, **प्रस्थान** 10.47 बजे, **लैलख ममलखा : आगमन** 10.54 बजे, **प्रस्थान** 10.55 बजे, **सबौर : आगमन** 11.03 बजे, **प्रस्थान** 11.04 बजे, **भागलपुर : आगमन** 11.25 बजे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 49–एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक 23.02.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** "आसनसोल मंडल– आसनसोल मंडल के तहत मेल/एक्सप्रेस स्टॉपेज वाले विभिन्न स्टेशनों पर आईपीआईएस आधारित टीआईबी/सीआईबी डिस्प्ले सिस्टम का प्रावधान"। **निविदा मूल्यः** रु. 6,76,56,771.35, **बयाना राशिः** रु. 4,88,300/–, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 18.03.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः** **http://www.ireps.gov.in**

ASN-367/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–409, दिनांक 23.02.2026,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम** : 3 वर्ष के लिए मालदा मंडल के भागलपुर/मालदा टाउन डिपो की ईओजी/एचओजी टाइप एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए पावर कारों में व्यवस्थित ग्रीव्स कॉटन प्रस्तुत 500 केवीए 750 डीए (डीजल अल्टरनेटर) सेट के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। प्रत्येक पावर कार में 02 डीजी सेट हैं। **निविदा मूल्य :** रु. 1,79,74,193/–, **बयाना राशिः** रु. 2,39,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 03.03.2026 से 17.03.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पटः वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-348/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. 284_2025–26 एवं 285_2025–26, दिनांकः 24.02.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा। क्रम सं. 1, ई–निविदा सं. 284_2025–26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत एनएचटी और आरजेजी यार्ड, आरपीएच यार्ड, पीकेआर यार्ड और आसपास के क्षेत्रों में कीचड़ निपटान, सैंड हम्प, पाथवे का प्रावधान और जल निकासी कार्यों में सुधार। **अनुमानित मूल्य :** रु. 7,64,37,074.15, **बयाना राशि :** रु. 5,32,200/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)** : शून्य। **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं. 285_2025–26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत एईएन/आरपीएच के अधीन यार्ड के सुधार एवं यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी.वे कार्य (एनएचटी, आरजेजी, पीकेआर और आरपीएच में) जैसे सीटीआर(एस)–12.807 किमी, टीबीआर–5.246 किमी, टीटीआर–17 सेट, लिफ्टिंग, डीप स्क्रीनिंग, टर्न आउट का सुधार और अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,21,40,943.59, **बयाना राशि :** रु. 3,10,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)** : शून्य। **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 18.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-645/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में छात्रा को रोकने की शिकायत

**आरा**| जिले के एक निजी विद्यालय में 11 वर्षीय छात्रा को स्कूल में छुट्टी के बाद भी रोकने की शिकायत उसके अभिभावक ने प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को लिखित में किया है। कहा कि उनकी पुत्री कक्षा-5 की छात्रा है। 25 फरवरी को बिना सूचना दोपहर लगभग 2:15 विद्यालय प्रबंधन ने बच्ची को लगभग दो घंटे तक स्कूल में रोके रखा। बाद में घर भेजा। बच्ची मानसिक रूप से घबराई हुई थी। विद्यालय प्रशासन ने रोकने का स्पष्ट कारण नहीं बताया।

### पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय को किया सम्मानित

**आरा**| पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय आरा को वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान 20 फरवरी 2026 को अगरतला (त्रिपुरा) में आयोजित पूर्व, पूर्वोत्तर एवं उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। पुरस्कार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की सचिव अंशुली आर्या एवं संयुक्त सचिव डॉ. निधि पाण्डेय की उपस्थिति में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों मंडल प्रमुख संदीप डोंगरे एवं डॉ. पूनम कुमारी द्वारा ग्रहण किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह तथा त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा सहित विभिन्न राज्यों के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि मंडल कार्यालय आरा द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यालयी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग तथा विभिन्न राजभाषा कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि से बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण है। पुरस्कार के साथ बैंक के अधिकारी।

### जीरो माइल- पातर-असनी सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार को जीरो माइल क्षेत्र का दौरा कर जीरो माइल- पातर व जीरो माइल-असनी सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा की। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाए। इसके साथ ही जीरो माइल में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने व निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### बिहार पुलिस सप्ताह, छात्राओं को सिखाया स्वावलंबन का पाठ

**आरा**। बिहार पुलिस सप्ताह के चौथे दिन भोजपुर पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव को मिटाना था।अभियान के तहत मध्य विद्यालय मौलाबाग में छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को सुरक्षा संबंधी टिप्स दिए और बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में वे कैसे पुलिस की मदद ले सकती हैं। वहीं गर्ल्स हाई स्कूल शाहपुर में महिला एवं बाल सशक्तिकरण विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### बढ़ते अपराध पर माले का हमला सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग

**बक्सर**।सूबे में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी-लेनिनवा दी) लिबरेशन (भाकपा-माले) ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के जिला सचिव नवीन कुमार ने हत्या, हत्या के प्रयास, दुष्कर्म और डकैती जैसी घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार और उसकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के शासन में अपराधियों और दबंगों का मनोबल बढ़ा है। नवीन कुमार ने चौसा में वरमाला के दौरान दुल्हन को गोली मारने की घटना को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं आम लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करती हैं। पार्टी नेता ने हाल के अन्य मामलों नीट छात्रा के कथित बलात्कार-हत्या, चक्की में युवती का संदिग्ध शव मिलने और सोनवर्षा थानाक्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं से साफ संकेत मिलता है ।

### भक्तों ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर मंगल कामना की

**बक्सर**। इटाढ़ी प्रखंड के खखड़ही गांव में आयोजित रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला का परिक्रमा कर मंगल कामना की। विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय मीडिया राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक अशोक उपाध्याय ने बताया कि बीते 22 फरवरी से प्रारंभ हुए इस महायज्ञ में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु यज्ञशाला की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं। पूरे क्षेत्र में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान है। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को शिव मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इस अवसर पर सनातन धर्म से जुड़े कई धर्माचार्य एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं 27 फरवरी को महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करेंगे। मुख्य आयोजक राम भवन उपाध्याय सहित यज्ञ समिति के सेवक नितेश उपाध्याय, अजय पटेल, बनारसी शर्मा, अशोक शर्मा, मारकंडे चौधरी, अवधेश चौधरी, पवन उपाध्याय, तेलुगु राज चौधरी, धनजी उपाध्याय आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### वीकेएसयू के मनोविज्ञान विभाग में मनाया गया होली मिलन समारोह

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. लतिका वर्मा की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम में पीजी सेमेस्टर-2 एवं सेमेस्टर-4 के विद्यार्थियों ने भाग लिया और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने मनभावन होली गीत प्रस्तुत किए तथा आकर्षक नृत्य से वातावरण को रंगीन बना दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. लतिका वर्मा ने होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। डॉ. वाचस्पति दूबे ने राधा-कृष्ण पर आधारित भजन की प्रस्तुति दी और उसके भावार्थ को भी समझाया। समारोह में प्रो. यशवंत कुमार, प्रियंका पाठक सहित विभाग के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। पीएचडी के शोधार्थियों ने भी उत्साह के साथ कार्यक्रम में भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन अंजली ने की। मौके पर अभिषेक तिवारी, विकास, पुष्पलता और काजल सहित कई मौजूद थे।

### आज 4 घंटे नहीं रहेगी बिजली

**आरा**। आरा शहर के मारुति नगर फीडर और मझौवां फीडर से 04:00 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आज 26 फरवरी दिन गुरुवार की सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक बजे तक सप्लाई बाधित होनी है। साथ ही इस क्षेत्र के सभी पोल व जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी। सहायक विद्युत अभियंत ने बताया कि 11 kv मारुति नगर फीडर और मझौवां फीडर के मेन लाइन में सट रहे पेड़ के डाल की छटाई और अन्य मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा।

# डीजल चोरी करने वाले 2 चोर हुए गिरफ्तार, 2 हजार लीटर डीजल बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। आरा में तेल पाइपलाइन से चोरी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। मामले में गजराजगंज थाना की पुलिस ने गैंग के 2 सदस्यों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने नवादबेन के पास छापेमारी के दौरान पिकअप से गैलनों से भरे करीब 2,000 लीटर डीजल भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश केन्नौज निवासी सुनील कुमार और अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अमेहता गांव निवासी चंद्रमा राम के रूप में की गई है। गिरोह के 2 अन्य सदस्य मौके से फरार हो गए।

**बरौनी तेल पाइपलाइन से चोरी-छिपे डीजल निकालने की मिली सूचनाः** एसपी राज के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इंडियन ऑयल की बरौनी तेल पाइपलाइन से चोरी-छिपे डीजल निकाला जा रहा है। पुलिस ने एक विशेष टीम गठित कर इलाके में लगातार निगरानी शुरू कर दी थी। इसी क्रम में नवादाबेन के पास पाइपलाइन के वॉल्व को काटकर तेल चोरी किए जाने की शिकायत पर तत्काल छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके पर मौजूद 2 आरोपितों को रंगे हाथ पकड़ लिया, जबकि उनके 2 साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

**बाकी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रहीः** पुलिस ने घटनास्थल से एक पिकअप जब्त किया, जिस पर एक-एक हजार लीटर क्षमता के 2 गैलनों में कुल 2 हजार लीटर डीजल लदा था। डीजल की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। एसपी ने बताया कि मामले में 4 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पाइपलाइन से तेल चोरी का यह संगठित गिरोह लंबे समय से सक्रिय हो सकता है, जिसकी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में तेल चोरी के नेटवर्क पर बड़ी चोट मानी जा रही है और अन्य संभावित संलिप्त लोगों की भी पहचान की जा रही है।

♦ इंडियन ऑयल की बरौनी पाइपलाइन का वॉल्व काटकर कर रहे थे चोरी

## डांसर संग वीडियो वायरल होने पर एएसआई मनीष कुमार निलंबित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के बगेनगोला थाना में तैनात एएसआई मनीष कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कर्तव्य में लापरवाही और अनुशासनहीन आचरण का आरोप है। यह कार्रवाई दो दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद की गई है। वायरल वीडियो में एएसआई मनीष कुमार एक कार्यक्रम में एक महिला डांसर के साथ आपत्तिजनक हरकतें करते दिख रहे हैं। वीडियो में उन्हें डांसर को बांहों में लेते और गाल से गाल सटाते हुए देखा गया है। इन अनुचित गतिविधियों के कैमरे में कैद होने और वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस विभाग की छवि पर सवाल उठने लगे थे।

**ASI को किया गया निलंबितः** मामले की गंभीरता को देखते हुए बक्सर के पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डुमरांव को जांच का निर्देश दिया। प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सत्य पाए जाने के बाद एएसआई मनीष कुमार को निलंबित कर दिया गया है और उन्हें सामान्य जीवन यापन भत्ता पर रखा गया है। विस्तृत जांच अभी जारी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि पुलिस बल की गरिमा, अनुशासन और आचरण नियमावली के विरुद्ध किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि यदि जांच में दोष सिद्ध होता है, तो संबंधित कर्मी के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि बक्सर पुलिस अनुशासन के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति का पालन कर रही है और विभाग की साख से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## आभूषण दुकान में तोड़फोड़ करने वाला एक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपाली चौक स्थित एक आभूषण दुकान में मंगलवार को हंगामा-तोड़फोड़ हुआ था। मामले को लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। महाजन टोली नंबर-एक निवासी पीड़ित दुकानदार निखिल जैन के बयान पर दर्ज एफआईआर में गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ गांव निवासी मुन्नू सिंह और मुकेश सिंह को नामजद आरोपित बनाया गया है, जबकि 10-12 अज्ञात लोगों को भी इस मामले में आरोपित किया गया है। पुलिस ने नामजद आरोपित मुन्नू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपित की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

**रुपए मांगने पर बढ़ा विवादः** प्राथमिकी के अनुसार घटना मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे की है, जब दोनों नामजद आरोपित अपने सहयोगियों के साथ गोपाली चौक स्थित ज्वेलरी दुकान पर पहुंचे और जेवरात देने की मांग करने लगे। दुकानदार ने जब उनसे पैसे देने को कहा तो आरोपितों ने पुराने बकाया और ब्याज का हवाला दिया। पीड़ित दुकानदार ने किसी भी प्रकार के बकाया से साफ इनकार किया, जिसके बाद आरोपितों ने आक्रोशित होकर दुकान में जमकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान दुकान में रखे सामान को नुकसान पहुंचाया गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

**जान से मारने की नीयत से हमले का आरोपः** एफआईआर में यह भी बताया गया है कि दुकानदार की ओर से विरोध करने पर आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की और जान मारने की नीयत से हमला करने का भी प्रयास किया। अचानक घटना से आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में अफरातफरी मच गई। स्थिति बिगड़ती देख किसी ने डायल-112 पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित मुन्नू सिंह ने पूछताछ में करीब 15 लाख रुपए बकाया होने और जेवरात नहीं मिलने के कारण घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपित मुकेश सिंह और अन्य अज्ञात लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवारों ने युवक को मारी गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में बुदवार की रात एक युवक को गोली मार दी गई। बुलेट बाएं साइड गर्दन में लगी है। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिजन उसे इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा कि फेसबुक पर कमेंट को लेकर विवाद हुआ था। इसी खुन्नस में गोलीबारी हुई है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव और ध्यानी टोला के बीच की है।

**चलती बाइक से फायरिंगः** जख्मी युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के कनई गांव निवासी जय गोपाल सिंह का 23 वर्षीय बेटा चंदन कुमार है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। चंदन कुमार ने बताया कि 3 दिन पहले फेसबुक पर गांव के भांजे ने मेरे स्टोरी पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसका मैंने विरोध किया था। उसी समय उसने कहा था कि मैं जो करूंगा उसे अच्छे से देख लेना और संभाल लेना। इसी बीच बुधवार की रात मैं बाइक से अपने गांव से गड़हनी थाना क्षेत्र के लहरपा गांव अपने दोस्त यशवंत के बारात में शामिल होने के लिए जा रहा था। उसी दौरान सेमरांव गांव के समीप एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने पहले ओवरटेक किया। इसके बाद उसे गोली मार दी। चलती बाइक से गोली मारते हुए सभी फरार हो गए।

**3 दिन पहले फेसबुक पर कमेंट किया थाः** खून से लथपथ हालत में जख्मी युवक ने अपने परिजन को सूचना दी। इसके बाद उसे इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। दूसरी तरफ जख्मी चंदन कुमार ने बताया कि 3 दिन पहले ही गांव के रिश्ते में लगने वाले भांजे से फेसबुक पर कमेंट में गाली देने को लेकर विवाद हुआ था। उसी विवाद के कारण हथियारबंद बदमाशों ने गोली मारी है।

# होलिका दहन पर भद्रा का साया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। इस वर्ष भी होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा। यानी पूरी रात भद्रा का साया रहेगा। होलिका दहन के समय को लेकर विद्वानों में मतभेद है। सूर्य मंदिर के पुजारी ज्योतिषाचार्य आशुतोष पांडेय आचार्य पं. देवानंद पाठक के अनुसार शास्त्रों में होलिका दहन के लिए 3 आवश्यक शर्तें बताई गई है। इसके तहत पूर्णिमा तिथि, भद्रा मुक्त समय और राशि काल होना चाहिए। इस वर्ष दो मार्च की शाम 5.31 बजे से तीन मार्च सुबह 5.10 बजे तक भद्रा रहेगा। भद्रा के मुख काल में दहन वर्जित होता है। इस वर्ष फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 2 दिनों तक रहने की वजह से होली के त्योहार की तिथि में बदलाव हुआ है। पंचांग के अनुसार इस बार रंगों का त्योहार होली 4 मार्च को मनाया जायेगा। जबकि 2- 3 मार्च रात्री में होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक सशक्त सांस्कृतिक परंपरा है। इस दिन मोहल्लों और गांवों में लोग सामूहिक रूप से लकड़ियां एकत्र करना, पूजा-अर्चना करना और अग्नि की परिक्रमा करना आपसी सहयोग और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। यह परंपरा समाज को यह संदेश देती है कि नकारात्मकता, ईर्ष्या और द्वेष को अग्नि में समर्पित कर प्रेम, सद्भाव और एकता को अपनाया जाए। 4 मार्च को रंगों का त्योहार होली फाल्गुन शुक्ल की पूर्णिमा तिथी 2 दिन होने से इस बार होलिका दहन के एक दिन बाद यानी 4 मार्च को होली मनाई जाएगी। 27 फरवरी को आमलकी एकादशी व्रत व रंगभरी एकादशी, 28 फरवरी को गोविंद द्वादशी और 2 मार्च को होलिका दहन है।फाल्गुन पूर्णिमा का व्रत 2 मार्च को और स्नान-दान की पूर्णिमा 3 मार्च मंगलवार को है। 4 मार्च क धूमधाम के साथ रंगों का त्योहार होली मनायी जाएगी। 12:50 से 2:02 बजे के बीच होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा व्रत 2 मार्च को रखा जाएगा। वहीं 3 मार्च को स्नान-दान की पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दिन श्रद्धालु धार्मिक विधि-विधान से स्नान कर दान-पुण्य करेंगे। शास्त्रों में कहा गया है कि भद्रा के समय होलिका दहन नहीं किया जाता, लेकिन अगर पूरी रात भद्रा हो तो भद्रा के पुच्छ भाग में दहन करना शुभ माना जाता है। 2 मार्च को शाम 5:18 बजे से भद्रा चढ़ रहा है और 3 की सुबह 4:56 बजे तक रहेगा। होलिका दहन में भद्रा के मुख का परित्याग किया जाता है। जबकि पूंछ को ग्रहण किया जाता है, इसलिए होलिका दहन 2 मार्च को भद्रा पूंछ में रात्रि 12:50 बजे से किया जाएगा। भद्रा का पुच्छ भाग रात 12 बजकर 50 मिनट से रात 2 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। यही समय होलिका दहन के लिए सबसे अच्छा माना गया है। यानी 2-3मार्च की रात 12:50 से 2:02 के बीच होलिका दहन करना शुभ रहेगा। यह करीब 1 घंटा 12 मिनट का समय है। वहीं विद्वत परिषद बक्सर के ज्योतिषाचार्य आचार्य त्रय नरोत्तम द्विवेदी के अनुसार 2 मार्च को रात्री 11:53 बजे से रात्री 12:50 बजे तक होलिका दहन किया जा सकेगा

## ब्रह्मपुर में बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री, शिक्षा के लिए किया प्रेरित





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर**। पुलिस सप्ताह के तहत बुधवार को ब्रह्मपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 स्थित दलित बस्ती में अवस्थित हरिजन प्राथमिक विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों स्कूली बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, पेन सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और वंचित वर्गों तक शैक्षणिक सहयोग पहुंचाना था। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि पुलिस सप्ताह के अवसर पर बिहार पुलिस द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विद्यालय के बच्चों को पढ़ाई से जुड़ी सामग्री उपलब्ध कराई गई, ताकि संसाधनों की कमी उनकी शिक्षा में बाधा न बने। उन्होंने बच्चों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में अनुशासन अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और स्थानीय अभिभावकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाते हैं और पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं।

## डीजे व अश्लील गानों पर रहेगा प्रतिबंध

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। होली पर्व एवं ईद-उल-फितर के मद्देनजर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता साहिला एवं शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से की। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर अपने सुझाव रखे। डीएम ने बताया कि 3 व 4 मार्च को होली मनाई जाएगी, जबकि 2 मार्च की रात होलिका दहन होगा। होली के अवसर पर डीजे एवं अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और सभी थानाध्यक्षों को इसका सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। होलिका दहन स्थलों का सत्यापन अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर व डुमरांव से कराने तथा दहन के बाद अवशेषों के समुचित निष्पादन के निर्देश दिए गए। साथ ही होली से पूर्व होटल व लॉज की सघन जांच, नगर परिषद द्वारा साफ-सफाई तथा सभी सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने पर जोर दिया गया। एसपी शुभम आर्य ने बताया कि पर्व के दौरान मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती होगी तथा संवेदनशील स्थलों पर बाइक पेट्रोलिंग कराई जाएगी। होली के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा और क्यूआरटी टीम भी सक्रिय रहेगी। बैठक में शराबबंदी कानून के मद्देनजर नशाखोरी व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने, शराब माफिया को चिन्हित करने तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। ईद-उल-फितर 21 मार्च को मनाए जाने की संभावना जताते हुए 20 मार्च को अंतिम जुम्मे की नमाज के मद्देनजर ईदगाहों व मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल व रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निकायों को दिए गए। समिति के सदस्यों से अपील की गई कि वे लोगों को शांति व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने के लिए जागरूक करें और किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को दें।

## बच्चों के विकास में खेलकूद का अहम योगदान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। चुरामनपुर स्थित ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल में बुधवार को 6ठवां वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आगाज हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चे काफी उत्साहित दिखे।कार्यक्रम का उद्घाटन मोंटेसरी वर्ग के बच्चों द्वारा आकर्षक फ्लैग मार्च के साथ हुआ तथा विद्यालय प्रबंधक धीरज पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की औपचारिक शुरुआत की। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक धीरज पांडेय ने कहा कि खेल-कूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया तथा स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के पहले दिन मोंटेसरी वर्ग के बच्चों के बीच अल्फाबेट गेम, स्वीट रेस और मैथ्स रेस का आयोजन किया गया। वहीं कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों के बीच मैथ्स रेस, दौड़ प्रतियोगिता तथा टग ऑफ वॉर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं सीनियर वर्ग में बालक और बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। चार लीग मुकाबलों के बाद गंगा हाउस की बालिकाओं ने खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालक वर्ग में लीग मुकाबलों के बाद लिली हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर कामिनी, अर्चना, जागृति, अंजु, पवन, अंजली, निशि, संजना, उमेश, भूपेंद्र, मुस्कान, सिंधु, राम कुमार दुबे, सुष्मिता, रजनीश, राहुल, राहुल जायसवाल, सनोज, काजोल, अंकित सहित सैकड़ों अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप प्रमुख धर्मेंद्र पांडेय द्वारा किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पवन सिंह पर भड़कीं अक्षरा, कहा-10 जगह मुंह मारता है, क्या जिंदगी भर मेरे साथ चिपका रहेगा

**पटना।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह की एक्स गर्लफ्रेंड अक्षरा सिंह ने बिना उनका नाम लिए उनपर जोरदार हमला किया है। अक्षरा सिंह ने पवन सिंह के साथ पुराने रिश्तों पर कहा, "इस बात को जमाना बीत चुका है। मुझे भी अपना जीवन बसाना है। एक ही जगह उलझ कर नहीं रह सकती।" वो दस जगह लड़कियों के साथ इधर-उधर घूम रहा है, उससे कोई सवाल नहीं पूछ रहा। उसका चरित्र सबके सामने है। मेरा एक अफेयर हो गया तो मैं गुनहगार हो गई।मुझे कोई चैन से जीने नहीं दे रहा। क्या सिर्फ इसलिए कि मैं लड़की हूं? क्या यह मेरा गुनाह है? पॉडकास्ट के दौरान जब अक्षरा सिंह से पूछा गया कि क्या अभी भी पवन सिंह के लिए उनके दिल में सॉफ्ट कॉर्नर है तो वे झिझकी नहीं, बल्कि उन्होंने दो टूक जवाब देकर ऐसा सोचने वालों की बोलती बंद कर दी। उन्होंने पूछा, 'वो हैं कौन?' सवालों में उलझी अक्षरा ने कहा, 'अब लोग कहेंगे कि हर बार उसी का टॉपिक ले आती हैं। अरे मैं क्या करूं, मुझसे पूछा जाता है हर बार जैसे अभी आपने पूछा। कहीं और जाऊंगी तो फिर से यही सवाल किया जाएगा। हो गई बहुत पुरानी बात, एक टाइम पर एक पॉडकास्ट में मैंने सारी बातें कह दी थी। मैंने तभी ये कहा था कि मैं अब इस टॉपिक पर बार-बार बात नहीं करूंगी। वो मेरा अतीत था, इसे लेकर नहीं घूम सकती।' करीब 6 महीने पहले पवन सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें पवन सिंह हरियाणवी एक्ट्रेस की स्टेज पर कमर छुते दिखे थे। इसे लेकर काफी कॉन्ट्रवर्सी भी हुई थी। बाद में हरियाणवी एक्ट्रेस ने भोजपुरी फिल्मों में काम करने से तौबा कर लिया। इसे लेकर जब अक्षरा सिंह से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'उस दिन उस एक्ट्रेस की गलती थी। अगर कोई आपको छूता है, तो आपको तुरंत रिएक्शन देना चाहिए।'

### दिल्ली में पत्नी और 3 बेटियों की गला रेतकर हत्या, सोते समय वारदात को अंजाम दिया

**पटना।** दिल्ली के समयपुर बादली में एक ही परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या हुई। किराए के कमरे में महिला और उसकी तीन बेटियों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान अनीता (32), अनुष्का (5), मुस्कान (4) और पल्लवी के रूप में हुई है। घटना चंदन पार्क की गली नंबर-3 स्थित मकान की है। पति पर पत्नी और बेटियों की हत्या करने का आरोप है। आरोपी पति मुनचुन के पिता रामबालक केवट और मां पटना के बाढ़ में रहते हैं। उसके तीन भाई भी दिल्ली में आजादपुर सब्जी मंडी में मजदूरी करते हैं। चारों पीड़ितों का गला धारदार हथियार से काटा गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमला इतना जोर से किया गया था कि उनकी श्वास नली भी कट गई थीं। पुलिस ने घटनास्थल को बहुत क्रूर बताया। घटना के बाद से आरोपी पति मुंचुन केवट लापता है। पुलिस उसे संदिग्ध मानकर चल रही है। पुलिस ने कहा कि जांचकर्ता अवैध संबंध सहित सभी संभावित पहलुओं की भी जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हत्या का कारण बेटे का न होना हो सकता है। मंगलवार रात करीब 9 बजे पति-पत्नी के बीच विवाद भी हुआ था। इधर, रूबी नाम की एक रिश्तेदार ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि केवट और उसकी पत्नी पिछले दो सालों से दिल्ली में रह रहे थे और पति-पत्नी के बीच आमतौर पर झगड़े नहीं होते थे। परिवार आठ महीने पहले ही बिहार से दिल्ली गया था। पुलिस को शक है कि चारों को पहले नशीला पदार्थ देकर बेहोश किया गया और फिर हत्या की गई, क्योंकि इतनी बड़ी घटना के बावजूद किसी ने चीखने-चिल्लाने की आवाज नहीं सुनी गई।

### फर्जी लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहें-एसडीपीओ

**हाजीपुर।** वैशाली में 26 फरवरी को बिहार पुलिस सप्ताह के पांचवें दिन एक साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वैशाली विक्रम सिहाग के निर्देश पर सीवी. रमन विश्वविद्यालय में हुआ। इसमें पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष और साइबर थाना टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित 'क्या करें और क्या न करें' (Do's & Don'ts) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के नवीनतम तरीकों, उनसे उत्पन्न चुनौतियों और स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों से अवगत कराया गया। सत्र में छात्र-छात्राओं को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इसमें राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, पोर्टल cybercrime.gov.in और साइबर थाना की भूमिका शामिल थी। उन्हें साइबर बुलिंग से बचाव के उपाय भी बताए गए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न प्रकार की साइबर ठगी जैसे APK फाइल फ्रॉड, बिजली मीटर अपडेट फ्रॉड, RTO चालान APK फ्रॉड और क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को सभी सोशल मीडिया ऐप्स में टू-स्टेप वेरिफिकेशन चालू रखने और फर्जी लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहने की सलाह दी गई। उन्हें OTP, CVV, पासवर्ड और अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करने की हिदायत भी दी गई। फर्जी ऑनलाइन गेम्स और डिजिटल अरेस्ट जैसी ठगी से सतर्क रहने के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की और अपनी समस्याओं व जिज्ञासाओं को साझा किया। उन्हें साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### पीयू छात्र संघ चुनाव, आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का प्रेसिडेंशियल डिबेट जारी

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। आज शाम 5 बजे तक ही प्रत्याशी प्रचार कर सकते हैं। पटना साइंस कॉलेज में आज प्रेसिडेंशियल डिबेट शुरू हो गया है। अध्यक्ष पद के सभी 11 उम्मीदवारों को 5-5 मिनट का समय दिया गया है। उम्मीदवारों को अनुशासन में रहकर अपनी बातें रखने को कहा गया है। यह प्रेसिडेंशियल डिबेट 25 फरवरी को पटना वीमेंस कॉलेज में आयोजित होने वाला था, लेकिन एक हफ्ते पहले एक छात्र संघ के द्वारा कॉलेज में जबरदस्ती घुसकर चुनाव प्रचार किया था। इसके बाद प्रेसिडेंशियल डिबेट को कैंसिल कर दिया गया था। पटना विश्वविद्यालय के विधि पदाधिकारी सह मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेंद्र पासवान ने बताया कि, कुलपति प्रोफेसर नमिता सिंह के निर्देश पर पूर्व में ही केंद्रीय चुनाव समिति ने 26 को डिबेट निर्धारित किया था, जिसे लेकर बुधवार को पुनः सूचना जारी की गई। पटना यूनिवर्सिटी में कई प्रमुख मुद्दे हैं। इनमें पीयू को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिले। नेशनल रैंकिंग में टॉप 100 में जगह बनाना, रिसर्च लैब को शुरू करना, लाइब्रेरी ऑटोमेशन, कॉलेजों में लैब अपग्रेड कराना, इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट, खिलाड़ियों को लिए कोच और खेल सामग्री की व्यवस्था, शिक्षकों की पर्याप्त संख्या, हॉस्टलों में बेहतर सुविधाएं, कॉलेजों में कैंटीन और हॉस्टलों में मेस की व्यवस्था प्रमुख है।

### बिहार में खुलेगा पहला वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स इन्क्यूबेशन सेंटर

**पटना।** बिहार में खेलों के समग्र विकास के लिए जल्द ही एक वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स इन्क्यूबेशन सेंटर खोला जाएगा। यह राज्य का पहला ऐसा केंद्र होगा। इसकी स्थापना के लिए स्थान और अन्य औपचारिकताओं पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। इस इन्क्यूबेशन सेंटर में खेल की आधारभूत संरचनाओं, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट, स्पोर्ट्स साइंस, खेल के क्षेत्र में शोध एवं विकास, स्पोर्ट्स एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक तरीके से काम किया जाएगा। उद्देश्य यह है कि इन नवाचारों को प्रभावी ढंग से लागू कर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में ठोस सुधार लाया जा सके। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि, 'खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, IIT पटना, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना और IIM बोधगया के संयुक्त मार्गदर्शन और प्रयास से राज्य में एक अत्याधुनिक विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इन्क्यूबेशन सेंटर खोलने पर विशेषज्ञों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। यह बुनियादी स्तर से लेकर उच्च स्तर के खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सकारात्मक बदलाव लाएगा।'

# अमित शाह ने एसएसबी जवानों से किया संवाद 170 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

## सीमांचल से घुसपैठिया मुक्त भारत अभियान की घोषणा, सीमा से 10 किमी के भीतर अवैध निर्माण हटाने की बात







सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** अररिया में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल के जवानों से संवाद किया और बॉर्डर आउट पोस्ट लेटी व इंदरवा का उद्घाटन किया। इस दौरान एसएसबी की कई परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और ई-शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि लगभग 170 करोड़ रुपये की लागत से एसएसबी जवानों की सुविधाओं को सुदृढ़ करने वाले कार्यों का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की प्राथमिकता है कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों और उनके परिवारों को बेहतर आवास, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सुविधाएं मिलें।

उन्होंने बताया कि भारत-नेपाल सीमा सड़क योजना के तहत 554 किलोमीटर लंबी सीमा सड़क को स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 18 खंडों में 14 पर कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना पर स्वीकृत 2468 करोड़ रुपये में से 2336 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उनके अनुसार, सड़क निर्माण से सीमा निगरानी क्षमता कई गुना बढ़ेगी और जवानों की तैनाती अधिक प्रभावी होगी। अमित शाह ने अपने संबोधन में घुसपैठ के मुद्दे पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि बिहार को घुसपैठियों से मुक्त करना केवल चुनावी वादा नहीं बल्कि सरकार का संकल्प है। सीमांचल से घुसपैठिया मुक्त भारत अभियान जल्द शुरू करने की बात कहते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि सीमा से 10 किलोमीटर के भीतर बने अवैध निर्माणों को हटाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि घुसपैठ से जनसांख्यिकी परिवर्तन होता है, जो किसी भी देश की संस्कृति, इतिहास और भूगोल के लिए गंभीर चुनौती है। सरकार इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में सरकार बनने पर सीमा पर बाड़बंदी का कार्य प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। गृह मंत्री ने एसएसबी की भूमिका का उल्लेख करते हुए बताया कि खुली भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमा की सुरक्षा चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में जवानों को सतर्क रहकर तस्करी, नारकोटिक्स और अन्य अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखनी होगी। उन्होंने अधिकारियों को संभावित खतरों के आकलन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने एसएसबी जवानों के साथ भोजन भी किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए वायब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम के माध्यम से आधारभूत संरचना, सड़क, बिजली और संचार सुविधाओं में सुधार किया जा रहा है, ताकि सीमांत क्षेत्र मजबूत और आत्मनिर्भर बन सकें। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने वीर सावरकर की पुण्यतिथि का उल्लेख करते हुए उनके योगदान को याद किया और कहा कि देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति समर्पण ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

### आईआईटी अमहारा थाना क्षेत्र में छापेमारी, 11 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना जिले के आईआईटी अमहारा थाना क्षेत्र के पड़री गांव में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में 11 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई तथा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उमेश पासवान, पिता स्वर्गीय मेघनाथ पासवान, उम्र 60 वर्ष तथा मंजीत कुमार, पिता राजवंशी पासवान के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित अवैध रूप से महुआ शराब का भंडारण कर बिक्री कर रहे थे। छापेमारी के दौरान मौके से कुल 11 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की गई। थानाध्यक्ष रौशन कुमार राज ने बताया कि राज्य में लागू शराबबंदी कानून के तहत अवैध निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया



जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना मिलने के बाद टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप यह सफलता मिली। दोनों आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अदालत के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के कारोबार पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि इस पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

# कंकड़बाग में विम्स टेक्नोलॉजी का नया कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र को मिला विस्तार

## स्थानीय युवाओं को रोजगार और डिजिटल कौशल देने की दिशा में कंपनी की पहल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। राजधानी के कंकड़बाग इलाके में (विम्स टेक्नोलॉजी) के नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक सतीश कुमार और मुख्य तकनीकी अधिकारी अमर कुमार ने संयुक्त रूप से बिहार के युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उद्घाटन समारोह के दौरान कंपनी प्रबंधन ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल व्यवसाय का विस्तार करना नहीं, बल्कि राज्य में मजबूत सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र तैयार करना है। उन्होंने बताया कि कंपनी सॉफ्टवेयर विकास, डिजिटल समाधान और



तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इसके माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराया जा रहा है। कंपनी के अनुसार, उत्पाद आधारित और ग्राहक आधारित दोनों प्रकार की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सेवा क्षेत्र से जुड़े कई डिजिटल उत्पाद विकसित किए गए हैं, जिनका उपयोग विभिन्न संस्थान कर रहे हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ और तकनीक आधारित बनाना है। प्रबंधन ने बताया कि कंपनी बिहार के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी अपनी तकनीकी सेवाएं दे रही है। बेंगलुरु, भोपाल और रांची जैसे शहरों में भी परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इसके साथ ही उभरते उद्यमियों और युवाओं को तकनीकी मार्गदर्शन और मंच उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे अपने विचारों को व्यवसाय में बदल सकें। सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों का मानना है कि राजधानी में इस तरह के नए कार्यालय खुलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इससे युवाओं का पलायन कम हो सकता है और राज्य में डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा कि आने वाले समय में प्रशिक्षण कार्यक्रम, इंटर्नशिप और प्रत्यक्ष परियोजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ा जाएगा। उनका लक्ष्य है कि पटना को क्षेत्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित किया जाए और बिहार को डिजिटल प्रगति की मुख्यधारा में आगे लाया जाए।

## पीडीएस दुकान की आड़ में चल रही अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

# सराय थाना क्षेत्र के शीतल भकुरहर गांव में छापेमारी, पांच लोग हिरासत में

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** वैशाली जिले में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सराय थाना क्षेत्र के शीतल भकुरहर गांव में चल रही एक अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार यह अवैध फैक्ट्री गांव निवासी अभिषेक राय के घर में जन वितरण प्रणाली की दुकान की आड़ में संचालित की जा रही थी।

रिहायशी इलाके के बीच चल रही इस गतिविधि से आसपास के लोग भी अचंभित हैं। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यहां लंबे समय से शराब का अवैध निर्माण और पैकेजिंग की जा रही थी। छापेमारी के दौरान सदर एसडीपीओ-2 गोपाल मंडल भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस टीम ने घर की तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांड के रैपर, बड़ी संख्या में खाली बोतलें, शराब बनाने के उपकरण, कच्चा माल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। जब्त सामग्री से स्पष्ट है कि यहां सुनियोजित तरीके से अवैध शराब तैयार कर बाजार में खपाई जा रही थी। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यह किसी संगठित गिरोह का नेटवर्क



हो सकता है, जो क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय था। हिरासत में लिए गए पांचों लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क और आपूर्ति श्रृंखला का खुलासा हो सके। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सघन टिकट जांच अभियान से 47.92 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित

♦ 7.14 लाख से अधिक बिना टिकट यात्रियों से वसूली, मेगा अभियान में 19.38 लाख रुपए संग्रह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सोनपुर।** सोनपुर मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 47.92 करोड़ रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया है। यह उपलब्धि सघन टिकट जांच अभियानों के कारण संभव हो सकी है। मंडल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कुल 7,14,687 बिना टिकट या अनियमित टिकट वाले यात्रियों से यह राशि वसूल की गई। हाल ही में मंडल ने विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया। वाणिज्य विभाग के निर्देश पर संचालित इस व्यापक अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रौशन कुमार ने किया। अभियान के दौरान विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में सघन जांच की गई। इस कार्रवाई में 2803 बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट वाले यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 19,38,490 रुपए का राजस्व वसूल किया गया। रेल अधिकारियों के अनुसार यह सफलता यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की बढ़ती जागरूकता,



नियमित निगरानी और टिकट जांच दल की सक्रियता का परिणाम है। मंडल ने स्पष्ट किया कि इन अभियानों का उद्देश्य केवल राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित संचालन, सुरक्षित यात्रा और ईमानदार यात्रियों के अधिकारों की रक्षा करना भी है। अधिकारियों ने बताया कि बिना टिकट यात्रा पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। यात्रियों से अपील की गई है कि वे वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें, ताकि अनावश्यक जुर्माना और कार्रवाई से बचा जा सके। सोनपुर मंडल ने कहा है कि भारतीय रेल की सेवा गुणवत्ता और राजस्व संरक्षण के लिए भविष्य में भी सघन जांच अभियान जारी रहेंगे, जिससे पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखा जा सके।

# होली पर चलेगी पांच जोड़ी विशेष ट्रेनें, यात्रियों की भीड़ को मिलेगी राहत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन, प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव

**हाजीपुर।** होली के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने पांच जोड़ी विशेष ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की है। 26 फरवरी 2026 को जारी सूचना के अनुसार विभिन्न रूटों पर अतिरिक्त सेवाएं चलाई जाएंगी, जिससे बिहार सहित आसपास के राज्यों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार इन ट्रेनों का परिचालन अलग-अलग तिथियों और दिनों में किया जाएगा। सभी ट्रेनों का ठहराव प्रमुख स्टेशनों पर निर्धारित किया गया है।

**लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं स्पेशल (05060/05059)**

लालकुआं-कोलकाता स्पेशल 5 मार्च से 26 मार्च 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को लालकुआं से 13:35 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को 23:55 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में 7 मार्च से 28 मार्च 2026 तक प्रत्येक शनिवार को कोलकाता से 05:00 बजे खुलकर अगले दिन 15:45 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह ट्रेन गोरखपुर, थावे, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, किउल सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

**सहरसा-पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल (05506/05505)**

सहरसा-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल 6 मार्च से 15 मार्च 2026 तक प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को सहरसा से 13:20 बजे खुलकर 15:30 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी। वापसी में 9 मार्च से 17 मार्च 2026 तक सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार और शनिवार को पूर्णिया कोर्ट से 15:00 बजे चलकर 18:30 बजे सहरसा पहुंचेगी। यह ट्रेन दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमंखी में ठहरेगी।

**सोगरिया-दानापुर-सोगरिया होली स्पेशल (09803/09804)**

सोगरिया-दानापुर होली स्पेशल 1 मार्च 2026 को सोगरिया से 23:10 बजे चलकर अगले दिन 23:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में 3 मार्च 2026 को दानापुर से 01:15 बजे खुलकर अगले दिन 01:10 बजे सोगरिया पहुंचेगी। यह ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, सतना, मैहर और कटनी सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

**डानकुनी-पटना-डानकुनी स्पेशल (03035/03036)**



डानकुनी-पटना स्पेशल 27 फरवरी और 4 मार्च 2026 को डानकुनी से 00:30 बजे प्रस्थान कर 14:45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में इन्हीं तिथियों को पटना से 16:15 बजे चलकर अगले दिन 07:00 बजे डानकुनी पहुंचेगी। यह ट्रेन फतुहा, बख्तियारपुर, मोकामा, किउल, झाझा और जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रुकेगी।

**गोमतीनगर-मालतीपाटपुर-गोमतीनगर स्पेशल (05064/05063)**

गोमतीनगर-मालतीपाटपुर स्पेशल 26 फरवरी से 26 मार्च 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को गोमतीनगर से 18:55 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 03:30 बजे मालतीपाटपुर पहुंचेगी। वापसी में 28 फरवरी से 28 मार्च 2026 तक प्रत्येक शनिवार को मालतीपाटपुर से 11:15 बजे चलकर अगले दिन 20:00 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। इसका परिचालन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और गया मार्ग से होगा।

रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व समय सारिणी की पुष्टि कर लें और टिकट की अग्रिम बुकिंग करा लें। इन विशेष ट्रेनों के परिचालन से होली पर्व के दौरान यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

# मंजरों से लदे आम के पेड़, भरपूर फसल की उम्मीद



**खूंटी**। जिले की धरती इन दिनों आम के मंजरों की खुशबू से सराबोर है। गांवों से लेकर बागानों तक, जहां नजर डालिए वहीं आम के पेड़ मंजरों से लदे दिखाई दे रहे हैं। बीजू एम हो, आम्रपाली हो या अन्य देसी-विदेशी प्रजातियों के आम इस वर्ष पेड़ों पर मंजरों की ऐसी बहार आई है कि कई जगह पत्ते तक नजर नहीं आ रहे हैं। यह दृश्य न केवल किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला रहा है, बल्कि आने वाले मौसम में भरपूर आम उत्पादन की मजबूत उम्मीद भी जगा रहा है। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने गुरुवार को बताया कि इस बार मौसम आम की फसल के अनुकूल रहा है। सर्दियों में पर्याप्त ठंड, समय पर नमी और अब हल्की गर्मी—इन सभी कारकों ने आम के पेड़ों में अच्छी फ्लावरिंग को बढ़ावा दिया है। यदि आने वाले दिनों में तेज आंधी, ओलावृष्टि या असामान्य बारिश नहीं होगी तो आम की फसल रिकॉर्ड स्तर पर होने की संभावना है। यही कारण है कि किसान अभी से फसल को लेकर आशान्वित हैं। उन्होंने आम उत्पादक किसानों से कहा कि जब मंजर में टिकोरे आने लगे, तो एक लीटर पानी में डेढ़ मिलीलीटर (एमएल) में कोजेब दवा का छिड़काव करें। वहीं कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) के सहायक परियोजना निदेशक अमरेश कुमार ने कहा कि खूंटी जिला पहले से ही आम उत्पादन के लिए जाना जाता है। यहां की मिट्टी, जलवायु और परंपरागत बागवानी पद्धतियां आम के लिए अनुकूल मानी जाती हैं। जिले के कई गांवों में आम केवल फल नहीं, बल्कि आजीविका का प्रमुख साधन है। आम्रपाली जैसी उन्नत किस्में जहां बेहतर उत्पादन और बाजार मूल्य देती हैं, वहीं बीजू एम हो और देसी किस्में स्वाद और सुगंध के लिए प्रसिद्ध हैं। इस वर्ष मंजरों की संख्या देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि स्थानीय बाजारों के साथ-साथ बाहर के बाजारों में भी खूंटी के आमों की अच्छी मांग रहेगी। किसानों का कहना है कि वे कीट-रोग प्रबंधन और सिंचाई पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, ताकि मंजरों से फल बनने की प्रक्रिया प्रभावित न हो। कृषि विभाग की ओर से समय-समय पर दी जा रही सलाह भी किसानों के लिए उपयोगी साबित हो रही है। यदि सब कुछ अनुकूल रहा, तो यह मौसम न केवल किसानों की आय बढ़ाएगा, बल्कि खूंटी की पहचान को आम उत्पादन के हब के रूप में और मजबूत करेगा। कुल मिलाकर, मंजरों से लदे आम के पेड़ इस बात के संकेत हैं कि प्रकृति इस बार मेहरबान है। आम की इस बहार के साथ ही खूंटी के किसानों में समृद्धि की उम्मीदें भी पल्लवित हो रही हैं।

# पदाधिकारियों और कर्मियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण



**खूंटी**। नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के 27 फरवरी को प्रस्तावित मतगणना कार्य के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में गुरुवार को निर्वाची पदाधिकारी (आरओ), सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ), मतगणना कर्मी सहित अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना से संबंधित कार्य और दायित्वों की जानकारी दी गई। उपस्थित पदाधिकारी और कर्मियों को मतगणना की पूरी प्रक्रिया, राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से कार्य संपन्न करने के विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान के बाद पीठासीन पदाधिकारी जमा कराई गई मतपेटियों को नियमानुसार खोलेंगे। मतगणना अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतगणना शुरू होगी। मौके पर मतपेटी खोलने की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर विष्णु नंद तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने मतगणना से संबंधित जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मतगणना पदाधिकारियों और कर्मियों को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है, ताकि मतगणना कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# नगरपालिका चुनाव को लेकर मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न



**पश्चिमी सिंहभूम**। जिले में नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को चाईबासा स्थित स्कॉट हिंदी बालिका मध्य विद्यालय में मतगणना कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित रेनू और चाईबासा नगर परिषद क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एजाज़ अनवर ने विभिन्न कक्षों में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, परियोजना निदेशक-आईटीडीए जयदीप तिग्गा, स्थापना उपसमाहर्ता कुमार हर्ष, जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार सहित सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे। अधिकारियों ने मतगणना कार्य को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए प्रत्येक कर्मी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि आगामी 27 फरवरी को पूर्वाह्न 8 बजे से महिला कॉलेज, चाईबासा में चाईबासा और चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्रों में संपन्न मतदान के बाद मतगणना की जाएगी। मतगणना कार्य के लिए पर्यवेक्षकों सहित कुल 168 कर्मियों को, जिनमें रिजर्व कर्मी भी शामिल हैं, प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मतगणना टेबल पर मत पेटिकाओं को प्रत्याशियों और उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में प्रदर्शित करने की प्रक्रिया, सील खोलने की विधि, मतपत्रों का पृथक्करण, मतों की सावधानीपूर्वक गिनती को विस्तार से समझाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतगणना के दिन निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित, पारदर्शी और विवाद रहित ढंग से संपन्न हो सके।

# विधायक जनार्दन पासवान ने उठाया पैक्स को दिए गए अनुदान का मामला

**एजेंसी | रांची**

झारखंड विधानसभा के सातवें दिन गुरुवार को सदन में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से पशुओं के लिए दिए गए अनुदान को लेकर जोरदार बहस हुई। विधायक जनार्दन पासवान ने विभाग की ओर से दिए गए जवाब पर नाराजगी जताते हुए अनुदान और कर्ज की राशि को लेकर स्पष्ट जानकारी मांगी। विधायक ने कहा कि विभाग की ओर से पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समितियों) को ट्रैक्टर और गाय उपलब्ध कराए गए थे। उन्होंने सवाल उठाया कि यह सहायता कर्ज के रूप में थी या अनुदान के रूप में, सरकार इसे स्पष्ट करे। इसपर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जवाब देते हुए बताया कि वर्ष 2013-14 में 11 करोड़ 58 लाख 44 हजार रुपये अनुदान के रूप में पैक्स को दिए गए थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के तहत करीब 14 करोड़ रुपये की राशि पैक्स को उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें से 5 करोड़ रुपये कर्ज के रूप में दिए गए थे। मंत्री शिल्पी के जवाब पर विधायक ने फिर स्पष्ट ब्योरा प्रस्तुत करने की मांग की, ताकि यह साफ हो सके कि ट्रैक्टर और गाय जैसी परिसंपत्तियां अनुदान के तहत दी गईं या ऋण



के रूप में दी गई। इस मुद्दे पर सदन में कुछ देर तक नोकझोंक भी हुई। इस पर विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र महतो ने कहा कि पूरे मामले को मंत्री पुनः विभाग से देखवा लें और सदस्य को जानकारी दें।

**विधायक जयराम ने छात्रवृत्ति का मुद्दा उठाया–** झारखंड वधिानसभा बजट सत्र के सातवें दिन डुमरी विधायक जयराम महतो ने सदन में ओबीसी छात्रवृत्ति का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि सरकार छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति देगी या नहीं। इस पर जवाब देते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि केंद्र सरकार से छात्रवृत्ति के लिए पैसा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पैसा आएगा या नहीं, विभाग भी इस पर असमंजस में है। मंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति का पैसा तब तक जारी नहीं किया जा सकता, जब तक केंद्र से राशि नहीं आती। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी, लेकिन इसके लिए कुछ नियमों और प्रक्रियाओं को पूरा करना आवश्यक है। इसके बाद ही भारत सरकार की ओर से सभी पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जा सकेगी। जय राम महतो ने सुझाव दिया कि जब तक छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही है, तब तक उनके लिए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाए। जब छात्रवृत्ति का पैसा आएगा तो उससे आप पैसा काट लीजियेगा। विधायक ने कहा कि पांच करोड़ का विधायक निधि देने की बजाय उन पैसों से छात्रों का भविष्य बनाएं। उन्होंने कहा कि पांच साल विधायक निधि नहीं मिलेगा तो फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन अगर पांच साल तक बच्चे नहीं पढ़ेंगे तो इसका असर राज्य पर पड़ेगा। ब्याज मुक्त ऋण पर मंत्री ने कहा कि समस्या का समाधान करने की कोशिश की जा रही है और सरकार इसे जल्द से जल्द निपटाएगी।

# झारखंड में मौसम साफ होते ही बढ़ने लगा तापमान, बढ़ेगी गर्मी



**एजेंसी | रांची**

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम साफ होते ही तापमान में फिर से वृद्धि होने लगी। तापमान बढ़ने से दिन में गर्मी में आंशिक वृद्धि होने लगी है। यह जानकारी मौसम विभाग गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। इधर, मौसम विभाग ने ०१ मार्च को राज्य के कई जिलों में आंशिक बादल छाने की संभावना व्यक्त की है, जबकि इसके पूर्व मौसम पूरी तरह साफ रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 33.2 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी जिले में 10.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। सुबह में हल्की ठंड महसूस की गई, जबकि दोपहर में धूप में तपिश महसूस की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले दोनों हुई बारिश के कारण रांची सहित कई जिलों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी। बारिश की वजह से ज़मीन गीली होने के कारण वातावरण में ठंड में बढ़ोत्तरी हुई थी। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री, जमशेदपुर में 31.8 डिग्री और न्यूनतम 15.2 डिग्री, डाल्टनगंज में 31.6 और 11.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.1 न्यूनतम 13.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# झारखंड विधानसभा : विधायक रामचंद्र ने बिजली व्यवस्था सुधार का मुद्दा उठाया

**एजेंसी | रांची**

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के सातवें दिन गुरुवार को विधायक रामचंद्र सिंह ने लातेहार जिला में बिजली व्यवस्था को सुधार करने का मामला सदन में उठाया। साथ ही विधायक ने कहा कि संवेदक के जरिए गड़बड़ी की जा रही है। विधायक के इस सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि कहां गड़बड़ी हो रही है, इस बारे में सदस्य सदन को बताएं। इस पर रामचंद्र सिंह ने मनिका बरवाडीह प्रखंडों का जिक्र किया। इसपर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र महतो ने कहा कि सदस्य जहां गड़बड़ी हो रही है, वो लिखित रूप में दें। विभाग उसपर त्वरित कार्रवाई करेगा।



**विधायक ने टीएसपी फंड के विचलन का मुद्दा उठाया–** सदन में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने ट्राईबल सब प्लान (टीएसपी) फंड के विचलन का मुद्दा उठाया। विधायक ने सरकार से जानना चाहा कि क्या राज्य अपने बजट से टीएसपी को पैसा दे रहा है। पूछा कि टीएसपी की राशि के विचलन के मामलों को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जा रहा है। इसके जवाब में मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि केंद्र से टीएसपी फंड आबादी के अनुपात के आधार पर राज्य को मिलता है। उन्होंने स्वीकार किया कि राज्य में टीएसपी फंड के विचलन को लेकर अब तक कोई स्पष्ट गाइडलाइन नहीं बनाई गई है। मंत्री ने कहा कि इस समस्या का समाधान निकालना जरूरी है और इसको लेकर गाइडलाइ बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में काम करेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि अन्य राज्यों में टीएसपी फंड खर्च करने के लिए बनाई गई गाइडलाइन का अध्ययन करे। फिर इसको लेकर राज्य में भी गाइडलाइन बनाये। पूरक सवाल पर राजेश कच्छप ने पूछा कि अब तक हुए फंड विचलन में कौन से अधिकारी दोषी हैं और क्या उन पर कार्रवाई की जाएगी। इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि पूरे मामले का अध्ययन करने के बाद सरकार इस पर विचार करेगी।

# विधायक ने विधानसभा में उठाई तोरपा में कृषि मंडी निर्माण की मांग

**एजेंसी | खूंटी**

झारखंड विधानसभा के सत्र के सातवें दिन गुरुवार को तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में अपने क्षेत्र के किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाया। उन्होंने तोरपा विधानसभा क्षेत्र में कृषि मंडी के निर्माण और किसानों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि आधारित इलाका है, जहां अधिकांश किसान खेती पर निर्भर हैं। यहां के किसान मेहनत और लगन से अच्छी पैदावार करते हैं, लेकिन उचित बाजार व्यवस्था के अभाव में उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कृषि मंडी नहीं होने के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दूर-दराज के बाजारों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और परिवहन खर्च बढ़ता है। सुदीप गुड़िया ने यह भी कहा कि भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को फसल तत्काल बेचनी पड़ती है, जिससे उन्हें अक्सर कम कीमत पर उपज बेचने की मजबूरी होती है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि किसानों की सुविधा और हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही



तोरपा विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कृषि मंडी का निर्माण कराया जाए। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि किसानों को आधुनिक खेती की तकनीक, उन्नत बीज, फसल संरक्षण, भंडारण और विपणन से संबंधित विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की जरूरत सदन में मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने और बाजार की जानकारी दी जाए तो उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

# सारंडा में सड़क किनारे मिला आईईडी, सुरक्षाबलों ने किया निष्क्रिय



**एजेंसी | पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के सारंडा क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब छोटानागरा थाना अंतर्गत मनोहरपुर–चाईबासा मुख्य मार्ग पर टोंटोगाढ़ा के पास सड़क किनारे आईईडी होने की सूचना मिली। आशंका जताई गई कि नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से विस्फोटक लगाया है। सूचना मिलते ही सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और एहतियातन सुबह करीब साढ़े नौ बजे से मार्ग के दोनों ओर यातायात रोक दिया गया। क्षेत्र की घेराबंदी कर बम निरोधक दस्ते ने सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान टोंटोगाढ़ा गांव के समीप सड़क किनारे संदिग्ध वस्तु बरामद हुई,जिसे आईईडी के रूप में चिन्हित किया गया। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विस्फोटक को नियंत्रित तरीके से नष्ट कर दिया गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान लगभग ढाई घंटे तक सड़क पर आवागमन बंद रहा,जिससे वाहनों की कतार लग गई। स्थिति सामान्य होने के बाद यातायात बहाल कर दिया गया। इस घटना की पुष्टि अमित रेनू ने की है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों की सतर्कता से एक बड़ी घटना टल गई और मामले की जांच जारी है।

# मलेरिया उन्मूलन को लेकर अड़की, तोरपा और रनिया में चलेगा विशेष अभियान : सिविल सर्जन

**एजेंसी | खूंटी**

जिले में मलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के उद्देश्य से गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सघन मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम–तृतीय चरण ( आईएमपी -III) के तहत जिला स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग द्वारा चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीनी) के सहयोग से किया गया। बैठक में जिले में मलेरिया की वर्तमान स्थिति, संक्रमण दर, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान, रोकथाम के उपाय, सक्रिय सर्वेक्षण, जांच एवं उपचार की व्यवस्था, दवा वितरण, मच्छर नियंत्रण गतिविधियों तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न



विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. रजनी नीलम टोप्पो ने कहा कि आईएमपी -III के तहत अड़की, रनिया और तोरपा प्रखंडों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत घर-घर जाकर बुखार के मामलों की पहचान, मलेरिया जांच, समय पर उपचार तथा मच्छर नियंत्रण गतिविधियों को तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आशा, एएनएम और सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवकों को नियमित प्रशिक्षण देकर जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मलेरिया उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें सभी विभागों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को 2030 तक भारत को मलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को सफल बनाने की शपथ दिलाई। सीनी संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक राम राज सिंह ने कहा कि मलेरिया उन्मूलन में समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से साफ-सफाई रखने, पानी का जमाव रोकने, मच्छरदानी के नियमित उपयोग तथा बुखार होने पर तुरंत जांच कराने की अपील की। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, चिकित्सा प्रभारी, सीनी संस्था के प्रतिनिधि, पत्रकार एवं प्रखंड स्तरीय प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए।

# लापता तीन बच्चे हिरणी फॉल के पास से सकुशल बरामद

**एजेंसी | पश्चिमी सिंहभूम**

जिले के बंदगांव प्रखंड अंतर्गत करिका गांव से लापता हुए तीन बच्चों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया। डायल 100 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस ने महज ढाई घंटे के भीतर बच्चों को खोज निकाला और सुरक्षित उनके परिजनों के हवाले कर दिया। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है, हालांकि परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को गुरुवार को दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु के निर्देश पर तुरंत सर्च अभियान शुरू किया गया। गुप्त सूचना तंत्र और जंगली इलाकों में सक्रिय नेटवर्क की मदद से बच्चों की तलाश तेज कर दी गई। जांच के दौरान पता चला कि तीनों बच्चे गांव से बाजार जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो उठे। इधर, गुरुवार सुबह हिरणीफॉल के आसपास ग्रामीणों ने तीनों बच्चों को देखा और पूछताछ की। इसी बीच



मामला बंदगांव थाना पहुंचा और पुलिस ने तेजी दिखाते हुए इलाके में दबिश दी। सर्च अभियान के बाद पुलिस ने हिरणीफॉल के समीप से तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। अभियान में बंदगांव थाना प्रभारी मनीष, एएसआई धीरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रूप से शामिल थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर
### आम सूचना–I
### नियंत्रण कक्ष की स्थापना संबंधी सूचना

पलामू जिला अन्तर्गत साधारण मरम्मति हेतु बन्द नलकूपों को चालू कर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रखण्डवार नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि अपने–अपने प्रखण्ड से संबंधित शिकायत प्रखण्ड के विरूद्ध नामित सहायक अभियंता/प्राक्कलन पदाधिकारी/कनीय अभियंता के मोबाईल नम्बर पर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे।

(क) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष : E-mail ID – eedwsd.medininagar@gmail.com

| क्र0 सं0 | नियंत्रण कक्ष स्थल | नियंत्रण कक्ष का दूरभाष/मोबाईल नं0 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय, E.E - Mob. & Whatsapp No. 9431964613 | मो0 सलीम अंसारी, निम्न वर्गीय लिपिक – 9939186845<br>फैसल आलम, निम्न वर्गीय लिपिक – 7488425718<br>श्री मनोज कुमार सिंह, निम्न वर्गीय लिपिक – 9153725151 |
| 2 | राज्य स्तरीय Call Centre | 1800-3456-502 (Toll Free no.) & Mob No. 9470176901<br>E-mail ID – callcentredwsd.jharkhand@gmail.com |

(ख) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष

| क्र0सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम | प्रखंड का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री राजेश कुमार सिंह,** सहायक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला/पाँकी/मेदिनीनगर। | मेदिनीनगर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पड़वा, विश्रामपुर, नावा बाजार, पाण्डु, उंटारी रोड़, लेस्लीगंज, मनातू, तरहसी, पाँकी, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पीपरा, छतरपुर, नौडीहा बाजार | 8987526732 |
| 2. | **श्री निरंकार प्रसाद,** कनीय अभियंता | हरिहरगंज, पीपरा | 7033635734 |
| 3. | **श्री बिरेन्द्र कुमार सिंह** कनीय अभियंता | हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज | 8210573569 |
| 4. | **श्री सतीश कुमार,** कनीय अभियंता | चैनपुर, रामगढ, पाटन, पड़वा | 7909050800 |
| 5. | **श्री सुमन कुमार,** कनीय अभियंता | लेस्लीगंज, मेदिनीनगर, सतबरवा | 9304547779 |
| 6. | **श्री श्रीकान्त कुमार,** कनीय अभियंता | पाँकी, विश्रामपुर, नावा बाजार, उँटारी रोड, पाण्डू | 8700546515 |
| 7. | **श्री ऋतुराज सिंह,** कनीय अभियंता | मनातू, तरहसी | 9525309700 |
| 8. | **श्री कुन्दन कुमार,** कनीय अभियंता | छत्तरपुर, नौडीहा बाजार | 9123228839 |

उपर्युक्त के अलावे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है, जो कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय के संबंधित अधिकारियों को सूचना प्राप्त हो सकेंगी तथा चापाकल मरम्मति यथाशीघ्र सुनिश्चित की जायेगी।

अपनी शिकायत 9939186845 No. पर Whats app के जरिये भी भेज सकते हैं।

(जेसन होरो)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,मेदिनीनगर।

PR 373679 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

## संक्षिप्त समाचार

### आई लव यू मां, भाई का ख्याल रखना... यूट्यूबर ने कुवैत में मां को भेजा मैसेज

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के हैदराबाद में एक 21 वर्षीय यूट्यूबर का शव उसके



अपार्टमेंट से मिलने के बाद सनसनी फैल गई है। पार्ट-टाइम यूट्यूबर और साइंस की स्टूडेंट, बोनू कोमाली का शव सोमवार को उसके किराए के घर से बरामद हुआ है। इसके बाद पुलिस ने जब छानबीन की तो चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। यह खौफनाक कदम उठाने से पहले कोमाली ने कुछ ही देर पहले ही अपनी मां को 'आई लव यू सो मच' का मैसेज भेजा था। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम की कोमाली, हैदराबाद के एक प्राइवेट कॉलेज में क्ह्यषकी पढ़ाई कर रही थी और यहां करीब 11 महीने से एक अपार्टमेंट में अकेली रह रही थी। वह यूट्यूब पर लाइफस्टाइल और पर्सनल ब्लॉग शेयर किया करती थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस बताया कि कोमाली ने सोमवार सुबह अपनी मां, बी सत्या वरलक्ष्मी को एक मैसेज भेजा। उसने मैसेज में लिखा था, 'आई लव यू सो मच मम्मी।' उनसे अपने छोटे भाई का ख्याल रखने के लिए भी कहा था। सत्या वरलक्ष्मी कुवैत में रहती हैं। बाद में जब मां ने उसे फोन मिलाने की कोशिश की तो फोन बंद मिला। जब बार-बार कॉल का जवाब नहीं मिला, तो उसकी मां ने कोमाली ने एक दोस्त को बताया जो दोपहर में उसके फ्लैट पर पहुंचा। पुलिस अधिकारी सीएच वेंकन्ना ने बताया, 'दोपहर करीब 3 बजे, जब बार-बार खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला, तो हमने कुंडी तोड़ी और उसे सीलिंग फैन से लटका हुआ पाया।' पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि पीड़िता लंबे समय से अपने रिलेशनशिप में चल रहे झगड़े को लेकर परेशान थी। पुलिस के मुताबिक कोमाली तीन साल से एक 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ रिलेशनशिप में थी। हालांकि उनके बीच मनमुटाव चल रहा था। पुलिस ने बताया कि कोमाली ने करीब छह महीने पहले भी सुसाइड की कोशिश की थी। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है।

### महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। महाराष्ट्र सरकार के कर्मचारियों और अन्य पात्र कर्मियों के महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही डीए बढ़कर 58 प्रतिशत हो जाएगा। वित्त राज्यमंत्री आशीष जायसवाल ने बुधवार को विधानसभा में बताया कि यह वृद्धि जुलाई, 2025 से प्रभावी होगी। संशोधित महंगाई भत्ते का भुगतान इसी महीने से नकद में किया जाएगा। जुलाई, 2025 से अक्टूबर, 2025 तक की अवधि का बकाया मार्च, 2026 में 'गुड़ी पड़वा' के अवसर पर दिया जाएगा। नवंबर, 2025 से जनवरी, 2026 तक के बकाया के संबंध में आदेश अलग से जारी किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस निर्णय से महाराष्ट्र में लगभग 5.16 लाख राज्य सरकार के कर्मचारियों और करीब 8.72 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। इससे पहले, केरल सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि राज्य सरकार और लोकल बॉडी के कर्मचारियों, टीचरों और सहायता प्राप्त स्कूलों, कॉलेजों और पॉलिटेक्निक के स्टाफ के लिए महंगाई भत्ता (डीए) 25 से बढ़ाकर 35 परसेंट कर दिया जाएगा। एक सरकारी आदेश के अनुसार, फुल-टाइम कंटिंजेंट कर्मचारियों को भी इसी तरह की बढ़ोतरी मिलेगी, और बढ़े हुए भत्ते मार्च की सैलरी के साथ दिए जाएंगे। आदेश में कहा गया है कि बदला हुआ डीए पार्ट-टाइम टीचरों, पार्ट-टाइम कंटिंजेंट कर्मचारियों और फिर से नौकरी पाने वाले पेंशनरों पर भी उनकी सैलरी के आधार पर लागू होगा। राज्य सेवा, परिवार, एक्स-ग्रेटिया और एक्स-ग्रेटिया फैमिली पेंशनरों के लिए महंगाई राहत में भी इसी तरह की बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है।

# राष्ट्रपति 19 मार्च को आएंगी अयोध्या राम मंदिर, करेंगी राम नाम की पट्टिका की स्थापना

## परकोटे के किसी मंदिर में ध्वजारोहण नहीं करेंगी राष्ट्रपति

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या राम मंदिर में वासंतिक नवरात्र के पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन का संभावित कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को मिल गया है। इसके मुताबिक राष्ट्रपति राम मंदिर में डेढ़ घंटे का समय गुजारेंगी। वह राम मंदिर के दूसरे तल पर राम नाम मंदिर में कांची शंकराचार्य स्वामी विजयेन्द्र सरस्वती द्वारा पूजित श्रीराम यंत्र स्थापना के पूजन में यजमान के रूप में शामिल होंगी।





इसके साथ ही राष्ट्रपति रजत प्लेट पर स्वर्णांकित राम नाम की पट्टिका की भी स्थापना कराएंगी। इस पूजन का निर्धारित मुहूर्त 19 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे है। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र कोषाध्यक्ष महंत गोविंद देव गिरि ने हिन्दुस्तान को शिष्टाचार भेंट में दी। उन्होंने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने राम नाम की बड़ी महिमा बताई है। उन्होंने कहा कि सनातन उपासना परम्परा में साकार व निराकार ब्रह्म की परिकल्पना की गयी है।

निराकार ब्रह्म के उपासक निर्गुण संत कहलाते हैं। संत कबीर दास इस परम्परा के उपासक थे। उन्होंने बताया कि इसीलिए राम नाम मंदिर की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि रजत पट्टिका साढ़े तीन फिट की है और इसके मध्य में स्वर्णाक्षरों में 'राम' नाम अंकित है। यह पट्टिका अयोध्या आ गयी है। इसका निर्माण मुम्बई में किया गया।

**ग्रंथागार नहीं बल्कि प्राचीन ग्रंथों का संग्रहण किया जाएगा**

तीर्थ क्षेत्र कोषाध्यक्ष महंत गिरि ने राम मंदिर के दूसरे तल पर ग्रंथागार की स्थापना से इन्कार करते हुए बताया कि यहां प्राचीन काल की हस्त लिखित दुर्लभ पांडुलिपियों को संरक्षित करने की योजना है न कि ग्रंथागार बनाने की। उन्होंने बताया कि इसके लिए काफी लोगो ने सम्पर्क किया है लेकिन सम्बन्धित लोगों के संरक्षित पांडुलिपि दुर्लभ कोटि की है अथवा नहीं उसका परीक्षण विशेषज्ञों की टीम करेगी। उसके बाद ही यहां संरक्षित करने पर विचार होगा।

उन्होंने बताया कि परीक्षण के लिए विशेषज्ञों के नामों को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि जहां से भी प्राचीन पांडुलिपियों की सूचना मिलेगी। पहले उसका विवरण हासिल किया जाएगा। और जरुरत के अनुसार विशेषज्ञ यथास्थान पर जाकर पांडुलिपि की प्राचीनता का परीक्षण करेंगे। उनकी संस्तुति के बाद ही पांडुलिपियों को राम मंदिर में संरक्षित कराया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र कोषाध्यक्ष महंत गोविंद देव गिरि का कहना है कि पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों परकोटे के मंदिरों में ध्वजारोहण की योजना थी लेकिन यह योजना स्थगित कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति का जो समय निर्धारित उसमें ध्वजारोहण के लिए समय नहीं बचता है। इसके चलते यह योजना को ड्राप कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि राम नाम मंदिर में स्थापना के पूजन में राष्ट्रपति मुर्मु के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबले व कर्नाटक धर्मस्थल मंदिर के धर्माधिकारी पद्मभूषण वीरेंद्र हेगड़े के अलावा केरल की आध्यात्मिक धर्मगुरु माता अमृतानंदमयी देवी जिन्हें अम्मा के नाम से जाना जाता है, को भी आमंत्रित किया गया है।

## होली बाद प्रदेश कमेटी का ऐलान

# यूपी बीजेपी में पंकज चौधरी बनाने लगे नई टीम, मंडलों से शुरुआत

**लखनउ, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी पर चुनावी तैयारी वर्ष में एसआईआर के साथ ही संगठननात्मक गठन प्रक्रिया पूरी करने का दबाव है। बीती रात पार्टी ने 230 से अधिक मंडल अध्यक्ष और घोषित किए। इनकी घोषणा जिला स्तर पर की गई। अभी करीब 80 मंडल अध्यक्षों का ऐलान होना बाकी है। बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर बाकी बचे 14 जिलाध्यक्षों, प्रदेश संगठन सहित कई विषयों को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी व महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की बंद कमरे में घंटों बैठक चली। माना जा रहा है कि होली बाद इसकी घोषणा होगी।

भाजपा ने प्रदेश को छह क्षेत्रों, 98 संगठनात्मक जिलों और 1918 मंडलों में बांट रखा है। अभी तक 84 जिलाध्यक्ष घोषित किए जा चुके हैं। तकरीबन 1600 मंडल अध्यक्षों की घोषणा भी हो चुकी है। इसकी भी कवायद चल रही है। बाकी बचे 14 जिलाध्यक्षों का सवाल है तो उसे लेकर खासी कवायद पहले ही कर ली गई थी। मगर इसे जारी नहीं किया जा सका। हालांकि पार्टी के पास अब चुनावी तैयारियों के मद्देनजर वक्त काफी कम बचा है। इसके अलावा मनोनीत पार्षदों की भी घोषणा होना बाकी है। इनकी संख्या 2700 से अधिक है।

**बगलें झांकने लगे विधायक और नेता**

बीते कुछ महीनों से पार्टी ने पूरी ताकत एसआईआर पर लगा रखी है। दरअसल जिस तरीके से करोड़ों की संख्या में वोट कट गए थे, उससे बेचैनी बढ़ गई थी। फिर सरकार के साथ ही संगठन ने भी मोर्चा संभाला। पहले विधायक और संगठन के पदाधिकारी लगातार नए वोटर बनाने के आंकड़े पेश



कर रहे थे। मगर महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने जब उनसे फार्म जमा कराने की पावती मांगनी शुरू की तो वे बगलें झांकने लगे। प्रदेश मुख्यालय से इसकी लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो 100 से अधिक विधायकों को चेताया गया कि यदि उन्होंने एसआईआर में पूरी रुचि नहीं ली तो ऐसे लोगों के टिकट पर पार्टी विचार भी नहीं करेगी। उधर, पंकज चौधरी भी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद लगातार एसआईआर पर फोकस करने की अपील पार्टीजनों से कर रहे हैं। इन सब प्रयासों का नतीजा है कि पार्टी अभी तक तकरीबन 75 लाख नये वोटर बनाने के फार्म भरवा चुकी है। अवध क्षेत्र में अयोध्या महानगर व जिला, लखीमपुर, गोंडा, अंबेडकर नगर। पश्चिम क्षेत्र में शामली, अमरोहा, सहारनपुर जिला काशी क्षेत्र में वाराणसी जिला, चंदौली, मीरजापुर।

# अद्भुत खगोलीय घटना देखने का मौका, 28 फरवरी की शाम आसमान में सजेगी छह ग्रहों की 'प्लैनेट परेड'



**बनारस, एजेंसी।** खगोल विज्ञान के प्रेमियों और आसमान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए साल 2026 का दूसरा महीना एक अविस्मरणीय सौगात लेकर आ रहा है। आगामी 28 फरवरी, शनिवार की शाम को ब्रह्मांड में एक अत्यंत दुर्लभ और अद्भुत दृश्य दिखाई देगा, जिसे वैज्ञानिक शब्दावली में 'प्लैनेट परेड' कहा जाता है। इस दिन सूर्यास्त के ठीक बाद सौरमंडल के छह प्रमुख ग्रह एक सीधी कतार में नजर आएंगे। यह घटना पिछले कई वर्षों की तुलना में इस बार अधिक स्पष्ट और भव्य होने वाली है।

बनारस के युवा खगोल विज्ञानी वेदांत पांडेय के अनुसार, इस खगोलीय परेड को भारत सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों से देखा जा सकेगा। खास बात यह है कि इस परेड में शामिल छह ग्रहों में से चार ग्रहों- शुक्र, गुरु (बृहस्पति), शनि और बुध को लोग बिना किसी विशेष उपकरण या दूरबीन के, सीधे अपनी नंगी आंखों से देख सकेंगे। अन्य दो ग्रहों- नेपच्यून और यूरेनस को स्पष्ट रूप से देखने के लिए एक छोटी दूरबीन या टेलीस्कोप की आवश्यकता होगी। बीएचयू के भौतिकी विभाग के छात्र और वैज्ञानिक इस घटना के अध्ययन और अवलोकन के लिए विशेष तैयारियां कर रहे हैं। बीएचयू स्थित आईयूका के डॉ. राज प्रिंस ने बताया कि ब्रह्मांड में प्रत्येक ग्रह अपनी-अपनी निश्चित कक्षा में सूर्य की परिक्रमा करता है। भ्रमण के दौरान समय-समय पर ऐसी स्थिति बनती है जब ये ग्रह पृथ्वी से देखने पर आसमान के एक छोटे से हिस्से में एक सीधी रेखा या कतार में स्थित दिखाई देते हैं।

# सोनिया-राहुल से जुड़े एजेएल और भूपिंदर सिंह हुड्डा को राहत

## हाई कोर्ट ने दी क्लीन चिट, आरोप खारिज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा के खिलाफ लगे आपराधिक आरोपों को रद्द करते हुए उन्हें क्लीन चिट दे दी है। यह मामला पंचकूला में एक संस्थागत प्लॉट के पुनः आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। जस्टिस त्रिभुवन दहिया की पीठ ने कहा कि वर्ष 2005 में हुड्डा द्वारा लिया गया पुनः आवंटन का निर्णय बाद में 2006 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया था और अब तक किसी भी अदालत ने इस निर्णय को अवैध घोषित नहीं किया है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि एजेएल ने पुनः आवंटन की पूरी राशि और अन्य शुल्क जमा किए थे और निर्माण कार्य पूरा कर 2014 में अधिभोग प्रमाणपत्र भी प्राप्त कर लिया था। साथ ही, किसी प्रकार के वित्तीय नुकसान की शिकायत भी दर्ज नहीं की गई और सरकारी ऑडिटरों ने भी इस संबंध में अपनी आपत्ति वापस ले ली थी। नेशनल हेराल्ड की प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल



लिमिटेड (एजेएल) है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास यंग इंडियन कंपनी के 38-38 फीसदी शेयर हैं। बार एंड बेंच के मुताबिक, हाईकोर्ट ने कहा, 'आज की तारीख में अलॉटमेंट वैलिड है, इसे कैंसिल भी नहीं किया गया है, न ही इसे गैर-कानूनी या मनमाना घोषित किया गया है। इसके बजाय, एजेएल ने री-अलॉटमेंट प्राइस और एक्सटेंशन फीस का पेमेंट करने के बाद कंस्ट्रक्शन शुरू कर दिया है, और 14.08.2014 को अथॉरिटी ने उसे ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट दे दिया है। अथॉरिटी को हुए किसी भी नुकसान के बारे में कोई शिकायत नहीं की गई है; न ही एजेएल या किसी दूसरे आरोपी को किसी कथित नुकसान की भरपाई के लिए कहा गया है। यहां तक ??कि सरकारी ऑडिटर्स ने भी इस री-अलॉटमेंट की वजह से अथॉरिटी को हुए फाइनेंशियल नुकसान के बारे में अपनी आपत्ति वापस ले ली है।' बता दें कि इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पहले भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसके आधार पर 2021 में ट्रायल कोर्ट ने आरोप तय किए थे। हालांकि, हाई कोर्ट ने कहा कि सीबीआई द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य प्रथम दृष्टया भी आरोपों को साबित नहीं करते।

# छात्रों के लिए तोहफा, गोवा में केजरीवाल ने किया ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन; फ्री कोचिंग भी मिलेगी

**पणजी, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गोवा के बेनाउलिम स्थित अवर लेडी ऑफ पट्रोसिनियो कम्युनिटी सेंटर में एक भव्य ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। यह पहल स्थानीय विधायक कैप्टन वेंजी वीगास द्वारा शुरू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य गोवा के हर छात्र तक आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस ई-लाइब्रेरी में 10000 से अधिक ई-बुक्स उपलब्ध हैं। सभी कक्षाओं के लिए वीडियो लेक्चर्स, सिमुलेशन और प्रैक्टिस मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। साथ ही जेईई, नीट, सीएलएटी तथा 40 से अधिक अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए टेस्ट और तैयारी की सुविधा भी दी गई है। सबसे खास बात यह है कि यह पूरी सुविधा पूरी तरह से मुफ्त है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी वही संसाधन प्राप्त कर सकें जो बड़े निजी स्कूलों के छात्रों को मिलते हैं।




गोवा में शिक्षा की मौजूदा स्थिति कई सवाल खड़े करती है। राज्य में सरकारी स्कूलों की संख्या 906 से घटकर 789 रह गई है। कुल लगभग 1,487 स्कूलों में से 238 स्कूल ऐसे हैं जहां सिर्फ एक शिक्षक पूरे स्कूल की जिम्मेदारी संभाल रहा है। संसाधनों और शिक्षकों की कमी जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देती है। ऐसे समय में यह ई-लाइब्रेरी छात्रों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। आम आदमी पार्टी की शिक्षा नीति पहले दिल्ली में लागू हुई और फिर पंजाब में मजबूती से आगे बढ़ी। पंजाब में आज लगभग 90 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एन ए एस) में पंजाब ने शीर्ष स्थान हासिल किया है और इसे बरकरार रखा है।

राज्य सरकार ने 234 प्रिंसिपलों और शिक्षा प्रशासकों को सिंगापुर में प्रशिक्षण के लिए भेजा, 216 प्राथमिक शिक्षकों को फिनलैंड के तुर्कू विश्वविद्यालय में और 199 हेडमास्टरों को आईआईएम अहमदाबाद में प्रशिक्षित किया। इसके अलावा, सरकारी स्कूलों के लिए 1908 कैंपस मैनेजर और 1316 सुरक्षा गार्ड नियुक्त किए गए, जिससे स्कूलों का माहौल सुरक्षित और व्यवस्थित हुआ।

# किशोरी से डिजिटल रेप कर अश्लील वीडियो बनाया

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के वेव सिटी थानाक्षेत्र में एक रिश्तेदार द्वारा 13 वर्षीय किशोरी के साथ डिजिटल रेप और अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी सादिक ने पहले दोस्ती कर बच्ची का भरोसा जीता और फिर उसे ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। वेव सिटी थानाक्षेत्र में रिश्तेदार द्वारा 13 वर्षीय किशोरी के साथ डिजिटल रेप करने और अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। डासना के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया। उनकी बहन के दामाद का बेटा सादिक हापुड़ के पिपलैडा गांव में रहता है। रिश्तेदारी के चलते सादिक ने जान-पहचान बढ़ाकर उनकी 13 वर्षीय बेटी को अपने झांसे में ले लिया। आरोप है कि सादिक ने पहले दोस्ती की और भरोसा जीतकर उनकी बेटी के साथ अश्लील हरकत की और उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया।

कुछ समय तक सादिक का व्यवहार सामान्य रहा, लेकिन बाद में उसने नाबालिग बेटी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि सादिक ने फोन और मैसेज के माध्यम से अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल भी किया, जिससे उनकी बेटी तनाव में आ गई। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गाजियाबाद के वेव सिटी थानाक्षेत्र में रिश्तेदार द्वारा 13 साल की नाबालिग के साथ डिजिटल रेप करने और अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गाजियाबाद के वेव सिटी थानाक्षेत्र में रिश्तेदार द्वारा 13 साल की नाबालिग के साथ डिजिटल रेप करने और अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है।

# नई दरों पर प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली का रास्ता साफ

**गाजियाबाद, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र के निवासियों के लिए प्रॉपर्टी टैक्स की नई दरों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज़ कर दी है। कोर्ट ने अपने फैसले में टैक्स बढ़ोत्तरी को सही और नियमानुसार करार दिया है। जनहित याचिका कुछ पूर्व पार्षदों ने दाखिल की थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने सुनवाई की।

इस फैसले के बाद अब गाजियाबाद में 1 अप्रैल 2025 से लागू की गई नई और ब?ी हुई दरों पर प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। यह याचिका गाजियाबाद के वर्तमान पार्षद राजेंद्र त्यागी और अन्य पूर्व पार्षदों द्वारा दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने नगर निगम द्वारा संपत्तियों के नए वर्गीकरण और %न्यूनतम मासिक किराया दर% में की गई वृद्धि को चुनौती दी थी। उनका तर्क था कि नगर आयुक्त ने बोर्ड की सहमति के बिना मनमाने ढंग से टैक्स की दरों में भारी इजाफा किया है और पुरानी छूट को खत्म कर दिया है, जिससे जनता पर आर्थिक बोझ ब?ेगा।

**नगर आयुक्त को किराया तय करने का पूर्ण अधिकार**

हाईकोर्ट ने अपने 77 पन्नों के विस्तृत फैसले में स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 174 के तहत नगर आयुक्त को संपत्तियों का वार्षिक मूल्य निर्धारित करने और



किराया दरें तय करने का पूर्ण वैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम ने पूरे शहर को सड़कों की चौड़ाई और विकास के आधार पर तीन श्रेणियों (ए , बी और सी) में बांटकर टैक्स का जो निर्धारण किया है, वह पूरी तरह तर्कसंगत और पारदर्शी है। अदालत ने यह भी कहा कि नई दरें लागू करने से पहले निगम ने सार्वजनिक सूचना जारी कर आपत्तियां मांगी थीं। लगभग 318 आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद ही अंतिम फैसला लिया गया।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि याचिकाकर्ताओं ने

# दिल्ली का युवक गिरोह का मास्टर माइंड निकला

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद में फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड मुस्ताक अहमद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की पूछताछ में यह खुलासा हुआ। मुस्ताक न केवल ग्राहकों की व्यवस्था करता था बल्कि फर्जी दस्तावेज बनाने का पूरा नेटवर्क भी संचालित करता था। इसके साथ ही, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी से लंदन कनेक्शन का भी पता चला है। गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। फर्जी पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड दिल्ली के ख्याला निवासी मुस्ताक निकला। बुधवार को पुलिस कस्टडी रिमांड पर दलाल और पोस्टमैन से पूछताछ में इसका खुलासा हुआ। दिल्ली के ही एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसके बाद मुस्ताक का लंदन कनेक्शन भी सामने आया है। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे दलाल विवेक गांधी और पोस्टमैन अरुण कुमार को डासना जेल से 25 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसीआर) पर लाया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भारत-ब्राजील समझौता- ड्रैगन के एकाधिकार को चुनौती

समझौते में सबसे अहम सहमति दुर्लभ खनिजों और भू-धातुओं को लेकर बनी है, जो आने वाले वर्षों में समूची दुनिया में विकास के सबसे अहम कारक बनने वाले हैं। मौजूदा दौर में दुनिया भर में भू-राजनीति के स्वरूप में जिस तेजी से उतार-चढ़ाव देखे जा रहे हैं, उसमें सभी देशों के सामने अपने भविष्य और विकास की राह सुरक्षित करने की चुनौती दिख रही है। खासतौर पर जिन कारकों पर आने वाले वर्षों में विकास की दिशा निर्भर करेगी, उसके मद्देनजर अलग-अलग देशों के बीच साझेदारी के नए अध्याय तैयार हो रहे हैं, विकल्प की राह खोजी जा रही है। भारत और ब्राजील के बीच हुए समझौते को इसी की एक कड़ी के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें मुख्य रूप से उन बिंदुओं पर सहमति बनी है, जिसमें सहयोग के क्षेत्र में विकल्प के नए रास्ते तैयार हों। आज दुनिया भर में यह चिंता सतह पर देखी जा रही है कि आने वाले वर्षों में विकास का आधार बनने वाले अहम कारकों को लेकर कैसे एक नई आपूर्ति शृंखला बनाई जाए। भारत-ब्राजील के बीच हुआ समझौता इसी संदर्भ में महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि इसके जरिए दोनों को अन्य मजबूत देशों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि इस समझौते में अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को बीस अरब डालर से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे एक मजबूत आपूर्ति शृंखला बनाने की दिशा में काफी महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समझौते में सबसे अहम सहमति दुर्लभ खनिजों और भू-धातुओं को लेकर बनी है, जो आने वाले वर्षों में समूची दुनिया में विकास के सबसे अहम कारक बनने वाले हैं। इससे तकनीक के क्षेत्र में आदान-प्रदान, नई संभावनाओं की खोज, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह जगजाहिर तथ्य है कि आज लीथियम और कोबाल्ट जैसे अन्य दुर्लभ खनिज तथा भू-धातु विकास के संचालक तत्त्व बन रहे हैं। वैश्विक स्तर पर जिस तरह इलेक्ट्रिक वाहनों, ऊर्जा क्षेत्र, आधुनिक रक्षा उपकरणों के निर्माण और रोबोटिक्स उत्पादन के क्षेत्र में सभी देश अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते हैं।

### खंभे में जंग या सिस्टम में? उठे गंभीर सवाल

हरियाणा के रोहतक जिले में पिछले साल बास्केटबाल का खंभा गिरने से एक युवा राष्ट्रीय खिलाड़ी की मौत ने शासकीय लापरवाही और भ्रष्टाचार की कई परतें भी खोल दी थीं। तब इस मामले के तूल पकड़ने के बाद सरकार ने इसकी हर पहलू से जांच करने और जरूरत के मुताबिक सुधार के कदम उठाने की बात कही थी।घटना के बाद एक जांच समिति भी गठित की गई थी, मगर हालत यह है कि अब तक उस समिति की विस्तृत रपट नहीं पेश की गई।यही वजह है कि हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने खिलाड़ी की मौत पर चिंता जताते हुए इसे मानव अधिकारों का उल्लंघन बताया है। गौरतलब है कि रोहतक के उपायुक्त की ओर से जो रपट भेजी गई, उसमें घटना के वास्तविक कारणों और सुरक्षा मानकों का ठोस ब्योरा तक नहीं है।इसमें केवल बास्केटबाल स्टेडियम बनाने के लिए लाखों रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने का जिक्र है। आयोग ने इसे संज्ञान में लिया है और अब पूरे मामले पर सरकार से रपट मांगी है। यह दुखद है कि खेलों के लिए पर्याप्त राशि खर्च किए जाने पर भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं मिलता और खेल सुविधाओं में गुणवत्ता नहीं दिखती। बास्केटबाल मैदान में अगर खंभे में जंग लगी थी और वह कमजोर होने के कारण गिरने की स्थिति में था, तो वहां किसी खिलाड़ी को अभ्यास करने या खेलने से रोकना और खंभा तुरंत बदलना किसकी जिम्मेदारी थी? अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि बार-बार की शिकायत के बावजूद उस खंभे की न मरम्मत की गई और न उसे हटाया गया।सच यह है कि खेल के मैदान में नियमित रखरखाव होता, तो अभ्यास के दौरान बास्केटबाल खिलाड़ी की जान नहीं जाती। आयोग ने साफ तौर कहा है कि यह संबंधित अधिकारियों की घोर लापरवाही और उनके कर्तव्यों में चूक है।

*एक कस्बा है कुछ दूरी पर जहां मरीजों को ले जाया जाता है, लेकिन बीमारी गंभीर हो तो कम से कम तीस किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। बहुत गंभीर हो तो मुंबई जाना पड़ता है, जो इस गांव से सौ किलोमीटर दूर है। एआइ के विशेषज्ञ कहते हैं कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में एआइ बहुत काम आएगा। यह बात सच भी है। पिछले सप्ताह मेरे घुटने में थोड़ी तकलीफ थी, तो मैंने चैटजीपीटी से सलाह ली और बड़े ध्यान से उसने मेरी तकलीफ के बारे में जानकारी ली।*

## गांव से दिखा एआई समिट का चमकता मंच, क्या भारत का 'सुनहरा सपना'

**(तवलीन सिंह)**

मुंबई और दिल्ली में होते इस तरह के सम्मेलनों को, तो वास्तव में ऐसा लगता है जैसे किसी दूसरे ग्रह के नजारे देख रही हूं। यह लेख एक गांव में बैठकर लिख रही हूं। यहां से देखा मैंने पिछले सप्ताह दिल्ली में हो रहे एआइ समिट का तामझाम। सच पूछिए तो अजीब-सा लगा। यहां बैठकर जब समाचार चैनलों पर सुने मैंने एआइ के महारथियों के भाषण, तो लगा जैसे ये लोग किसी दूसरे ग्रह से बातें कर रहे थे। ऐसा लगा जैसे इन महारथियों को जानकारी नहीं है कि भारत के सरकारी स्कूलों का हाल क्या है। जानते नहीं हैं कि अभी तक इन स्कूलों में कंप्यूटर भी इतने थोड़े आए हैं कि इंटरनेट से वास्ता जोड़ना हो, तो सेलफोन से होता है। यह गांव महाराष्ट्र में है। यहां एक बड़ा निजी स्कूल ऐसा है, जिसको सरकारी स्कूलों के हिसाब से देखा जाए, तो काफी अच्छा है। यहां थोड़ी बहुत फीस लगती है, लेकिन अध्यापक आते हैं रोज और बच्चों को वाणिज्य और विज्ञान से लेकर साहित्य तथा अंग्रेजी भाषा तक पढ़ाने का इंतजाम है। बच्चे अच्छी-सी वर्दी पहन कर आते हैं साइकिलों पर। लड़कियों की वर्दी है नीली कमीज, सफेद सलवार और बालों में लाल रंग के फीते। लड़कों की वर्दियां विदेशी पैंट-शर्ट हैं, वही नीले सफेद रंगों में। मैं इस गांव में आती रही हूं पिछले कोई तीन दशकों से, इसलिए जानती हूं कई लोगों को, जिनकी पढ़ाई इस स्कूल में हुई है। लिख-पढ़ लेते हैं सब, लेकिन इतना नहीं कि कोई अच्छी नौकरी हासिल कर सकें। इसलिए मुंबई से यहां बसे धनवानों के घरों में नौकर बनते हैं। कोई ड्राइवर है, कोई सुरक्षा गार्ड का काम करता है और बहुत तरक्की जो करते हैं, उनको मैनेजर या 'हाउसकीपर' की नौकरी मिलती है। इनमें से एक भी नहीं मिला है मुझे जो अंग्रेजी बोल सकता हो या बुनियादी गणित से आगे बढ़ चुका हो। कंप्यूटर की समझ है, लेकिन एआइ के बारे में कोई नहीं जानता है। देहात के हिसाब से अध्यापकों का वेतन अच्छा यहां गरीबों की बस्ती में एक दूसरा स्कूल है, जहां बच्चे नंगे पांव आते हैं स्कूल में घिसे, पुराने कपड़ों में। स्कूल को एक पुराने किस्म के सरकारी बंगले में बनाया गया है, जिसकी छत में से बरसात के मौसम में पानी इतना गिरता है कि स्कूल को बंद किया जाता है इस मौसम में। यहां दो अध्यापकों के आने का इंतजाम है, लेकिन वे आती हैं इस गांव से कई किलोमीटर दूर एक छोटे शहर से। देहात के हिसाब से इनका वेतन अच्छा है, लेकिन पढ़ाने तभी आती हैं, जब आना जरूरी हो। जब चुनाव होते हैं, तो इनकी ड्यूटी कहीं और लग जाती है। बच्चों की पढ़ाई में जो नुकसान होता है, इसकी कोई परवाह नहीं करता है। यहां जो बच्चे पढ़ने आते हैं, उनके माता-पिता इतने गरीब हैं कि इनके झुग्गीनुमा घरों में कोई सुविधा नहीं होती है बिजली-पानी की। समंदर किनारे इस गांव की तस्वीर को मैंने आपके लिए विस्तार से खींचा है, इसलिए कि ऐसे गांव भारत के हर राज्य में आपको मिलेंगे। महाराष्ट्र भारत के विकसित राज्यों में गिना जाता है, तो आप कल्पना कीजिए कि बिहार और उत्तर प्रदेश में क्या हाल होता होगा गांवों के सरकारी स्कूलों का। स्वास्थ्य सेवाएं इस गांव में न होने के बराबर है। एक कस्बा है कुछ दूरी पर जहां मरीजों को ले जाया जाता है, लेकिन बीमारी गंभीर हो तो कम से कम तीस किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। बहुत गंभीर हो तो मुंबई जाना पड़ता है, जो इस गांव से सौ किलोमीटर दूर है। एआइ के विशेषज्ञ कहते हैं कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में एआइ बहुत काम आएगा। यह बात सच भी है। पिछले सप्ताह मेरे घुटने में थोड़ी तकलीफ थी, तो मैंने चैटजीपीटी से सलाह ली और बड़े ध्यान से उसने मेरी तकलीफ के बारे में जानकारी ली तथा इलाज बताया। घुटना ठीक हो गया है मेरा बिना डाक्टर से सलाह लेने के। मेरी जानकारी के कई लोग हैं, जो छोटा-मोटा इलाज करवाना हो, तो चैटजीपीटी से करवा लेते हैं। यानी एआइ वास्तव में अपने देश के देहातों में कई लाभ ला सकता है। समस्या यह है कि एआइ को चलाने के लिए बिजली बहुत चाहिए होती है और अपने देहातों में बिजली आती-जाती है अपनी मर्जी से। इसलिए इस गांव में बैठकर जब मैंने देखे एआइ इम्पैक्ट समिट के दृश्य, जिनमें अपने प्रधानमंत्री को देखा दुनिया के सबसे बड़े राजनेताओं से गले मिलते हुए, तो बहुत अच्छा लगा। और भी अच्छा लगा जब देश के सबसे प्रसिद्ध पत्रकार भी इस सम्मेलन में दिखे। वे न होते, तो शायद गलगोटिया विश्वविद्यालय का वह झूठ न पकड़ा जाता, जिसमें एक चीन में बनाए हुए रोबोट कुत्ते को विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने अपने छात्रों का बनाया हुआ बताने की कोशिश की। इन पत्रकारों में से कुछ ऐसे भी हैं, जो चुनावों के मौसम में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में घूमने आते हैं, लेकिन अजीब समस्या हमारी यह है कि हम जब वापस दिल्ली और मुंबई जाते हैं, तो भूल जाते हैं कि जब तक शहरी इंडिया और ग्रामीण भारत के तार जोड़ने का काम नहीं होता है, तब तक एआइ बेमतलब रहेगा, बिल्कुल वैसे जैसे 2047 तक भारत का विकसित होना बेमतलब लगता है। सुनहरा सपना है, लेकिन देश के यथार्थ से बहुत दूर लगता है इस गांव से। जब देखती हूं मुंबई और दिल्ली में होते इस तरह के सम्मेलनों को, तो वास्तव में ऐसा लगता है जैसे किसी दूसरे ग्रह के नजारे देख रही हूं। इसलिए दिल से उम्मीद करती हूं कि एआइ जल्दी से जल्दी भारत के देहातों में फैले, ताकि हम उन बुनियादी समस्याओं का समाधान ढूंढ़ पाएं, जो मानव बुद्धि से सुलझे नहीं हैं अभी तक। बदहाल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याएं। बिजली, पानी की समस्याएं। गरीबी, गंदगी की समस्याएं। क्या एआइ इन सारी समस्याओं के समाधान ढूंढ़ सकेगा? ऐसे सवाल मन में आते रहे एआइ सम्मेलन को दूर से देखते समय। कृत्रिम मेधा (एआइ) का दौर शुरू हो चुका है। यह सच है कि एआइ मानव क्षमताओं और उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगा। भारत के पास मानव संसाधनों की विशाल और लगातार बढ़ती संपदा है (कम से कम 2050 तक)। हालांकि, इसकी गुणवत्ता विकसित देशों के मानव संसाधनों से काफी अलग है। एक विकसित देश में व्यावहारिक रूप से हर कोई स्कूली शिक्षा प्राप्त करता है और विद्यार्थियों की आबादी का एक बड़ा हिस्सा कालेज तक की शिक्षा ग्रहण करता है। वहां जीवन भर सीखने और नए कौशल हासिल करने का अवसर होता है। भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ इसका बोझ भी आता है।

## भारत मण्डम् में प्रदर्शन और कांग्रेसी सोच

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

एआई समिट को लेकर समूची दुनिया में भारत की पहल की सराहना हो रही है। अत्याधुनिक अविष्कारों से विकसित हुई आशायें नित नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहीं है। मानवीय क्षमताओं में हो रही इस बढोत्तरी को सकारात्मक दिशा में ले जाने की आवश्यकता है। प्रत्येक कारक के धनात्मक और नकारात्मक दो पक्ष होते हैं। अच्छे प्रयासों को आगे बढाने के लिए अवरोधों, समस्याओं और कठिनाइयों को रोकना पडता है। इन्हीं चिन्ताओं को दूर करने तथा भविष्य को स्वर्णिम बनाने हेतु समिट में योजनायें तैयार की गयी हैं। संसार को सुरक्षित रखते हुए विकास को पंख देने का काम मां भारती की गोद में हुआ है। इससे न केवल देश की साख को चार चांद लगे बल्कि दुनिया को दिशा देने वाले राष्ट्रों की श्रंखला में ऊंची छलांग भी लगी है। इसी समिट के दौरान कांग्रेस पार्टी ने देश की छवि खराब करने की मंशा से भारत मंडपम् में अभद्र प्रदर्शन ही नहीं किया बल्कि देश के प्रधानमंत्री के विरोध में नारेबाजी भी की। कपडे उतारे और आक्रामकता भी दिखाई। देश का प्रधानमंत्री राष्ट्र का व्यवस्था प्रमुख माना जाता है। इस तरह की हरकत राष्ट्र के माथे पर कलंक के टीके की तरह स्थापित हो गई है। सत्ता के कई विपक्षी दलों ने सरकार का समर्थन करते हुए कांग्रेस के इस राष्ट्रविरोधी कृत्य की मुक्त कंठ से भर्त्सना की है। अनेक गैर राजनैतिक संगठनों ने इस कृत्य की कडे शब्दों में निंदा करते हुए कांग्रेस के वंशवादी नेता राहुल गांधी से माफी मांगने तक की बात कही है। अतीत गवाह है कि राष्ट्र की प्रत्येक उपलब्धि पर सबूत मांगने, सेना को हतोत्साहित करने, आतंकवादियों को समर्थन देने, उपद्रवियों को मासूम बताने, भारत के टुकडे-टुकडे करने की ख्वाइश रखने वालों का पक्ष लेने जैसे अनेक कृत्यों में कांग्रेस ने हमेशा से ही सक्रिय भागीदारी दर्ज की है। धर्म के नाम पर देश के बटवारे, अल्पसंख्यक के नाम पर अयोग्य लोगों की भर्ती, सम्प्रदाय के नाम पर नसबंदी, उपासना पद्धति के नाम पर सरकारी कब्जे, श्रद्धा की सम्पत्ति पर पक्षपातपूर्ण व्यवस्था जैसे अनेक उदाहरण कांग्रेस काल की सत्ता को एक पक्ष के लिए दमनकारी तो दूसरे के लिए समर्थनकारी के रूप में परिभाषित करते हैं। विदेश दौरों पर राष्ट्र को कोसने वाले वंशवादी कांग्रसी नेता ने हमेशा ही राष्ट्रीय विकास, उपलब्धियों के प्रचार और शान्ति के प्रयासों पर नकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास किया। चुनावी पराजय की बौखलाहट में राष्ट्रहितों को मौथला करने के प्रयासों को गति देकर पार्टी की आक्रामकता दिखाना अब कांग्रेस के लिए ही आत्मघाती कदम साबित हो रहा है। वर्तमान नीतियों-रीतियों, आदर्श-सिद्धान्त और नेतृत्व-कृतत्व से राष्ट्र की छवि को खराब करने के प्रयास करने वाले केवल और केवल स्वार्थ सिद्धि, सम्मान सिद्धि और सत्ता सिद्धि के लक्ष्य भेदन हेतु कुछ भी करने के लिए संकल्पित प्रतीत हो रहे हैं। जहां संसद की गरिमा को प्रत्येक सत्र में तार-तार होने के कीर्तमान गढने वाले दल अपनी कलुषित मानसिकता को प्रदर्शित कर रहे हैं वहीं अब विदेशों के ख्यातिलब्ध प्रतिनिधियों के साथ मिलकर किये जा रहे सार्थक प्रयासों पर भी कालिख पोतने का काम शुरू हो गया है। देश के लिए खाई खोदने वाले विदेशियों से दलबहियां करने, शत्रुता की मानसिकता वाले राष्ट्रों के साथ निजी आर्थिक संबंध बनाने, पौराणिक संस्कृतियों के अस्तित्व को नकारने, चुनावी काल में बहुरूपियों की तरह धार्मिक श्रंगार करने, निजी जीवन में सनातन को झुठलाने जैसे अनेक व्यवहारिक उदाहरणों से वास्तविकता का स्वतः ही बोध हो जाता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6016

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6015

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 6016

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | 6 | ■ | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | | | ■ | 12 | | | |
| ■ | 13 | | | | ■ | | ■ |
| 14 | | | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| 17 | | ■ | 18 | | | ■ | |
| ■ | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 | ■ |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2 जुलाई 2012 को इस देश ने इटली को 4-0 से हराकर यूरो कप फुटबाल 2012 जीत लिया ओर लगातार तीन बड़े खिताब जीतने वाला पहला देश बना (3)
3. एक सूर्यवंशी राजा का नाम जो दशरथ के पिता थे (2)
5. शमन करने वाला (3)
7. तरंगित होना, कंप युक्ति गति होना (4)
11. ऐसा रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है (3)
12. फौजी भाइयों के लिए विविध भारती से प्रसारित एक दैनिक कार्यक्रम (4)
13. अस्तबल, घुड़साल (4)
14. लोहा, इस्पात (3)
15. मामला, कोइ गूढ बात (3)
17. पंच तत्वों में से एक, आब, नीर (2)
18. सुख, चैन, आराम, शांति (3)
19. साज, बजाने का यंत्र (2)
20. हस्त, कर, दस्ता, मूठ (2)
22. संतान उत्पन्न करना, जन्म देने का भाव (4)
23. लुप्त हो जाना, रहने की जगह, वास स्थान (3)

**ऊपर से नीचे(2)**

1. विशेष व्यक्ति अथवा अवसर के लिए निश्चित, खास (3)
2. उपकार मानने वाला, कृतज्ञ (6)
4. भूकंप, भूडोल, पृथ्वी का कांपना (4)
6. परेड, ड्रिल, नियमावली, कार्य विधि (4)
8. घोड़ा, अश्व (2)
9. वे भाई जो श्रीराम से छोटे हों (4)
10. गंदे पानी बहने के लिए बनाया गया कृत्रिम जल मार्ग (2)
14. सेना को यह भी कहा जाता है (2)
15. स्वत्व हानि, मान-अपमान (4)
16. संख्या, समूह, पुंज (2)
18. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर-जोर से पुकारे जाते है (3)
19. वेष, सजधज (3)
21. सूखी धरती (2)

### वर्ग पहेली 6015 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ना | ■ | अ | म | र | ना | थ |
| त | त | ■ | मा | ल | वा | ■ | प |
| ता | ■ | भा | व | ना | ■ | व | क |
| क | ला | ■ | स्या | ■ | सा | र | ना |
| ना | न | क | ■ | र | म | क | ■ |
| ■ | त | ह | ल | का | ■ | न्या | य |
| आ | ■ | र | ■ | बी | ना | ■ | हू |
| प | त | वा | र | ■ | का | लिं | दी |

## आज का राशिफल

### मेष
आज अगर आप सकारात्मक सोच बनाए रखेंगे तो दिन बेहतर रहेगा. मेहनत अधिक करनी पड़ेगी और दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त रह सकती है. छात्रों को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना होगा। बेवजह गुस्सा नुकसान करेगा, इसलिए शांत रहें. मित्र की मदद से आय के नए स्रोत मिल सकते हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. मां के स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।

### वृष
आज आत्मविश्वास और चिंता दोनों साथ चलेंगे. पारिवारिक तनाव मानसिक दबाव बढ़ा सकता है. खर्चों पर नियंत्रण जरूरी है. नकारात्मक सोच से बचें. पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है. नौकरी के इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है. सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है.आज करियर से जुड़े मामलों में प्रगति के संकेत हैं।

### कर्क
आज आत्मविश्वास रहेगा लेकिन व्यापार में चुनौतियां आ सकती हैं. मेहनत अधिक करनी पड़ेगी. खर्च बढ़ेंगे. कार्यक्षेत्र में विपरीत परिस्थितियां रहेंगी. दूर यात्रा संभव है.आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और नई योजनाओं पर काम शुरू करने का अवसर मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। निर्णय सोच-समझकर लें।

### सिंह
आज पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी और शिक्षा में सफलता मिलेगी. वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा. बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. संपत्ति से लाभ संभव है. धैर्य में कमी रह सकती है.आज मन थोड़ा भावुक रह सकता है। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। परिवार का सहयोग मानसिक शांति देगा। और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा।

### मिथुन
आज अकारण क्रोध और विवाद से बचना जरूरी है. आय बढ़ाने के अवसर मिलेंगे, लेकिन खर्च भी बढ़ सकते हैं. मानसिक शांति रहेगी, फिर भी छोटी-छोटी बातों से चिड़चिड़ापन हो सकता है. शिक्षा में रुकावट आ सकती है. वाहन खर्च बढ़ेगा। क्या न करें- बहस में आकर संबंध खराब न करें।

### कन्या
आज धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार के साथ यात्रा संभव है. जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. मानसिक तनाव रह सकता है. मित्रों से आर्थिक सहयोग मिलेगा.आज आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। आय के नए अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी।

### तुला
आज संयम रखना अनिवार्य है. कार्यक्षेत्र में बदलाव संभव है और मेहनत अधिक करनी पड़ेगी. शिक्षा क्षेत्र में सफलता मिलेगी. खर्च बढ़ सकते हैं. जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा. धार्मिक रुचि बढ़ेगी.आज भावनाओं में बहकर निर्णय लेने से बचें। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें और अनावश्यक खर्च से बचें।

### वृश्चिक
आज मन प्रसन्न रहेगा लेकिन धैर्य की कमी परेशानी दे सकती है. कार्यक्षेत्र में चुनौतियां रहेंगी. जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. शिक्षा में सफलता मिलेगी. परिवार का सहयोग रहेगा.आज साझेदारी और संबंधों में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। नई योजनाओं पर काम शुरू हो सकता है। आत्मविश्वास से किए गए कार्य सफलता दिलाएंगे।

### मकर
आज मन में आशा और निराशा दोनों रहेंगी. आय में वृद्धि होगी. मित्रों से सहयोग मिलेगा. व्यवसाय में जटिलताएं आ सकती हैं. संपत्ति में निवेश संभव है. रिश्तों में मधुरता आएगी.आज घर-परिवार से जुड़े मामलों में व्यस्तता रह सकती है। किसी पुराने विवाद का समाधान मिलने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में धैर्य और संयम बनाए रखना जरूरी रहेगा।

### कुंभ
आज क्रोध बढ़ सकता है. पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. व्यवसाय में बदलाव लाभकारी रहेगा. मेहनत का फल मिलेगा. जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, लेकिन अधिकारियों से मतभेद संभव है.आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों और कला से जुड़े लोगों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा।

### धनु
आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. आय में वृद्धि होगी. नौकरी या स्थान परिवर्तन संभव है. निवेश सोच-समझकर करें. भाइयों से मतभेद हो सकते हैं.आज कामकाज में व्यस्तता अधिक रह सकती है, लेकिन मेहनत का फल मिलेगा। स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान देना आवश्यक है। पुराने कार्य पूरे होने से राहत मिलेगी।

### मीन
आज मन शांत रहेगा लेकिन खर्च बढ़ेंगे. परिवार में सामंजस्य रहेगा. वाहन से जुड़ा खर्च बढ़ सकता है. जीवनसाथी से मतभेद संभव है. पेट संबंधी समस्या हो सकती है.आज नए लोगों से संपर्क लाभदायक रहेगा। छोटी यात्रा या नई जानकारी भविष्य में फायदा दे सकती है। आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से कार्य पूरे होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### डीजे जब्ती की कार्रवाई से नाराज संचालकों का प्रदर्शन

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद में डीजे जब्ती की लगातार कार्रवाई से नाराज़ सैकड़ों डीजे संचालक गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और अनुमंडल पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। संचालकों का आरोप है कि बिना स्पष्ट दिशा-निर्देश और पूर्व सूचना के डीजे जब्त किए जा रहे हैं, जिससे उनका रोजगार संकट में पड़ गया है। डीजे संचालक पप्पू कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से किसी लिखित नियमावली की सार्वजनिक घोषणा किए बिना कार्रवाई की जा रही है। सड़क पर गाड़ी से डीजे ले जाने के दौरान भी चालान काट दिया जाता है और पर्ची थमा दी जाती है। पूछने पर कहा जाता है कि गाड़ी पर डीजे नहीं बांधना है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि डीजे संचालक उपकरण कार्यक्रम स्थल तक नहीं ले जाएंगे, तो काम कैसे करेंगे।

### जिला विधिज्ञ संघ में मनाई गई गणेशी प्रसाद की पुण्यतिथि

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद में गुरुवार को पूर्व स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (पीपी) गणेशी प्रसाद की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता उदय पासवान ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व एवं योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गणेशी प्रसाद एक कुशल विधिज्ञ होने के साथ-साथ न्यायिक मूल्यों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विधि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया और युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बने रहे।

### अलग-अलग मामलों के चार आरोपी गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद) (एसवीवी. सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर टीम गठित चलाये जा रहे समकालीन अभियान में अलग-अलग मामलों में वांछित चार आरोपी गिरफ्तार किए गए है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार नें बताया कि छापेमारी टीम का नेतृत्व एसआई रवि रंजन मंडल नें किया। इस दौरान अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे चार अभियुक्तों को पकड़ कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। बताया कि कांड संख्या 52/17 पोक्सो एक्ट का अभियुक्त रंजीत शर्मा, कांड संख्या 354/25 का अभियुक्त बहादुर विगहा गांव निवासी सन्नी कुमार, कांड संख्या 240/18 का अभियुक्त बिरहारा गांव निवासी विनय ठाकुर को गिरफ्तार कर दाउदनगर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

बांस काटने के दौरान 33 हजार वोल्ट लाइन से हुआ हादसा, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दामाद की हुई मौत, ससुर गंभीर रूप से झुलसा



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

जिले में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई, जबकि उसके ससुर गंभीर रूप से झुलस गए। घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के खरांटी गांव की है। मृतक की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के मस्तूल बारुण गांव निवासी अमित कुमार (38) के रूप में हुई है, जबकि घायल रामाधार ठाकुर का इलाज औरंगाबाद सदर अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित कुमार अपने ससुर रामाधार ठाकुर के साथ घर के काम के लिए बांस काटने गए थे। जिस स्थान पर वे बांस काट रहे थे, उसके समीप से 33 हजार वोल्ट का हाईटेंशन बिजली तार गुजर रहा था। बताया जाता है कि बांस काटने के दौरान हरा बांस अचानक हाईटेंशन तार पर गिर गया। बांस में नमी होने के कारण उसमें तेजी से करंट प्रवाहित हो गया और दोनों ससुर-दामाद उसकी चपेट में आ गए।

घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए दोनों को बिजली की चपेट से अलग किया और परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में दोनों घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार सदर अस्पताल ले जाने के दौरान ही अमित कुमार ने रास्ते में दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, जबकि रामाधार ठाकुर का इलाज जारी है।

मृतक के चचेरे साले नागेंद्र ठाकुर ने बताया कि अमित कुमार की शादी वर्ष 2010 में गीता देवी से हुई थी और उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। अचानक हुई इस घटना से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। उन्होंने बताया कि रामाधार ठाकुर की तीन बेटियां हैं और बेटा नहीं है, इसलिए अमित ही अपने ससुराल की देखभाल करता था। पिछले एक महीने से वह ससुराल में ही रह रहा था और पांच दिन पहले अपने पैतृक घर से लौटकर आया था। चार भाई-बहनों में अमित सबसे छोटा था।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी झड़प, महिला समेत छह लोग घायल



निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)

जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 27 स्थित शीतल बिगहा में गुरुवार को पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद कुछ देर तक इलाके में तनाव का माहौल बना रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पूर्व से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। गुरुवार को इसी विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले, जिससे कई लोग घायल हो गए। एक पक्ष से सत्येंद्र यादव, उनकी बेटी सुषमा कुमारी और भतीजी प्रतिभा कुमारी घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से बद्री नारायण सिंह, अवधेश कुमार और रिंकी कुमारी के घायल होने की जानकारी मिली है।

घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद सभी घायलों को दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल सत्येंद्र यादव ने आरोप लगाया कि जमीनी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के संतोष यादव, भीम यादव और बद्री नारायण यादव उनके घर में घुस आए और लाठी-डंडे तथा धारदार हथियार से हमला कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के घायल अवधेश कुमार का कहना है कि पड़ोसी गुड्डू, आशीष, सत्येंद्र, योगेंद्र यादव और गुड्डू यादव शराब के नशे में उनके घर पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था, उसी को लेकर यह घटना हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# लोक शिकायतों की सुनवाई में सख्त दिखीं डीएम
## लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस समीक्षा में जमाबंदी पंजी में छेड़छाड़, स्वच्छता पर्यवेक्षक की बहाली में अनियमितता, रैयती भूमि पर अवैध कब्जा समेत कई महत्वपूर्ण परिवादों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सुनवाई के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी संबंधित लोक प्राधिकार शिकायतों का नियमानुसार परीक्षण करें और तय समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, ताकि लोगों को त्वरित न्याय और राहत मिल सके।

बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कई परिवादों को गंभीरता से लिया गया। इनमें प्रमुख रूप से जमाबंदी पंजी में छेड़छाड़ से संबंधित शिकायत, स्वच्छता पर्यवेक्षक की बहाली में अनियमितता का मामला तथा रैयती भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग शामिल रही। इसके अलावा निजी रास्ते को अंचल अधिकारी द्वारा बंद किए जाने, नाली निर्माण कार्य अधूरा रहने और वंशावली निर्गत करने से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई।

डीएम अभिलाषा शर्मा ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे परिवादों के निष्पादन में लापरवाही न बरतें और प्रत्येक मामले की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल सुनवाई करना नहीं, बल्कि समस्याओं का प्रभावी समाधान करना है। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि लोक शिकायत निवारण प्रणाली आम जनता और प्रशासन के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निराकरण करते हुए लोगों को राहत दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के अंत में उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों की सूची तैयार कर शीघ्र कार्रवाई करें, ताकि जिला स्तर पर शिकायतों का बोझ कम हो और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी बन सके।

## होली को लेकर सदर एसडीओ ने की शांति समिति की बैठक



**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर औरंगाबाद समाहरणालय स्थित योजना भवन सभाकक्ष में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष होली का पर्व 3 एवं 4 मार्च को मनाया जाएगा और इसे आपसी प्रेम, भाईचारा तथा सामाजिक सद्भाव के साथ मनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान जबरन रंग लगाने, कीचड़, गोबर या पेंट फेंकने, कपड़े फाड़ने अथवा किसी प्रकार के आपत्तिजनक व्यवहार से विवाद उत्पन्न हो सकता है, जिससे विधि-व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे कृत्यों से बचने और जिम्मेदारी के साथ उत्सव मनाने की अपील की गई। बैठक में विशेष रूप से धार्मिक स्थलों, कब्रिस्तानों तथा संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। प्रशासन द्वारा चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सदर एसडीओ ने कहा कि होलिका दहन के दौरान लोकगीत गाते समय अश्लील या आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाए।

एनटीए डीजी ने डीएम के साथ की समीक्षा बैठक

# नीट परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने की तैयारी तेज



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के डायरेक्टर जनरल राजेश लखानी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जवाहर नवोदय विद्यालय बारुण के प्राचार्य समेत संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान एनटीए के डीजी ने बताया कि नीट परीक्षा 2026 का आयोजन मई माह के प्रथम सप्ताह में संभावित है। औरंगाबाद शहर में कुल पांच परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं और परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था की मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, अभ्यर्थियों की प्रवेश से पूर्व सघन जांच, प्रवेश और निकास की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी रखने पर विशेष जोर दिया गया।

डीजी ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में अधिकतम 24 परीक्षार्थियों को बैठाया जाए और उनके बीच निर्धारित दूरी बनाए रखना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पंखे, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# औरंगाबाद शहर को जलजमाव से मिलेगी राहत, विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह की पहल पर विभाग सक्रिय

- विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से मुद्दा उठाया गया था
- खरकनी पंचायत से एनएच-19 अंडरपास के जरिए शहर में आने वाले पानी से होती है समस्या



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बरसात के दौरान जलजमाव की समस्या से जूझ रहे औरंगाबाद शहर के लिए राहत भरी खबर है। स्थानीय विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह की पहल के बाद नगर विकास एवं आवास विभाग ने इस दिशा में ठोस कदम उठाया है। विभाग ने जिलाधिकारी और औरंगाबाद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र जारी कर शीघ्र जल निकासी योजना तैयार करने तथा विस्तृत प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार बिहार विधानसभा के चालू सत्र में विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से शहर में बरसात के दिनों में होने वाले जलजमाव की गंभीर समस्या को उठाया था और इसके स्थायी समाधान की मांग की थी। इसके बाद शहरी विकास एवं आवास विभाग ने मामले को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में स्थित खरकनी पंचायत से सिंचाई के लिए छोड़ा गया अनुपयोग पानी एनएच-19 के अंडरपास के रास्ते शहर में प्रवेश कर जाता है, जिससे कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन जाती है। इस समस्या को देखते हुए विभाग ने जिलाधिकारी को जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्थायी समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही नगर परिषद औरंगाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी को शहरी क्षेत्र से जल निकासी की समुचित योजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि विभागीय स्तर पर समन्वित प्रयास से शहरवासियों को हर साल बरसात में होने वाली जलजमाव की परेशानी से जल्द राहत मिल सकेगी।

## होलिका दहन को लेकर जनप्रतिनिधियों को किया गया जागरूक

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** आगामी होलिका दहन पर्व को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रफीगंज अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड प्रमुख कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर अग्नि सुरक्षा से जुड़े आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने होलिका दहन के समय बरती जाने वाली सावधानियों, संभावित जोखिमों से बचाव के उपायों तथा आपात स्थिति में क्या करना चाहिए, इसकी विस्तार से जानकारी दी। लोगों को सलाह दी गई कि होलिका दहन खुले और सुरक्षित स्थानों पर ही किया जाए तथा बड़े आयोजनों के दौरान अग्निशमन वाहन की गश्ती व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए। साथ ही विभागीय आपातकालीन नंबरों और सुरक्षा निर्देशों की जानकारी भी साझा की गई, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस मौके पर अग्निशमन प्रभारी मुन्ना कुमार, अग्निक अभय कुमार निराला, सौरभ कुमार, अग्निक चालक नीरज कुमार, रामनाथ कुमार, प्रखंड प्रमुख गीता सिंह, सुनैना देवी, अंजू देवी, मुकेश कुमार, महेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, दीपक कुमार, रामचंद्र प्रसाद, लक्ष्मी साव, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अंतर्राज्यीय परिभ्रमण में किसानों ने सीखी आधुनिक खेती की तकनीक



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

कृषि विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा 26 एवं 27 फरवरी को अंतर्राज्यीय किसान परिभ्रमण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अंतर्गत संचालित बरही (हजारीबाग, झारखंड) स्थित संस्थान में आयोजित हुआ, जिसमें औरंगाबाद जिले के 48 किसानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। परिभ्रमण दल का नेतृत्व बारूण के बीटीएम आशुतोष कुमार एवं औरंगाबाद के एटीएम अभिषेक कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं उपयोग, विभिन्न प्रकार के शेडनेट एवं पॉलीनेट संरचनाओं की जानकारी, ड्रैगन फ्रूट की उन्नत खेती तकनीक, पौधशाला (नर्सरी) प्रबंधन, मशरूम उत्पादन तकनीक तथा इसके विपणन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां दी गईं। विशेषज्ञों ने प्रदर्शन के माध्यम से आधुनिक कृषि पद्धतियों को समझाते हुए किसानों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों ने जल संरक्षण, जैविक खेती और कम लागत में अधिक उत्पादन हासिल करने के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। किसानों को उन्नत कृषि मॉडल और प्रायोगिक इकाइयों का अवलोकन कराया गया, जिससे वे नई तकनीकों को समझ सकें और अपने खेतों में लागू कर सकें।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर एवं लाभकारी खेती की दिशा में प्रेरित करना रहा। परिभ्रमण में शामिल किसानों ने नई कृषि तकनीकों को अपने क्षेत्र में अपनाने के प्रति उत्साह जताया और इस पहल के लिए कृषि विभाग तथा आत्मा औरंगाबाद के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को लेकर किसानों में सकारात्मक उत्साह देखने को मिला।

## 19 मार्च से दो दिवसीय गजना महोत्सव

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड स्थित शक्ति पीठ गजना धाम परिसर में चैत्र रामनवमी के अवसर पर 19 मार्च से 2 दिवसीय गजना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 19 मार्च को चैत्र रामनवमी के दिन कलश स्थापना के साथ होगा, जबकि समापन 20 मार्च को किया जाएगा। यह आयोजन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की देखरेख में संपन्न होगा।

एनएलआर इंडिया फाउंडेशन की बैठक

## दिव्यांग बच्चों को दी गई सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी



विशेष संवाददाता | औरंगाबाद

गुरुवार को सदर प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र बेला में गुरुवार को एनएलआर इंडिया फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा आवश्यक प्रमाण पत्र बनवाने के प्रति जागरूक करना था। बैठक के दौरान राज्य समन्वयक अक्षय कुमार प्रजापति ने उपस्थित अभिभावकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र जल्द से जल्द बनवाना आवश्यक है, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के अंत में एनएलआर इंडिया फाउंडेशन की ओर से बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इसमें पेंसिल किट, बॉक्स, कलर सेट सहित अन्य अध्ययन सामग्री और पेन शामिल थे। इस मौके पर डीआईडी कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार ने अभिभावकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संस्था की मदद से दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया को आसान बनाया जा सकता है। बैठक में कुल 14 लोगों ने भाग लिया, जिनमें 8 दिव्यांग बच्चे शामिल थे।

